हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



## स्नान के लिए आए श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से फूलों की बारिश

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज में संगम तट पर मौनी अमावस्या के मौके पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। स्नान के लिए आए श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से फूलों की पंखुड़ियां बरसाई गईं। मेला प्रशासन के अनुसार शाम चार बजे तक तीन करोड़ 82 लाख से अधिक श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके थे। रात 12 बजे के बाद से स्नान शुरू हो गया था। संगम के सभी घाटों पर श्रद्धालुओं को स्नान करने की व्यवस्था की गई थी। गृह सचिव मोहित गुप्ता मेले की निगरानी की। स्नान करने वालों का आकड़ा पांच करोड़ के पार होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मौनी अमावस्या के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए नई ऊर्जा, उत्साह और संकल्प की कामना की। मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालु आधी रात से ही घने कोहरे के बावजूद गंगा और संगम घाटों पर आने लगे थे, और सुबह के शुरुआती ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मौनी अमावस्या पर प्रयागराज के संगम तट पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# करीब 4 करोड़ लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी



प्रयागराज में श्रद्धालु स्नान करते हुए

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से पैदल जाने को कहा था

## भीड़ ज्यादा थी, शंकराचार्य पालकी से जाने पर अड़े थे बाद में कैंप में धरने पर बैठे



### पुलिस ने कई शिष्यों को हिरासत में लिया

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज माघ मेले में रविवार को मौनी अमावस्या के स्नान के लिए आए शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की पालकी पुलिस ने रोक दी। पुलिस ने उनसे पैदल संगम जाने को कहा। शंकराचार्य के शिष्य नहीं माने और पालकी लेकर आगे बढ़ने लगे। इस पर शिष्यों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। पुलिस ने कई शिष्यों को हिरासत में ले लिया। आरोप है कि पुलिस ने एक साधु को चौकी में पीटा। इससे शंकराचार्य ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### जीडीपी दर 7 फीसदी रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** अनिश्चितताओं के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी चमक बिखेर रही है। रेटिंग एजेंसी केयरएज की रिपोर्ट के



अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की जीडीपी 7% की शानदार दर से बढ़ सकती है। केयरएज रेटिंग्स के चीफ रेटिंग ऑफिसर, सचिन गुप्ता ने बताया, भारत की घरेलू बुनियाद काफी मजबूत है। बैंकिंग सेक्टर पिछले एक दशक में अपने सबसे शानदार दौर में है। भले ही देश की ग्रोथ रेट के अनुमान अच्छे हों पर रिपोर्ट में चुनौतियों की भी बात कही है। भारतीय रुपया सिर्फ डॉलर के मुकाबले ही नहीं, बल्कि पाउंड और यूरो के मुकाबले भी 15% तक लुढ़क चुका है। इससे इंपोर्ट महंगा होने का खतरा है।

### किश्तवाड़ में 3 आतंकियों को सुरक्षाबलों ने घेरा

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले भारतीय सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच एनकाउंटर शुरू हो गया है। जिले के सुदूर वन



क्षेत्र सिंहपुर में भारतीय सेना के सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू की थी।जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। सेना के अधिकारियों ने बताया कि दोपहर को चतरू क्षेत्र के मन्द्रल-सिंघूरा के पास सोननार गांव में घेराबंदी और तलाश अभियान के दौरान गोलीबारी शुरू हुई। इलाके में अतिरिक्त बलों को भेजा गया है। सुरक्षा सूत्रों का कहना है कि इलाके में 2 से 3 आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। बताया गया कि ये आतंकी जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हो सकते हैं।

### कोलकाता के हुगली जिले के सिंगूर में कार्यक्रम में बोले पीएम मोदी

# बंगाल बदलाव के लिए तैयार, कम समय में जो काम हो गए 100 साल में नहीं हुए

हुगली जिले के सिंगूर में एक सरकारी कार्यक्रम में पीएम मोदी ने हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने उन्होंने सिंगूर रैली में कहा कि बीते 24 घंटे पश्चिम बंगाल और देश के लिए ऐतिहासिक रहे हैं।

## विकसित भारत के लिए पूर्वोत्तर के विकास को बताया जरूरी



एजेंसी ▶▶ सिंगूर

प्रधानमंत्री मोदी रविवार को असम दौरे के बाद पश्चिम बंगाल पहुंचे। कोलकाता आगमन के साथ ही उन्होंने हुगली जिले के सिंगूर में एक सरकारी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके बाद उन्होंने सिंगूर में रैली को संबोधित किया। उन्होंने सिंगूर रैली में कहा कि बीते 24 घंटे पश्चिम बंगाल और देश के लिए ऐतिहासिक रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इतने कम समय में जितना विकास कार्य हुआ है, शायद पिछले 100 साल में भी नहीं हुआ होगा। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूर्वी भारत का विकास सबसे जरूरी है और केंद्र सरकार इसी दिशा में लगातार काम कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल अब जंगलराज को बदलने के लिए तैयार है। हमारी सरकार घुसपैठिओं पर कड़ी कार्रवाई करेगी। ये गरीबों का हक खा रहे हैं। यही घुसपैठिए टीएमसी के पक्के वोटर हैं। इसीलिए ये घुसपैठियों को बचा रहे हैं, उन्हें सुरक्षा दे रहे हैं।

**ममता सरकार पर किया बड़ा हमला**

भाजपा की सरकार देश के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध



काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखने के दौरान प्रधानमंत्री मॉडल को देख रहे हैं

### गंगा जलमार्ग से बढ़ेगा कार्गो मूवमेंट

प्रधानमंत्री ने कहा कि गंगा जी पर बने जलमार्ग के जरिए कार्गो मूवमेंट और तेज होगा। इससे उद्योगों को सस्ती और आसान परिवहन सुविधा मिलेगी। पीएम ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर का यह विस्तार बंगाल को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगा।

### मालदा से हुगली तक विकास का संदेश दिया

पीएम मोदी ने कहा कि वे मालदा में थे और आज हुगली के सिंगूर में जनता के बीच आने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि केंद्र का संकल्प है कि पूर्वी भारत को विकास का इंजन बनाया जाए। 2 दिन इसी संकल्प को मजबूत करते हैं। पीएम ने कहा कि बंगाल के विकास के लिए केंद्र पूरी ताकत से काम कर रही है। पीएम मोदी ने बालागढ़ में बनने वाले एक्सटेंडेड पोर्ट गेट सिस्टम का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना हुगली और आसपास के इलाकों के लिए नए अवसरों का द्वार खोलेगी।

### पूर्वी भारत बनेगा विकसित भारत की नींव

पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि पूर्वी भारत को विकास की मुख्यधारा में सबसे आगे लाया जाए। उन्होंने दावा किया कि बीते 24 घंटे में लिए गए फैसले आने वाले वर्षों में बंगाल और पूरे पूर्वी भारत की तस्वीर बदल देंगे।

### सभी टीएमसी के महा जंगलराज को बदलना चाह रहे

पीएण मोदी ने राज्य की टीएमसी सरकार पर भ्रष्टाचार और घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। पीएम मोदी ने जनता से टीएमसी को सबक सिखाने का आह्वान किया। पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी बंगाल के नौजवानों और किसानों के साथ खेल रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भाजपा की सरकार बनने पर प्लास्टिक से जुड़े ठोस नियम बनाए जाएंगे, ताकि जूट उद्योग को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने कहा कि सिंगुर का ये जनसैलाब, उत्साह और जोश बता रहा ह हर कोई 15 वर्ष के महा-जंगलराज को बदलना चाहता है।

### पीएम मोदी ने कांग्रेस पर बोला हमला

# असम की धरती घुसपैठियों को सियासी फायदे के लिए छोड़ी थी

## काजीरंगा कॉरिडोर का भूमि पूजन किया

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरोप लगाए हैं कि कांग्रेस ने अपने सियासी फायदे के लिए असम में अस्थिरता पैदा की और



राज्य को हिंसा की आग में धकेला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ सरकारें बनाने और कुछ वोट पाने के लिए असम की धरती को घुसपैठियों को सौंप दिया था। पीएम मोदी ने रविवार को असम में काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर प्रोजेक्ट का भूमि पूजन किया। उन्होंने दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने सियासी फायदे के लिए असम में अस्थिरता पैदा की और असम ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कांग्रेस ने राज्य को नकारा, भाजपा ने बजट बढ़ाया

पीएम मोदी ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट की सबसे बड़ी पीड़ा हमेशा दूरी की रही है। दूरी दिलों की और दूरी स्थानों की रही। दशकों तक यहां के लोगों को ये महसूस होता रहा कि देश का विकास दूसरी जगह हो रहा है और वे पीछे छूट रहे हैं। इसका असर सिर्फ अर्थव्यवस्था पर नहीं पड़ा, बल्कि भरोसे पर भी पड़ा। इस भावना को बदलने का काम भाजपा ने किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने नॉर्थ ईस्ट के विकास को ▶▶ शेष पेज 5 पर

## कांग्रेस के पास विकास का कोई एजेंडा नहीं

पीएम मोदी ने रविवार को असम के नगांव जिले में 6,957 करोड़ की काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना की आधारशिला रखी और 2 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाई। काजीरंगा परियोजना के 'भूमि पूजन' में हिस्सा लिया। पीएम मोदी ने काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर के एक मॉडल का भी निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री ने दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों डिब्रूगढ़-गोमती नगर (लखनऊ) और कामाख्या-रोहतक को भी डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाई।

### राइनो के शिकार पर कहा

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में काजीरंगा में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। होम स्टे, गाइड सेवाएं, परिवहन, हस्त शिल्प और छोटे व्यवसायों के माध्यम से स्थानीय युवाओं को आय के नए साधन मिले हैं। 2013-14 में एक सींग वाले दर्जनों राइनो मारे गए। हमने सुरक्षा व्यवस्था को नए सिरे से मजबूत किया।

**जिस मुंबई में पैदा हुई कांग्रेस, वहां 5वें नंबर पर रही :** पीएम मोदी ने बीएमसी चुनाव में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन पर कहा कि पार्टी अपने जन्मस्थान मुंबई में 'चौथे या पांचवें' स्थान पर रही। कांग्रेस का जन्म 1885 में मुंबई में हुआ था, लेकिन फिर भी वह अपनी नकारात्मक राजनीति के कारण पहले स्थान पर नहीं आ पाई।

### हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से की मुलाकात

# कहा, बिजली प्रणाली को सुधारना हमारी प्राथमिकता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल से भेंट की। इस अवसर पर दोनों मंत्रियों के मध्य हरियाणा राज्य में ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित वर्तमान स्थिति, विद्युत उत्पादन एवं वितरण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने, निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली



आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

इसके अतिरिक्त, बैठक के दौरान दोनों नेताओं के बीच केंद्र एवं राज्य सरकारें आपसी सहयोग एवं समन्वय के माध्यम से विकास योजनाओं को और अधिक गति देने पर भी विचार विमर्श हुआ, जिससे प्रदेश की प्रगति को नया आयाम मिलेगा और आमजन को इसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक एवं रचनात्मक संवाद भी हुआ।

विज ने रविवार को दिल्ली में मीडिया कर्मियों के सवालों के जवाब देते हुए कहा कि आने वाला बजट लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेगा क्योंकि बहुत ही मजबूत ▶▶ शेष पेज 5 पर

# जांच में हुए कई नए खुलासे, उमर नबी ने रची थी पूरी साजिश बना रहा था आत्मघाती युवक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में लाल किले के पास 10 नवंबर 2025 को एक आतंकी हमला हुआ था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) इस मामले की जांच कर रही है। जांच में सामने आया है कि इस साजिश का मास्टरमाइंड डॉ. उमर उन नबी एक दूसरे आत्मघाती हमलावर



की भर्ती करने की कोशिश कर रहा था।

हालांकि वह इसमें सफल नहीं हो सका, क्योंकि संबंधित व्यक्ति ने सेब की पैदावार के मौसम में अपने परिवार की मदद करने की जरूरत का हवाला देते हुए इस आतंकी साजिश से पीछे हटने का फैसला कर लिया। श्रीनगर पुलिस और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने उमर नबी द्वारा संचालित ▶▶ शेष पेज 5 पर

**फ्लाइट की लखनऊ में करानी पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग**

### इंडिगो फ्लाइट में मौत के मुंह से बचे 238 यात्री

# फ्लाइट में बम है- टॉयलेट में टिश्यू पेपर पर आतंकी मैसेज?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट की लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर रविवार सुबह इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। फ्लाइट 6ई-6650 दिल्ली से बागडोगरा (पश्चिम बंगाल) जा रही थी। विमान में 238 यात्री सवार। बताया जा रहा है कि विमान के टॉयलेट में टिश्यू पेपर पर फ्लाइट में बम है हाथ से लिखा मैसेज मिला। अभी तक जांच में कोई बम या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है, लेकिन



सुरक्षा एजेंसियां गहन तलाशी ले रही हैं। फ्लाइट दिल्ली से उड़ान भर चुकी थी और बीच रास्ते में थी। विमान को आइसोलेशन बे (अलग क्षेत्र) में खड़ा किया गया। सीआईएसएफ, बम निरोधक दस्ता और अन्य सुरक्षा टीमों ने विमान को घेर लिया। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, उनकी जांच की गई और सामान की तलाशी ली गई। एसीपी रजनीश वर्मा (लखनऊ पुलिस) ने कन्फर्म किया कि धमकी फ्लाइट के टॉयलेट में एक टिश्यू पेपर (टिश्यू नैपकिन) पर हाथ से लिखे नोट के रूप में मिली। एक यात्री ने इसे देखा और क्रू मेंबर को सूचित किया, जिसके बाद पायलट ने एक्शन लिया। फिलहाल सबूत होक्स की ओर इशारा कर रहे हैं - टिश्यू पेपर पर लिखा मैसेज आमतौर पर प्रैंक या गलतफहमी का मामला होता है।

### भारत का आध्यात्मिक ज्ञान दुनिया के किसी कोने में उपलब्ध नहीं

# संघ प्रमुख डॉ. भागवत बोले: जब तक धर्म भारत का मार्गदर्शन करता रहेगा, वह विश्व का गुरु बना रहेगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि जब तक धर्म भारत का मार्गदर्शन करता रहेगा, देश विश्वगुरु बना रहेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत के पास जो आध्यात्मिक ज्ञान है, वह दुनिया में कहीं और उपलब्ध नहीं है, क्योंकि अन्य जगहों पर आध्यात्मिकता की कमी है।

एक कार्यक्रम में डॉ.भागवत ने कहा कि धर्म पूरे ब्रह्मांड का चालक है और सृष्टि का हर काम इसी सिद्धांत पर चलता है। उन्होंने कहा कि भारत को अपने पूर्वजों, संतों ▶▶ शेष पेज 5 पर

**खास बातें**

- सृष्टि का हर काम इसी सिद्धांत पर चल रहा
- ऋषियों से देश को मिली एक समृद्ध विरासत



कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. भागवत

### धर्म को बताया असली चालक

उन्होंने कहा कि धर्म पूरे ब्रह्मांड का चालक है। जब सृष्टि अस्तित्व में आई, तो उसके कामकाज को नियंत्रित करने वाले नियम धर्म बन गए। सब कुछ उसी सिद्धांत पर चलता है। धर्म सिर्फ धर्म तक सीमित नहीं है। प्रकृति में हर चीज का अपना अंतर्निहित कर्तव्य और अनुशासन होता है। पानी का धर्म बहना है, आग का धर्म जलना है। इसी तरह बेटे का कर्तव्य है, शासक का ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मन से जाति मिटाओ, 10-12 साल में खुद खत्म हो जाएगा जातिवाद

डॉ. भागवत ने समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर जातिगत भेदभाव को खत्म करना है तो सबसे पहले जाति को मन से मिटाना होगा। यह संबोधन आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित एक जन संगोष्ठी के दौरान दिया गया। डॉ.भागवत ने जनता के साथ सीधा संवाद किया। मंच पर उनके साथ प्रांत संघचालक अनिल भालेराव भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि पहले जाति का संबंध पेशे और काम से था, लेकिन बाद में इसने ▶▶ शेष पेज 5 पर

## दिल्ली और पंजाब से 16 चोरी की गाड़ियां बरामद

# पैन इंडिया लग्जरी वाहन चोर गिरोह में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पूरे भारत में वाहन चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल द्वारा किया गया है। इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया और 16 लग्जरी चोरी की गाड़ियां बरामद हुई है। पकड़े गये लोगों के नाम दमनदीप सिंह उर्फ लकी, अमनदीप और अरविंद शर्मा बताये गये हैं। बरामद गाड़ियों में फॉर्च्यूनर, क्रेटा, वैन्यू, थार और सेल्टोस शामिल हैं।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार 5 अगस्त 2025 को मौर्या एंक्लेव थाना एरिया से क्रेटा कार चोरी का मामला दर्ज किया गया था। एपी ब्लॉक, पीतमपुरा से कार चोरी हुई थी। शुरू में जांच स्थानीय पुलिस द्वारा की गई थी। 5 सितंबर 2025 को आगे की जांच इंटर स्टेट सेल, क्राइम ब्रांच, चाणक्यपुरी को ट्रांसफर की गई थी। 24 दिसंबर को एएसआई प्रवीण सिंह को सूचना मिली कि कार जालंधर में दमनदीप सिंह उर्फ लकी (42) के पास है। रेड कर उसे दबोचा गया। वह सेकेंड हैंड कारों की खरीद-बिक्री के धंधे की आड़ में चोरी की गाड़ियां खरीदता था। परिसर की तलाशी के दौरान चार सेल्टोस कारें बरामद की गई। सभी दिल्ली से चोरी हुई थी। जांच से पता चला है कि आरोपी अपने साथियों के साथ एक संगठित अंतरराज्यीय वाहन चोरी और धोखाधड़ी सिंडिकेट चलाता है। यह सिंडिकेट चोरी के साथ-साथ लोन डिफॉल्ट वाहनों को खरीदने, चेसिस नंबरों से छेड़छाड़ करने, टोटल-लॉस वाहनों के चेसिस नंबरों का दुरुपयोग करने और जाली बिक्री पत्रों और मनगढ़ंत बैंक एनओसी के आधार पर धोखाधड़ी वाले रजिस्ट्रेशन प्राप्त करने में शामिल है। इन अवैध रूप से रजिस्टर्ड वाहनों को बाद में अनजान खरीदारों को बेच दिया जाता था, जिससे आम जनता और वित्तीय संस्थानों को गलत नुकसान होता था। पूछताछ के दौरान दमनदीप ने खुलासा किया कि उसने दिल्ली के पीतमपुरा के रहने वाले अमनदीप के जरिए दिल्ली में नकली रजिस्ट्रेशन नंबर वाली कई चोरी की गाड़ियां बेचीं। जांच के दौरान कई चोरी के वाहन बरामद किए गए। इनमें से दो फॉर्च्यूनर जो दिल्ली में ग्राहकों को बेची गई थी, उनका पता लगाया गया। सत्यापन से पता चला कि चेसिस नंबरों से छेड़छाड़ की गई थी और वाहन जाली और मनगढ़ंत दस्तावेजों के आधार पर रजिस्टर्ड थे। अमनदीप सिंह को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि उसने कई लोगों को दमनदीप सिंह और उसके साथियों से मिलवाया और धोखाधड़ी से रजिस्टर्ड चोरी के वाहनों की खरीद में मदद की। उसने दमनदीप और अन्य साथियों के निर्देश पर चोरी के वाहनों को दिल्ली से जालंधर ले जाने में भी मदद की। उसकी निशानदेही पर अब तक चार चोरी की फॉर्च्यूनर गाड़ियां बरामद की गई हैं। अब तक कुल 16 वाहन बरामद हो चुके हैं और कुछ और के बरामद होने की संभावना है।

# अंतर्राष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का किया भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ पांच करोड़ रुपये की ड्रग्स बरामद

क्राइम ब्रांच ने नाइजीरियाई नागरिकों द्वारा चलाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इनके पास से पांच करोड़ रुपये की कोकीन और एमडीएमए ड्रग्स भारी मात्रा में बरामद की गई। इसमें 418 ग्राम कोकीन और 925 टैबलेट एमडीएमए शामिल है। इस सिलसिले में दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से अब तक दो नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है।

क्राइम ब्रांच की वेस्टर्न रेंज 2 टीम दिल्ली में सक्रिय ड्रग डीलिंग नेटवर्क पर कड़ी नजर रख रही थी। हेड कांस्टेबल संदीप कादियान को गुप्त सूचना मिली थी कि एक नाइजीरियाई नागरिक फ्रैंक, जो पहले इसी प्रकार के मामलों में शामिल था, फिर से दक्षिण दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में प्रतिबंधित ड्रग्स की सप्लाई कर रहा है। एक टीम गठित की गई। उपरोक्त टीम ने संदिग्ध पर तकनीकी और मैनुअल निगरानी शुरू की, जो लगातार दक्षिण, दक्षिण पश्चिम दिल्ली के हिस्सों में अपनी जगह बदल रहा था। अथक प्रयासों के बाद टीम ने आरोपी का पता लगाया और उसे दबोच लिया। फ्रैंक विक्टस को 418 ग्राम कोकीन और 910 टैबलेट एमडीएमए की बरामदगी के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद ड्रग्स के सोर्स को पकड़ने पर ध्यान दिया गया, जो व्हाट्सएप कम्युनिकेशन के लिए एक नाइजीरियाई नंबर का इस्तेमाल कर रहा था। गिरफ्तार आरोपी के खुलासे, उनके फोन के एनालिसिस और पूरी टेक्निकल जांच के आधार पर टीम ने दूसरे आरोपी संडे ओटू को गिरफ्तार किया। महरौली इलाके में उसके किराए के कमरे से एक्स्टसी की 15 गोलियां बरामद की गई। आरोपी दो सालों से सागरपुर में रह रहा था और फ्रैंक विक्टस को ड्रग्स सप्लाई करता था। उसने खुलासा किया कि सिंडिकेट का सरगना नाइजीरिया में रहता है और उसे दिल्ली में रहने वाली एक अफ्रीकी लड़की के माध्यम से डिलीवरी मिलती है।

## लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा वांछित शूटर दबोचा

■ राजस्थान पुलिस के सहयोग से पकड़ा गया

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की एजीएस टीम ने राजस्थान पुलिस के साथ संयुक्त ऑपरेशन में लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े वांछित शूटर को गिरफ्तार किया है। शूटर का नाम प्रदीप शर्मा उर्फ गोलू (23) निवासी आगरा, उत्तर प्रदेश है। इसके खिलाफ राजस्थान के जिला गंगा नगर में राय सिंह नगर थाने में केस दर्ज था। पुलिस के अनुसार मार्च 2025 में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्यों ने जवाहर नगर, गंगा नगर, राजस्थान में रहने वाले एक व्यापारी से चार करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। शिकायतकर्ता के रंगदारी देने से इनकार करने पर शूटर प्रदीप को उसके घर पर गोली चलाने का काम सौंपा गया था। मई 2025 में प्रदीप ने अपने साथियों के साथ मिलकर उक्त व्यापारी पर गोली चलाई थी। मामले में आरोपी प्रदीप गोलू और उसके साथियों को गिरफ्तार किया गया था। जमानत पर रिहा होने के बाद प्रदीप ने अपनी आपराधिक गतिविधियां जारी रखीं। 16 जनवरी को राजस्थान पुलिस के साथ तालमेल बिठाकर उत्तम नगर में एक छापा मारा गया, जहां प्रदीप शर्मा पकड़ा गया।

**खबर संक्षेप**

### मारपीट और पॉक्सो के मामलों में वांछित दो फरार भाई गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शिव विहार से फरार दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। इन्हें मारपीट और आपराधिक धमकी के मामले में भगोड़ा घोषित किया गया था। आरोपियों की पहचान मोनू तोमर (35) और उसके छोटे भाई सोहन (30) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि शारीरिक हमले, अवैध रूप से बंधक बनाने और आपराधिक धमकी से संबंधित धाराओं के तहत करावल नगर थाने में दर्ज एक मामले में दोनों वांछित थे। 16 जनवरी को एक अदालत ने दोनों को भगोड़ा घोषित कर दिया था। 17 जनवरी को शिव विहार इलाके में दोनों भाइयों की मौजूदगी के बारे में पुलिस को सूचना मिली थी। एक टीम ने जाल बिछाकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। मोनू पर पहले भी आपराधिक धमकी, मारपीट, हथियार का इस्तेमाल और महिलाओं के खिलाफ अपराध सहित कई मामले दर्ज किए जा चुके हैं। पुलिस ने बताया कि सोहन भी कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा है, जिनमें पीछा करना, मारपीट, आपराधिक धमकी और करावल नगर तथा हजरत निजामुद्दीन थानों में पॉक्सो अधिनियम के तहत दर्ज मामले शामिल हैं।

### शादी समारोह में गया था परिवार, चोरों ने घर में लगाई सेंध

**नई दिल्ली।** पंजाबी बाग थाने के मादीपुर चौकी एरिया में चोरों ने एक घर में सेंध लगाकर गहनें व कैश चोरी कर लिया। वारदात के वक्त परिवार शादी समारोह में गया था। पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर लिया है और आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार शनिवार को चोरी के संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली। कॉल मिलने पर इमरजेंसी ऑफिसर स्टाफ के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे, जहां शिकायतकर्ता शैलेंद्र कुमार मिले। पूछताछ के दौरान शिकायतकर्ता ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ 16 जनवरी को रात लगभग 8 बजे एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए अजमेरी गेट गए थे। अगली सुबह लगभग 8:30 बजे वापस लौटे। घर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि उनके घर में चोरी हो गई थी। उन्होंने आगे बताया कि घर से कई सोने के गहनें और कुछ कैश चोरी हुआ है। क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। क्राइम टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और तस्वीरें लीं। आसपास के इलाके में लगे कैमरों की जांच की जा रही है।

## गणतंत्र दिवस समारोह की मजबूत सुरक्षा तैयारिंयों में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



कर्तव्य पथ पर 77वां गणतंत्र दिवस मनाने की तैयारी जोरों से चल रही है। इस कड़ी में नई दिल्ली जिला पुलिस सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। समारोह के लिए, बाड़ों के नाम बदलकर भारतीय नदियों के नाम पर किये गए हैं। इसके अलावा, मेहमानों की बेहतर सुविधा के लिए सुरक्षा व्यवस्था में भी कई बदलाव किए गए हैं।

डीसीपी देवेश कुमार महला के अनुसार दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों वाली बहु-स्तरीय घेराबंदी तैनात की गई है। पूरे इलाके पर एडवांस्ड फेशियल रिकग्निशन सिस्टम (एफआरएस) तकनीक से जुड़े सीसीटीवी कैमरों के व्यापक नेटवर्क के जरिए लगातार नजर रखी जा रही है। हवाई क्षेत्र और आसपास के इलाकों पर नजर रखने के लिए ऊंची इमारतों पर विशेष एंटी-ड्रोन यूनिट और स्नाइपर टीमों को तैनात किया गया है। किसी भी संभावित जोखिम को खत्म करने के लिए पूरे जिले में होटलों, गेस्ट हाउस, किरायेदारों और नौकरों का कड़ाई से सत्यापन किया जा रहा है। डीएमआरसी के सहयोग से सभी मेट्रो स्टेशनों पर प्रवेश व निकास द्वार, बाड़ों तक पहुंचने का मार्ग, प्रतिबंधित वस्तुओं की सूची और अन्य महत्वपूर्ण निर्देशों के बारे में नियमित घोषणाएं की जा रही हैं। ब्यास, ब्रह्मपुत्र, चंबल, चिनाब, गंडक, गंगा, घाघरा, गोदावरी, सिंधु और झेलम बाड़ों के लिए आने वाले आमंत्रितों को उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन पर उतरने की सलाह दी जाती है। इसी तरह, कावेरी, कोसी, कृष्णा, महानदी, नर्मदा, पेन्नार, पेरियार, रावी, सोन, सतलुज, तीस्ता, वैगई और यमुना के लिए आने वाले आमंत्रितों को सेंट्रल सेक्रेटेरिएट पर उतरने की सलाह दी गई है।

# पंजाब पुलिस के पास विवादित बयान की जांच का कोई अधिकार नहीं : बांसुरी

■ विवादित बयान की जांच का कानूनी अधिकार सिर्फ दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष के पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में दिए गये अगर किसी भी बयान की जांच हो सकती है तो वह सिर्फ विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता का कानूनी अधिकार है लेकिन अफ़रा तफ़री में आतिशी को बचाने के लिए पंजाब पुलिस का दुरुपयोग कर इसकी जाँच के आदेश दे दिए गए जो पंजाब पुलिस के अधिकार क्षेत्र में ही नहीं आता। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी मार्लेना द्वारा विधानसभा में गुरुओं के लिए दिए विवादित बयान पर नई दिल्ली भाजपा से सांसद बांसुरी स्वराज ने रविवार को एक प्रेसवार्ता के माध्यम से यह बात कही। बांसुरी स्वराज ने कहा कि धारा 194 जो विधानसभा अध्यक्ष को यह अधिकार देता है कि वह किसी भी विधानसभा के सदस्य के बयान की जांच करा सकते हैं और जब फॉरेंसिक रिपोर्ट आई तो उसमें भी यह पाया गया कि जिस वीडियो को लेकर आपत्ति जताई गई है, उस वीडियो के साथ किसी भी प्रकार का छेड़ छाड़ नहीं किया गया है। आतिशी ने विधानसभा के पटल पर गुरुओं का अपमान किया है।

बांसुरी स्वराज ने आतिशी मार्लेना से सवाल करते हुए कहा कि आखिर वह कहां है ? गोवा में भी जब उनके पदाधिकारी ऐलान किए गए तो वह गायब थीं, पंजाब में भी नहीं है और दिल्ली में उनके विधानसभा के लोग कई महीनों से खोज रहे हैं।



### आतिशी को आकर तुरंत माफी मांगनी चाहिए

सांसद बांसुरी ने कहा कि जलंधर केस का सच यह है कि केस सिर्फ सोशल मीडिया मेटा के खिलाफ दर्ज किया गया है। इसमें कपिल मिश्रा और किसी अन्य व्यक्ति को पार्टी नहीं बनाया गया है। इसलिए जो रिपोर्ट विजेन्द्र गुप्ता ने प्रस्तुत की वह साफ बताती है कि वीडियो से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं की गई है इसलिए आतिशी मार्लेना को तुरंत माफी मांगनी चाहिए।

## आतिशी के साथ केजरीवाल व मान भी सिख गुरू साहिबान के अपमान के दोषी : चांदोलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ एफआईआर दर्ज कर एक ही दिन में उसकी जांच रिपोर्ट कैसे दे दी

दिल्ली विधानसभा में हुई घटना पर अगर आम आदमी पार्टी नेतृत्व को आपत्ति थी तो उसकी एफआईआर दिल्ली में क्यों नहीं दर्ज की। अब अरविंद केजरीवाल एवं पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान भी सिख गुरु साहिबान के अपमान के उनके ही दोषी हैं जितनी दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी मार्लेना। दिल्ली भाजपा के महामंत्री एवं सांसद योगेन्द्र चांदोलिया ने प्रदेश प्रवक्ता के साथ रविवार को एक प्रेसवार्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए आप नेतृत्व पर निशाना साधते हुए यह सवाल किया। सांसद योगेंद्र चांदोलिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी नेतृत्व बताये कि दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी मार्लेना को उसने कहां छुपा रखा है। उन्होंने कहा कि आप नेता लगातार कह रहे हैं कि आतिशी मार्लेना ने सिखों के गुरु साहिबान के प्रति बेअदबी नहीं की पर वह बताएं कि यदि ऐसा नहीं है तो आप नेताओं ने आतिशी मार्लेना को 6 जनवरी की शाम से दिल्ली वालों से और मीडिया से दूर क्यों रखा है।

सांसद योगेन्द्र चांदोलिया ने कहा है कि 7 जनवरी को विधानसभा में आप विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता से मंत्री कपिल मिश्रा द्वारा एक्स पर पोस्ट किए वीडियो पर आपत्ति करते हुए उसकी जांच कराने की मांग की पर कुछ ही घंटे में आप नेतृत्व ने विधायकों की बात से मुकरते पंजाब में एफआईआर दर्ज कर एक ही दिन में उसकी जांच रिपोर्ट कैसे दे दी।

# नशे में हुई लड़ाई के दौरान रिक्शा चालक की पीटकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पूर्वी दिल्ली के गीता कालोनी थाना एरिया में नशे की हालत में हुए झगड़े के दौरान 36 साल के एक रिक्शा चालक को दूसरे व्यक्ति ने पीटकर मार डाला। पुलिस ने रविवार को जानकारी देते हुये बताया कि यह घटना शनिवार रात करीब नौ बजे गीता कॉलोनी में हुई। मृतक का नाम दनुआ उर्फ लालबती था और वह मटका बनाने का भी काम करता था।

पुलिस के मुताबिक शनिवार रात लगभग 21:49 बजे एसकेवी नंबर 1 स्कूल की बाउंड्री वॉल के पास, आईडीएफसी बैंक के सामने, महिला कॉलोनी, गांधी नगर में एक आदमी के खून से लथपथ पड़ा होने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि पीड़ित बेहोश पड़ा था और उसके सिर पर गंभीर चोटें थीं। उसे पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के रहने वाले दनुआ उर्फ लालबती के रूप में हुई। वह मटका बनाने का काम करता था और इलाके में रिक्शा भी चलाता था। मौके पर पहुंची क्राइम टीम ने सबूत इकट्ठा किए और शव को पोस्टमार्टम के लिए गुरु तेगबहादुर अस्पताल ले जाया गया। जांच के दौरान 62 साल का ढाबा मालिक सामने आया और उसने पुलिस को बताया कि पीड़ित और बंटी नाम का एक और रिक्शा चालक शनिवार शाम को उसके ढाबे पर आए थे। दोनों ने वहां शराब पी थी। ढाबा मालिक ने पुलिस को बताया कि इसके तुरंत बाद दोनों के बीच बहस शुरू हो गई और वे एक-दूसरे को गालियां देने लगे। उसने बताया कि कहा-सुनी के दौरान बंटी ने पास पड़ा एक डंडा उठाया और दनुआ के सिर पर मार दिया, जिससे वह जमीन पर गिर गया और उसके मुंह से खून निकलने लगा। ढाबा मालिक के बयान के आधार पर गीता कॉलोनी थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया है और आरोपी बंटी (26) को गिरफ्तार कर लिया गया है। बंटी अलीगढ़ का रहने वाला है।

## डीडीए ने जन साधारण आवास योजना-2025 चरण-तीन के फ्लैट्स की 100 प्रतिशत की बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने जन साधारण आवास योजना-2025 के चरण-तीन के तहत बुकिंग के पहले ही दिन 15 जनवरी 2026 को शुरू हुई थी के सभी 679 फ्लैट्स की 100 प्रतिशत बिक्री करने का दावा किया है। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार जन साधारण आवास योजना-2025 के चरण-तीन नरेला ए1-ए4 में 496 फ्लैट्स, नरेला जी-7/8 में 130 फ्लैट्स, रोहिणी 50 फ्लैट्स और नासिरपुर 3 फ्लैट्स शामिल हैं, जो सभी बिक गए है। डीडीए के अनुसार चरण-तीन से कुल अनुमानित रेवेन्यू लगभग 86.81 करोड़ रुपये है, जो डीडीए की किफायती आवास योजनाओं में लोगों के मजबूत भरोसे को दिखाता है। प्राधिकरण का कहना है कि नरेला उत्तरी दिल्ली में डीडीए प्रमुख आवासीय स्थलों में से एक बना हुआ है। यहां किफायती, नियोजित इंफ्रास्ट्रक्चर और भविष्य के विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए बड़े पैमाने पर आवासीय विकास किया जा रहा है। यह क्षेत्र नियोजित सेक्टोरल विकास, चौड़े सड़क नेटवर्क, औद्योगिक क्षेत्रों और शैक्षणिक संस्थानों के पास होने, और दिल्ली के मास्टर प्लानिंग फ्रेमवर्क के अनुसार लंबे समय तक शहरी विस्तार की महत्वपूर्ण संभावनाओं से लाभान्वित होता है। नरेला ए1-ए4 और जी-7 एवं जी-8 में फ्लैट्स को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स से एक उभरते आवासीय केंद्र के रूप में नरेला की बढ़ती स्वीकार्यता और भी उजागर होती है। डीडीए दिल्ली के नागरिकों को किफायती, पारदर्शी और सुलभ आवास प्रदान करने के अपने जनादेश के प्रति प्रतिबद्ध है।

### लेखक, प्रकाशक, कलाकार व रचनाकार जुटे

# प्रगति विचार साहित्य महोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली


दो दिवसीय प्रगति विचार साहित्य महोत्सव 2026 का रविवार को भव्य समापन हुआ। दूसरे दिन महोत्सव में नामचीन लेखक, प्रकाशक, कलाकार, रचनाकार, विद्यार्थी और साहित्य प्रेमी एक साथ एक ही एक मंच पर देखने को मिले। रवींद्रनाथ टैगोर की रचनाओं से प्रेरित चित्रांगदा और नायिका, इन दो नाट्य प्रस्तुतियों को दर्शकों से स्टैंडिंग ओवेशन और व्यापक सराहना प्राप्त हुई। इस वर्ष की थीम द ब्रेकथ्रू एडिशन परिवर्तनकारी संवादों के 5 वर्ष रही, जिसने देशभर से नवोदित एवं स्थापित लेखक, प्रकाशक, कलाकार, युवा रचनाकार, विद्यार्थी और साहित्य प्रेमियों को एक साझा मंच पर लाकर खड़ा कर दिया। इसके अतिरिक्त, महोत्सव में इंटरएक्टिव स्टॉल्स, फूड स्टॉल्स, छात्रों के लिए व्यावहारिक कार्यशालाएं और संवादात्मक क्षेत्र भी मौजूद रहे, जिन्होंने सहभागिता, संवाद और सामुदायिक जुड़ाव को और सशक्त बनाया। मीट एंड ग्रीट सत्र भी महोत्सव के प्रमुख आकर्षणों में शामिल रहे, जहां पाठकों, छात्रों और उभरते लेखकों को लेखकों, कलाकारों और वक्ताओं से सीधे संवाद करने का अवसर मिला। इन सत्रों ने व्यक्तिगत बातचीत, मार्गदर्शन और प्रेरणा के कई यादगार क्षण रचे। एलटीजी सभागार में आयोजित महोत्सव के इस संस्करण का एक महत्वपूर्ण स्तंभ रहा पीवीएलएफ जूनियर यंग वॉयसेज़ पीवीएलएफ जिसमें स्कूल के छात्रों ने कहानी कहने, कविता पाठ और स्पोकन वर्ड के माध्यम से मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### इन्वेस्टमेंट फ्रॉड सिंडिकेट से जुड़े आठ जालसाज पकड़े

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले की साइबर टीम ने इन्वेस्टमेंट फ्रॉड सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में आठ अंतरराज्यीय धोखेबाज गिरफ्तार हुये। इनके पास से कई खातों की जानकारी वाले 10 हाई-टेक मोबाइल फोन भी बरामद हुये हैं। गैंग का भंडाफोड़ करने के लिए चार राज्यों में छापे मारे गए। इसके बाद पता चला कि यह गैंग कंबोडिया से ऑपरेट करने वाले सरगना से जुड़ा था। इसके साथ ही 63 एनसीआरपी शिकायतें भी इनसे जुड़ी हुई पाई गई। आरोपियों द्वारा संचालित खातों में 14 दिनों के भीतर 4 करोड़ रुपये जमा होने का भी पता चला है। पुलिस के अनुसार कई राज्यों से आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके नाम वनपतला सुनील (43), साकिनाला शंकर (61), मनोज यादव (38), संदीप सिंह उर्फ लंकेश (30), आदित्य प्रताप सिंह (23), राहुल (30), शेरू (38) और सोमपाल (34) हैं। यह सिंडिकेट कमीशन के आधार पर भारतीय म्यूल खातों के माध्यम से कंबोडिया से ऑपरेट करने वाले हैंडलर्स को ठगी का पैसा भेज रहा था। इस ऑपरेशन के परिणामस्वरूप कई म्यूल बैंक खातों की जानकारी वाले 10 हाई-टेक मोबाइल फोन बरामद किए गए। 7 नवंबर 2025 को वसंत कुंज की रहने वाली एक 42 वर्षीय महिला की शिकायत पर साइबर थाने में मामला दर्ज किया गया था। उन्हें इन्वेस्टमेंट के बहाने 15.58 लाख की ठगी का शिकार बनाया गया था। शिकायतकर्ता को स्टॉक ट्रेडिंग में विशेषज्ञ मार्गदर्शन की पेशकश करने वाले व्हाट्सएप संदेश मिले थे और उन्हें गारंटीड रिटर्न के झूठे वादों से लुभाया गया था। जांच टीम ने निगरानी मनी ट्रेल एनालिसिस और डिजिटल फोरेंसिक पर ध्यान केंद्रित करते हुए कई तरह की रणनीति अपनाई और जालसाजों को दबोचा।

# गणतंत्र दिवस परेड: दर्शकों के लिए मेट्रो ने किए खास इंतजाम, क्यूआर कोड स्कैन से करो पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आगामी 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस परेड के दर्शकों के लिए दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने कुछ खास इंतजाम किए है। वहीं अपने वाहनों से आने वालों के लिए डीएमआरसी ने क्यूआर कोड स्कैन सिस्टम द्वारा पार्किंग की जगह तलाशने की सुविधा दी है। बता दें कि हर वर्ष करीब 77 हजार पास जारी किए जाते हैं। जानकारी अनुसार मेट्रो की घोषणाएं उन यात्रियों को मार्गदर्शन करेंगी जो परेड स्थल की ओर टिकट या पास लेकर जाएगें। वहीं क्यूआर कोड आधारित सिस्टम से करीब 8 हजार वाहनों को उनके निर्धारित बैठने के स्थान के पास वाली पार्किंग स्थलों तक पहुंचाएगें। यह सिस्टम 22 निर्धारित पार्किंग स्थलों के लिए होगा। बताया गया कि इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड के सभी स्थानों का नाम नदियों के नाम पर रखा गया है। जिसमें दक्षिणी हिस्से में बैठने वाले दर्शकों को बीस, ब्रह्मपुत्र, चंबल, चिनाब, गंडक, गंगा, घाघरा, गोदावरी, सिंधु और झेलम जैसे नाम वाले स्थान आवंटित किए गए हैं। इन स्थान पर बैठने वालों को उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन पर उतरने की सलाह दी जाएगी। जबकि उत्तरी हिस्से में बैठने वाले दर्शकों को कावेरी, कोसी, कृष्णा, महानदी, नर्मदा, पेनार, पेरियार, रावी, सोन, सतलज, तीस्ता, वैगई और यमुना जैसे नाम वाले स्थान आवंटित किए गए हैं। उन्हें केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन पर उतरने की सलाह दी जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि पैदल चलने के रास्तों को भी नदियों के नाम वाले स्थान के साथ आवंटन किया गया है ताकि परेड के दिन उन्हें कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े। पार्किंग पास धारक अपने पास पर छपे क्यूआर कोड को स्कैन करके अपने बैठने वाले स्थानों के सबसे नजदीक पार्किंग स्थल तक रियल-टाइम दिशा-निर्देश प्राप्त कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### यमुना केवल एक नदी नहीं, बल्कि दिल्ली की जीवनरेखा : सत्या शर्मा

**नई दिल्ली।** यमुना केवल एक नदी नहीं, बल्कि दिल्ली की जीवन रेखा और हमारी सांस्कृतिक पहचान है। इसे स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी केवल सरकारों की नहीं, बल्कि हम सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। रविवार को मौनी अमावस्या के शुभ अवसर पर यमुना मैया के आईटीओ घाट पर आरती करने के बाद दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने बात कही। उन्होंने कहा कि आरती केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परम्परा और प्रकृति के प्रति समर्पण का प्रतीक है। सत्या शर्मा ने कहा कि यहां मिलकर हमने यमुना मैया की आरती की और सद्भाव, शांति तथा जन-कल्याण की कामना की। आरती के दौरान उठती दीपशिखाओं और मंत्रोच्चार के बीच मन में एक ही संकल्प उभरा यमुना मैया को अविरल व स्वच्छ बनाना, और दिल्ली को प्रदूषण मुक्त दिशा में आगे ले जाना। स्थायी समिति अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि हमने यह निश्चय किया कि जन-सहभागिता, जागरूकता और निरंतर प्रयासों के माध्यम से यमुना को पुनर्जीवन देंगे, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी इसकी निर्मल धारा का पुण्य स्पर्श महसूस कर सकें।

### श्रीकृष्ण बलराम महोत्सव रथ यात्रा का आरडब्ल्यूए ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मीनगर में धूमधाम से श्रीकृष्ण बलराम महोत्सव रथ यात्रा निकाली गई। इस रथ यात्रा का राधू पैलेस रोड पर आरडब्ल्यूए वेस्ट गुरु अंगद नगर की ओर से भव्य स्वागत किया गया। श्री राधा बल्लभ मंदिर द्वारा निकाली गई इस रथ यात्रा में विशाल रथ पर भगवान श्रीकृष्ण तथा भगवान बलराम आदि विराजमान रहे। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु रथ यात्रा में शामिल हुए। स्थानीय लोगों का रथयात्रा के प्रति जबरदस्त उत्साह देखा गया। आरडब्ल्यूए के सदस्यों ने रथ यात्रा में चल रहे श्रद्धालुओं का फूल मालाओं से स्वागत किया तथा उन्हें बिस्कुट और जल वितरित किया। सभी लोग भगवान श्रीकृष्ण तथा बलराम दाऊ का आशीर्वाद प्राप्त करके प्रसन्न दिखाई दिए। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से सचिव अशोक शर्मा, पवन मैनी, वीके शर्मा, मनीष यादव, राजेश सक्सेना, जमना जैन, संजय जैन, ईशा खन्ना, पायल, ज्योति, रोजी आदि स्थानीय लोग शामिल रहे।

एक्यूआई बढ़कर गंभीर श्रेणी में दर्ज

# वायु प्रदूषण बढ़ने से दिल्ली एनसीआर में ग्रेप-4 हुआ लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



हवा में बढ़ते जहर के कारण बनी गंभीर श्रेणी को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने शनिवार देर रात दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप)-4 की पाबंदियां लागू कर दी। जिसके बाद दिल्ली सहित एनसीआर में अब ग्रेप के सभी चरण लागू हो गए है। इन चरण के तहत प्रदूषण को कम करने के लिए सभी 5-पॉइंट एक्शन प्लान को सख्ती से लागू किया जाएगा। राजधानी में लगातार चार दिन से हवा बेहद खराब श्रेणी में बरकरार थी, लेकिन रविवार को यह गंभीर श्रेणी में 440 एक्यूआई पहुंच गया। जबकि वीकेंड सुबह की शुरुआत धुंध और घने कोहरे की मोटी चादर से घिरी दिल्ली के साथ हुई। जबकि शनिवार को एक्यूआई 410 के करीब था, जिसके बाद देर रात ग्रेप-4 को लागू कर दिया गया था। ग्रेप-4 की पाबंदियों में मुख्य रूप से दूसरे राज्यों से आने वाले भारी वाहनों की दिल्ली में एंट्री बैन रहेगी। हालांकि, जरूरी सामान ले जाने वाले और जरूरी सर्विस देने वाले ट्रकों को अनुमति होगी। सभी सीएनजी, इलेक्ट्रिक और बीएस-4 डीजल ट्रकों को भी दिल्ली में आने की अनुमति होगी। जबकि स्कूलों को हाइब्रिड मोड में चलाने का निर्देश दिया गया है। वहीं सरकारी कार्यालयों में 50 फीसदी कर्मचारियों को बुलाने व 50 फीसदी को वर्क फ्रॉम होम के तहत कार्य कराने की सुविधा होती है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार रविवार को बवाना-483, मुंडका-483, रोहिणी-483, अशोक विहार-481, आनंद विहार-478, वजीराबाद-475, नेहरू नगर-473, नॉर्थ कैंपस-473, चांदनी चौक-472, सोनिया विहार-472, बुराड़ी क्रॉसिंग-470, पटपड़गंज 470, आरके पुरम-470, जेएलएन स्टेडियम-469, डीटीयू-468 और आईटीओ-466 एक्यूआई दर्ज हुआ। वहीं दूसरी तरफ वीकेंड रविवार को भी घने कोहरे ने हवाई यात्रा से लेकर रेल व सड़क परिवहन यातायात पर ब्रेक लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। वहीं कड़ाके की ठंड और वायु प्रदूषण ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। हालांकि रविवार के चलते सड़कों पर आम दिनों की तुलना में वाहनों की संख्या कम रही। बावजूद इसके सड़कों पर उतरे वाहनों को दोपहर तक सघन कोहरे के चलते हैड लाइट जलाकर भी रेंगने पर मजबूर होना पड़ा। खबरों के अनुसार घने कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम होने पर दिल्ली से देश के विभिन्न राज्यों को जाने वाली अनेक उड़ानें रद्द करनी पड़ी। जबकि कई उड़ानों को विलंबित करने से यात्रियों को घंटों एयरपोर्ट पर इंतजार करना पड़ा। वहीं दिल्ली के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों की आवाजाही भी बुरी तरह प्रभावित रही। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार रविवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 2.3 डिग्री सेल्सियस नीचे है। वहीं दिन का अधिकतम तापमान 22.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सुबह की तुलना में दोपहर के समय आसमान पर खिली खिली धूप ने लोगों को कुछ राहत दी। आसमान पर बादल भी देखे गए, जबकि हवाओं की गति मंद रही। आईएमडी ने सोमवार के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा कि आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। सुबह के समय कहीं कहीं पर छिछला कोहरा और अनेक स्थानों पर मध्यम कोहरा देखने को मिल सकता है। जबकि न्यूनतम तापमान 7-9 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 24-26 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। अगर आईएमडी का अनुमान सही साबित हुआ तो कहा जा सकता है कि रविवार की तुलना में सोमवार को सर्दी से कुछ राहत मिल सकती है।

# प्रदूषण फैलाने वालों पर एमसीडी की सख्त कार्रवाई



■ पश्चिमी जोन के बापरोला में एमसीडी ने की सात इकाइयां सील

**नई दिल्ली।** दिल्ली में स्वच्छ और स्वस्थ हवा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम (एमसीडी) द्वारा चलाए जा रहे प्रदूषण विरोधी अभियान के तहत लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में एमसीडी की टीम ने पश्चिमी जोन के बापरोला क्षेत्र में निरीक्षण अभियान चलाया, जहां पर्यावरणीय मानकों का उल्लंघन कर रही सात औद्योगिक/व्यावसायिक इकाइयों को सील कर दिया गया। निगम प्रशासन ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ये इकाइयाँ बिना आवश्यक अनुमति के संचालित हो रही थीं और प्रदूषण नियंत्रण नियमों का पालन नहीं कर रही थीं, जिससे वायु प्रदूषण में बढ़ोतरी हो रही थी। एमसीडी अधिकारियों ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए संबंधित इकाइयों को बंद करने के आदेश दिए। दिल्ली नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और दिल्ली के सभी जोनों में प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। निगम ने उद्योगों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से अपील की है कि वे निर्धारित पर्यावरणीय नियमों का पालन करें, अन्यथा उनके खिलाफ कठोर दंडात्मक कदम उठाए जाएंगे। निगम का कहना है कि राजधानी की हवा को साफ रखना सामूहिक जिम्मेदारी है और निगम प्रदूषण नियंत्रण नियमों के सख्त अनुपालन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## सरकार की लापरवाही के चलते वायु प्रदूषण फिर पहुंचा 400 एक्यूआई पार, लोग परेशानः यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली सरकार की घोर लापरवाही के चलते राजधानी में वायु प्रदूषण उक बार फिर 400 एक्यूआई पार पहुंच गया है जिससे लोग परेशान हो रहे है। यादव ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए दिल्ली की सड़कों पर चलने वाली एंटी स्माग गन जिनकी संख्या सिर्फ 300 है, जिनमें पीडब्लूडी की 200 मशीनें, एमसीडी की 28, दिल्ली जल बोर्ड की 21 और बची हुई मशीने एनडीएमसी, डीडीए, डीएमआरसी, आईएफडीसी, एचएचएआई और डीएसआईआईडीसी की है। उन्होंने कहा कि प्रति एंटी स्माग गन एक दिन में सिर्फ 25-30 किमी सड़कों पर ही छिड़काव करती है जबकि दिल्ली में सड़कों की लम्बाई लगभग 32000 किमी है। उन्होंने कहा कि अगर पूरी क्षमता के साथ प्रतिदिन एंटी स्माग गन सड़कों की धूल को दबाने का काम करें तो एक दिन में सिर्फ 9000 किमी सड़कों को ही कवर कर सकती है। यादव ने कहा कि जानकारी के अनुसार दिल्ली सरकार की प्रदूषण नियंत्रण के लिए चलाई जा रही एंटी स्माग गन प्रदूषण नियंत्रण करने की बजाय प्रदूषण बढ़ने का कारण बन रही है। इन एंटी स्माग मशीनों के धीमी गति से चलने के कारण कई स्थानों पर जाम की स्थिति बन जाती है जिसके कारण जाम में फंसे वाहनों से कार्बन मोनोआक्साईड, नाईट्रोजन आक्साईड, कार्बन डाईआक्साईड, हाइड्रोकार्बन और बेंजीन जैसे हानिकारक गैस और कण निकलते है और एक ही स्थान पर जाम में खड़े वाहनों में प्रदूषित कणों का अधिक उत्सर्जन होता है, मतलब यह एंटी स्माग गन प्रदूषण कम करने की बजाय प्रदूषण बढ़ाने का भी काम कर रही है। उन्होंने कहा कि एंटी स्माग गन प्रदूषण नियंत्रण कम करने में कितनी मददगार साबित होती है, इसका कोई अध्ययन नही हुआ है। सरकार को प्रदूषण नियंत्रण पर कुछ करना है इसलिए एंटी स्मॉग गन चला रखी है। यादव ने कहा कि ग्रेप-4 लागू होने के बाद गरीब, दैनिक मजदूर और निर्माण मजदूरों की बढ़ती परेशानी के साथ इनके परिवारां की अजीविका प्रभावित होती है।

# दिल्ली देहात : अलीपुर-नरेला व अलीपुर- जिंदपुर मार्ग बदहाल

दया राम ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली देहात की नरेला विधानसभा अंतर्गत अलीपुर से नरेला और अलीपुर से जिंदपुर को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग इन दिनों पूरी तरह बदहाली का शिकार हैं। सड़कों पर जगह-जगह हल्के और गहरे गड्ढे बन चुके हैं और दिनभर भारी व हल्के वाहनों की आवाजाही के कारण आसमान में धूल का गुबार छाया रहता है। हालात ऐसे हैं कि सड़क पर चलने से लोगों को श्वांस संबंधी रोगों से जूझना पड़ रहा है। साथ्ज्ञ ही शाम होते ही गहरे गड्ढे अचानक सामने आने से कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं और लोग कहने लगे है कि यह मार्ग अब जोखिम से कम नहीं है। वहीं, दिल्ली नगर निगम में ग्रामीण समिति के अध्यक्ष योगेश कुमार राणा ने इस संबंध में कहा कि जल्द ही ये मार्ग दुरुस्त किए जाएगें। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इन मार्गों के आसपास जिला मजिस्ट्रेट (डीएम), एसडीएम और ब्लॉक विकास अधिकारी (बीडीओ) के कार्यालय स्थित हैं। इसके अलावा कई स्कूल और कॉलेज भी इसी क्षेत्र में संचालित हो रहे हैं, जहां रोज़ाना सैकड़ों छात्र-छात्राएं, शिक्षक और कर्मचारी आना-जाना करते हैं। हैरानी की बात यह है कि क्षेत्र के पार्षद, स्थानीय विधायक और सांसद को भी सड़क की दुर्दशा की पूरी जानकारी है, इसके बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।

## गड्ढों और उड़ती धूल से लोगों को हो रही भारी परेशानी

### खांसी, दमा, आंखों में जलन और सांस से जुड़ी हो रही बीमारियां

स्थानीय लोगों का आरोप है कि न तो गड्ढों की मरम्मत की जा रही है और न ही धूल नियंत्रण के लिए नियमित पानी का छिड़काव किया जा रहा है। परिणामस्वरूप बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं में खांसी, दमा, आंखों में जलन और सांस से जुड़ी बीमारियों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग सबसे ज्यादा खतरनाक साबित हो रहा है।

### मार्गों की तत्काल मरम्मत की मांग

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इन मार्गों की तत्काल मरम्मत कराई जाए, गड्ढों को भरा जाए और निर्माण कार्य पूरा होने तक नियमित रूप से पानी का छिड़काव सुनिश्चित किया जाए। लोगों का कहना है कि यदि जल्द कदम नहीं उठाए गए तो किसी बड़े हादसे या गंभीर स्वास्थ्य संकट से इनकार नहीं किया जा सकता।

# डीएमआरसी का सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट एरिया में पार्क स्ट्रीट इलेक्ट्रिक आरएसएस का रिलोकेशन पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने भारत सरकार के सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के हिस्से के रूप में पार्क स्ट्रीट इलेक्ट्रिक रिसीविंग सब स्टेशन (आरएसएस) के रिलोकेशन और पुनर्निर्माण को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह उपलब्धि प्रमुख मेट्रो कॉरिडोर को बिना रुकावट बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करती है और राजधानी में आने वाले इंफ्रास्ट्रक्चर को सपोर्ट करती है। इस बारे में कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रिंसिपल एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनुज दयाल ने बताया कि पार्क स्ट्रीट आरएसएस मूल रूप से 2010 में दिल्ली मेट्रो के फेज-2 के दौरान एयरपोर्ट लाइन और लाइन-6 (वायलेट लाइन) को बिजली की आपूर्ति के लिए बनाया गया था। वर्ष 2021-22 के दौरान, सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के निर्माण को सुविधाजनक बनाने के लिए इस सुविधा को हटा दिया गया था। उन्होंने बताया कि पीडब्ल्यूडी द्वारा दी गई वैकल्पिक भूमि पर 2023 में एक नए आरएसएस का पुनर्निर्माण शुरू हुआ, जो दिसंबर 2025 में पूरा हुआ था। जिसमें इंद्रप्रस्थ से आर के आश्रम मार्ग तक सेंट्रल-विस्टा मेट्रो लाइन की बिजली की आवश्यकता का ध्यान रखा गया। दयाल ने बताया कि सभी प्रमुख मौजूदा इलेक्ट्रिकल उपकरण फिर से लगाए गए हैं और चालू किए गए हैं। जिसमें 66 केवी पावर ट्रांसफार्मर, 66 केवी जीआईएस पैनल, 33 केवी पैनल और 25 केवी जीआईएस पैनल शामिल हैं। नया संयुक्त आरएसएस एयरपोर्ट लाइन, लाइन-6 की मेट्रो ट्रेनों और स्टेशनों को बिजली की आपूर्ति करेगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, इसके फेज-5ए विस्तार प्रोजेक्ट के तहत आने वाली सेंट्रल विस्टा मेट्रो लाइन (इंद्रप्रस्थ से आर के आश्रम मार्ग) की ट्रैक्शन पावर आवश्यकताओं के लिए अतिरिक्त 25 केवी फीडर प्रदान किए गए हैं। उन्होंने बताया कि नई आरएसएस सुविधा नवीनतम मानकों के अनुसार बनाई गई है, जिसमें एक उन्नत सब स्टेशन ऑटोमेशन सिस्टम, ऊर्जा-कुशल वीआरएफ (वेरिएबल रेफ्रिजरेंट फ्लो) एयर-कंडीशनिंग और एलईडी लाइटिंग शामिल है। उन्नत सुरक्षा उपायों में ट्रांसफार्मर सुरक्षा और इलेक्ट्रिकल पैनल के लिए स्वचालित अग्नि सुरक्षा प्रणाली शामिल है, जिसमें परिचालन विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए एक पूरी तरह से ऐड्रेसेबल फायर अलार्म सिस्टम शामिल है। दयाल ने बताया कि नए आरएसएस को ग्रीन बिल्डिंग अनुपालन मानकों के अनुरूप डिजाइन किया गया है, और इसके लिए प्रमाणन के लिए आवेदन किया गया है।

## माताओं और प्रकृति के प्रति हमारी साझा जिम्मेदारी का प्रतीक है पौधारोपण : चहल

**नई दिल्ली।** यह केवल पौधारोपण कार्यक्रम नहीं है, बल्कि हमारी माताओं और प्रकृति के प्रति हमारी साझा जिम्मेदारी का प्रतीक है। माँ के नाम पर लगाया गया प्रत्येक पौधा भावनात्मक जुड़ाव के साथ-साथ उसके संरक्षण का संकल्प भी है। प्रधानमंत्री की प्रेरणादाई पहल 'एक पेड़ मां के नाम' से प्रेरित होकर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने लक्ष्मीबाई नगर में वृक्षारोपण अभियान 'एक पेड़ मां के नाम ऑन संडे' पौधारोपण कार्यकरम के दौरान यह संबोधन दिया। चहल ने जानकारी दी कि इस अभियान 'एक पेड़ मां के नाम ऑन संडे' के तहत रविवार को पीपल, चंपा, नीम, अशोक सहित विभिन्न प्रजातियों के के पौधे स्थानीय निवासियों एवं आरडब्ल्यूए सदस्यों ने लगाएं। उन्होंने बताया यह अभियान प्रत्येक रविवार को किया जा रहा है। एनडीएमसी फ्लैट्स, लक्ष्मीबाई नगर, नई दिल्ली में आवासीय कल्याण समिति (आरडब्ल्यूए) के सदस्यों और स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर विशेष वृक्षारोपण अभियान 'एक पेड़ मां के नाम ऑन संडे' में सहभागिता की। इस अवसर पर स्थानीय निवासी, आरडब्ल्यूए प्रतिनिधि तथा एनडीएमसी के सिविल, स्वास्थ्य, उद्यान एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मंत्री प्रवेश वर्मा ने नव-ग्रैंडमास्टर आर्यन वार्ष्णेय से मुलाकात कर उन्हें दी बधाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली के लोक निर्माण विभाग और जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने रविवार को अपने निवास पर दिल्ली और देश के गौरव, नव-ग्रैंडमास्टर आर्यन वार्ष्णेय से मुलाकात की और इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर आर्यन से मुलाकात की तस्वीरें शेयर कर मंत्री प्रवेश ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि आर्यन ने आर्मेनिया में आयोजित प्रतिष्ठित एंड्रानिक मार्गार्यान मेमोरियल जीएम नॉर्म राउंड रॉबिन में अपना तीसरा और अंतिम जीएम नॉर्म प्राप्त कर भारत के 92वें ग्रैंडमास्टर तथा दिल्ली के 8वें ग्रैंडमास्टर बनने का गौरव हासिल किया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आने वाले वर्षों में आर्यन शतरंज खेल के माध्यम से भारत को अनेक और गौरवपूर्ण क्षण प्रदान करेंगे तथा वैश्विक शतरंज मंच पर दिल्ली की प्रतिष्ठा को और सुदृढ़ करेंगे। उल्लेखनीय है कि ग्रैंड मास्टर (जीएम) खिताब अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (एफआईडीई) द्वारा दिया जाता है। इसके लिए खिलाड़ियों को तीन जीएम नॉर्म हासिल करने और न्यूनतम निर्धारित ईएलओ रेटिंग पार करनी होती है, जिससे यह खेल जगत के सबसे कठिन और प्रतिष्ठित खिताबों में से एक माना जाता है।

## पिछले वर्ष सार्वजनिक परिवहन की बसों से जुड़ी 150 सड़क दुर्घटनाएं हुईं

हरिभूमि न्यूज, **नई दिल्ली।** दिल्ली में पिछले वर्ष 2024-25 में सड़कों पर सार्वजनिक परिवहन की बसों से जुड़ी लगभग 150 दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 40 घातक थीं। दिल्ली सरकार द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024-25 में दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बसें 97 सड़क दुर्घटनाओं में शामिल थीं, जिनमें से 21 घातक थीं और उनके परिणामस्वरूप (बस) यात्रियों और पैदल यात्रियों की जान गई एवं कुछ घायल हुए। यातायात नियमों के उल्लंघन के अलावा, बसों के लिए समर्पित लेन की कमी, चालकों में उचित प्रशिक्षण की कमी, तेज गति और यांत्रिक खराबी भी इन दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार रहीं। जून 2025 में, शादीपुर डिपो के पास दो डीटीसी बसों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो घायल हो गए। पिछले साल अगस्त में, शकरपुर में एक बस की टक्कर से एक ऑटो रिक्शा चालक की जान चली गई। पिछले साल अक्टूबर में विश्वास नगर इलाके में एक डीटीसी बस ने एक स्कूली वाहन, ई-रिक्शा और दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी थी, जिससे एक बच्चे समेत तीन लोग घायल हो गए। दिसंबर में, पश्चिमी दिल्ली में सड़क के गलत साइड से चल रही एक बस ने एक कार और एक ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी, जिसमें कम से कम दो लोग घायल हो गए।

## राम कथा भविष्य के लिए नैतिक मार्गदर्शक और विश्व शांति का है आह्वान : विजेंद्र

**नई दिल्ली।** राम कथा केवल अतीत का आख्यान नहीं है, यह भविष्य के लिए नैतिक मार्गदर्शक और विश्व शांति का आह्वान है। यह विचार दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने रविवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित नौ दिवसीय राम कथा के शुभारंभ अवसर पर कही। यह राम कथा प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से आयोजित की जा रही है। यह राम कथा आचार्य लोकेश मुनि द्वारा स्थापित अहिंसा विश्व भारती के तत्वावधान में, विश्व शांति केंद्र मिशन के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। गुजरात के आध्यात्मिक गुरु एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त राम कथा वाचक मोरारी बापू कथा का प्रवचन कर रहे हैं। भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी आयोजन समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं।विजेंद्र गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि श्री राम कथा ऐतिहासिक रूप से नैतिकता, भ्रातृत्व और मानवता के मूल्यों के प्रसार का सशक्त माध्यम रही है तथा यह भारत के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जीवन का अविभाज्य अंग है। उन्होंने कहा कि मोरारी बापू ने दशकों से भारत और विश्व के विभिन्न देशों में राम कथा के माध्यम से मानवता का संदेश समाज के मूल में पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि इस राम कथा को विश्व शांति केंद्र मिशन को समर्पित करना समाज, राष्ट्र और विश्व के कल्याण के प्रति एक सचेत और उद्देश्यपूर्ण प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

रिठाला से कुंडली, लाजपत नगर से साकेत, इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ तक नई मेट्रो लाइनों का रास्ता साफ

# फेज-4 के शेष तीन कॉरिडोरों के लिए दिल्ली सरकार ने जारी किया फंड : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली





■ दिल्ली सरकार ने अपने हिस्से के 3 हजार 386 करोड़ 18 लाख रुपए का फंड किया जारी

दिल्ली सरकार ने राजधानी में मेट्रो नेटवर्क को और आगे बढ़ाने के लिए दिल्ली मेट्रो रेल ट्रांजिट सिस्टम (एमआरटीएस) के फेज-4 के बचे हुए तीन कॉरिडोरों के लिए अपने हिस्से का फंड जारी कर दिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि इन परियोजनाओं से दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों को बेहतर मेट्रो कनेक्टिविटी मिलेगी और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को और मजबूत किया जा सकेगा। इस कॉरिडोर के चार वर्ष में पूरा होने की संभावना है। मेट्रो का बेहतर परिचालन प्रदूषण नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मेट्रो फेज-4 के इन तीनों कॉरिडोरों की कुल लंबाई 47.225 किलोमीटर होगी। इन परियोजनाओं पर लगभग 14 हजार 630 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत आएगी। इसमें से 3 हजार 386 करोड़ 18 लाख रुपये की राशि दिल्ली सरकार वहन करेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि पहला कॉरिडोर लाजपत नगर से साकेत जी-ब्लॉक तक प्रस्तावित है। इसकी लंबाई 8.385 किलोमीटर होगी, जिसमें 8 एलिवेटेड मेट्रो स्टेशन होंगे। दूसरा कॉरिडोर इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ तक प्रस्तावित है, जिसकी लंबाई 12.377 किलोमीटर है। इस लाइन पर एक एलिवेटेड और 9 अंडरग्राउंड समेत कुल 10 मेट्रो स्टेशन होंगे। इस कॉरिडोर को लाजपत नगर-साकेत जी-ब्लॉक कॉरिडोर के साथ संयुक्त वित्तीय ढांचे में शामिल किया गया है। इन दोनों कॉरिडोरों की संयुक्त परियोजना लागत 8 हजार 399 करोड़ 81 लाख रुपये है, जिसमें से दिल्ली सरकार का अंश 1 हजार 987 करोड़ 86 लाख रुपये होगा। तीसरा और सबसे लंबा कॉरिडोर रिठाला से कुंडली तक प्रस्तावित है। यह मेट्रो कॉरिडोर पड़ोसी राज्य हरियाणा से जुड़ेगा। इसकी कुल लंबाई 26.463 किलोमीटर होगी और इसमें 21 स्टेशन होंगे। इस परियोजना की कुल लागत 6 हजार 230 करोड़ 99 लाख रुपये निर्धारित की गई है, जिसमें से 1 हजार 398 करोड़ 32 लाख रुपये दिल्ली सरकार का अंश होगा। कुल लागत के 5 हजार 685 करोड़ 22 लाख रुपये दिल्ली के हिस्से पर और 545 करोड़ 77 लाख रुपये हरियाणा के हिस्से पर खर्च किए जाएंगे।

ये तीनों कॉरिडोर दिल्ली के कई इलाकों के निवासियों को बेहतर यात्रा सुविधा उपलब्ध कराएंगे। जैसे लाजपत नगर-साकेत जी ब्लॉक कॉरिडोर पर मेट्रो लाजपत नगर, एंड्रूज गंज, जीके-1, चिराग दिल्ली, पुष्प भवन, साकेत डिस्ट्रिक्ट सेंटर, पुष्प विहार इलाकों से होकर गुजरेगी। इंद्रलोक-इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर की मेट्रो इंद्रलोक, दया बस्ती, सराय रोहिल्ला, अजमल खां पार्क, झंडेवालान, नबी करीम, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली गेट, दिल्ली सचिवालय-आईजी स्टेडियम जैसे इलाकों से होकर गुजरेगी। सबसे बडी रिठाला-कुंडली कॉरिडोर की मेट्रो रिठाला, रोहिणी सेक्टर-25, रोहिणी सेक्टर-26, रोहिणी सेक्टर-31, रोहिणी सेक्टर-32, रोहिणी सेक्टर-36, बरवाला, रोहिणी सेक्टर-35, रोहिणी सेक्टर-34, बवाना इंडस्ट्रियल एरिया-I (सेक्टर 3-4), बवाना इंडस्ट्रियल एरिया-I (सेक्टर 1-2), बवाना जे. जे. कॉलोनी, सनोठ, न्यू सनोठ, भोरगढ़ गांव, अनाज मंडी नरेला, नरेला डीडीए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, नरेला, नरेला सेक्टर-5, कुंडली, नाथुपुर से होकर गुजरेगी।

## मुख्यमंत्री रेखा ने आरके पुरम में 100 करोड़ के विकास कार्यों का किया शुभारंभ



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को आरके पुरम विधानसभा क्षेत्र में लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों की शुरुआत की। इन कामों के तहत इलाके की सड़कों को बनाया और ठीक किया जाएगा। पुरानी और जर्जर चौपालों की मरम्मत होगी, कम्युनिटी सेंटरों को नया रूप दिया जाएगा और पार्कों को सुंदर बनाया जाएगा। लोगों की सेहत के लिए पार्कों में ओपन जिम के उपकरण लगाए जाएंगे और जरूरत वाले स्थानों पर चारदीवारी भी बनाई जाएगी। इन विकास कार्यों से क्षेत्र के लोगों को बेहतर आने-जाने की सुविधा, सुरक्षित सार्वजनिक स्थान, आधुनिक सामुदायिक सुविधाएं और साफ-सुथरा वातावरण मिलेगा। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता के आशीर्वाद से ही दिल्ली में विकास की नई शुरुआत संभव हुई है। सरकार अपने प्रत्येक वादे को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इस कार्यक्रम में सांसद बांसुरी स्वराज, आरके पुरम के विधायक अनिल शर्मा, निगम पार्षद धर्मवीर सिंह और जिलाध्यक्ष रविन्द्र चौधरी समेत कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि जब सूर्य नारायण भगवान अपनी दिशा परिवर्तित करते हैं, तब शुभ कार्यों की नई शुरुआत होती है। इसी शुभ अवसर पर रविवार को आरके पुरम क्षेत्र में 100 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में सांसद और विधायक को सीमित फंड उपलब्ध होता था, जिसके कारण क्षेत्रीय विकास कार्य वर्षों तक अटके रहते थे। लेकिन पहली बार दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनके आशीर्वाद से दिल्ली सरकार ने सभी जनप्रतिनिधियों को यह विश्वास दिया है कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

### हर विधानसभा को 10-10 करोड़, 700 करोड़ रुपए का बजट जारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षों से दिल्ली में विकास कार्य ठप पड़े थे। आरके पुरम जैसे क्षेत्रों में बड़ी संख्या में झुग्गी बस्तियां हैं, जहां पूर्ववर्ती सरकारों ने मूलभूत सुविधाओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया। वर्तमान सरकार ने झुग्गियों को हटाने नहीं, बल्कि वहां रहने वाले नागरिकों को सम्मानजनक जीवन, पक्के आवास, शौचालय, स्नानघर, सड़क, नाली, पार्क और बच्चों के लिए खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने आते ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10 करोड़ रुपये के विकास कार्य सुनिश्चित करने के लिए लगभग 700 करोड़ रुपये का बजट जारी किया है। इसका उद्देश्य गरीब, मध्यमवर्गीय और संपन्न समेत सभी वर्गों को समान रूप से आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाना है।

## खबर संक्षेप

### 315 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने कार्रवाही करते हुए 315 ग्राम गांजा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 17 जनवरी को अपराध शाखा ऊचा गांव की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाही करते हुए सुनील वासी यादराम कॉलोनी, फरीदाबाद को 315 ग्राम गांजा सहित भोजपुरी धर्मशाला के पास से काबू किया है। जिसके विरुद्ध थाना डबुआ में एनडीपीएस की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

### 101 वर्षीय महिला की सफल हुई हिप सर्जरी



**फरीदाबाद।** एक दुर्लभ और चिकित्सकीय रूप से महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए फरीदाबाद के पार्क अस्पताल के वरिष्ठ हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन डॉ. तनवीर मकबूल और उनकी टीम ने 101 वर्षीय महिला की सफलतापूर्वक स्टेजेड बायलेटरल बाइपोलर हेमी आर्थ्रोप्लास्टी (कूल्हे की सर्जरी) की है। इतनी उन्नत उम्र के मरीज पर इस तरह का हस्तक्षेप दुनिया भर में अपनी तरह का पहला मामला है।

### कौशल चौधरी बने किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष



**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम के द्वारा हापुड़ जिले का जिला अध्यक्ष हापुड़ में चमरी के रहने वाले कौशल चौधरी को नियुक्त किया गया। भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के द्वारा नियुक्ति पत्र जारी किया गया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख, राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेट कुँवर अयूब अली, प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती गीता निगम, सचिव सोहनवीर सिंह खुटैल, कोषाध्यक्ष सोहनवीर सिंह चाचा, प्रवीण चौधरी, गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष रणवीर प्रधान आदि।

# निराश्रित गोवंश तथा निराश्रित स्वानों की देखरेख पर निगम का विशेष ध्यान:डिप्टी सीएम

## उपमुख्यमंत्री ने किया नंदी पार्क गौशाला का निरीक्षण, गौ पूजन कर सफाई मित्रों को बांटे कंबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

प्रदेश के मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने रविवार को नंदी पार्क गौशाला का भ्रमण किया। उन्होंने गौ पूजन के बाद सफाई मित्रों को कंबल बांटे। इस अवसर श्री पाठक ने गोबर से बनी हुई वस्तुओं का भी अवलोकन किया। जिसमें गोबर से खाद, बर्तन, मूर्तियों तथा दीपक को देख कर प्रसन्नता जाहिर की, इसके अलावा प्राकृतिक पेंट के चल रहे कार्य को देखकर भी टीम का मनोबल बढ़ाया, गोबर से बनाई जा रही उपयोगी वस्तुओं का प्रचार प्रसार भी अधिक से अधिक किया जाए निर्देश दिए गए। महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में गौ माता का तिलक कर पूजन किया गया तथा नंदी पार्क में आश्रित गौवशों को गुड और हरा चारा खिलाया। नगर आयुक्त ने चल रहे प्राकृतिक पेंट प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गोबर से बना रहे प्राकृतिक पेट को देखकर उपमुख्यमंत्री ने निगम के कार्यों की प्रशंसा की। नगर आयुक्त ने मौके





पर चल रहे एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर के बारे में भी विस्तार से बताया। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि उपमुख्यमंत्री जी द्वारा नंदी पार्क गौशाला का भ्रमण करते हुए न केवल गोवंश को हरा चारा और गुड़ खिलाया बल्कि नंदी पार्क गौशाला में कार्य कर रही। कर्मचारियों तथा सफाई मित्रों को कंबल भी वितरित किए, साथ ही कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाते हुए सुरक्षा के साथ कार्य करने के लिए भी कहा गया। लगभग 63 कर्मचारियों को पी पी ई किट वितरितकी गई, मौके पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, विनोद कसाना वअन्य टीम उपस्थित रही।

गोबर से बन रही उपयोगी वस्तुओं का प्रचार प्रसार बढ़ाएगा निगम नगर आयुक्त ने बताया कि हर घर तक गाजियाबाद नगर निगम द्वारा गौ वंश के गोबर से बनाए जा रही उपयोगी वस्तुओं को उपलब्ध कराने के लिए भी कार्यवाही की जाएगी ।

कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉक्टर अनुज, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आशीष भी उपस्थित रहे।

## सर्वप्रिय त्यागी ने कहा- कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर बता रहे हैं जीरामजी योजना के फायदे

# जीरामजी योजना से गांवों मे रोजगार और आत्मनिर्भरता की नई क्रांति आएगी : मंत्री नरबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि वीबी-जीरामजी योजना पारदर्शी और ग्रामीणों के फायदे की योजना है। उन्होंने कहा कि मनरेगा भ्रष्टाचार का केंद्र बन गई थी, लेकिन जीरामजी योजना स्थाई रोजगार की गारंटी है। राव नरबीर रविवार को भाजपा कार्यालय गुरुकमल में जीरामजी योजना पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने की। कार्यशाला से पहले कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने जीरामजी योजना के बारे में पत्रकारों से विस्तार से बताया। राव नरबीर सिंह के साथ जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, विधायक मुकेश शर्मा, जिला महामंत्री अजीत यादव,




जिला महामंत्री मनीष, जिला मीडिया प्रभारी हितेश चौधरी उपस्थित रहे।

कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि वीबी-जीरामजी योजना ग्रामीण भारत का भविष्य है। भाजपा सरकार का संकल्प ग्राम स्वराज और आत्मनिर्भरता है, हमारा विजन ग्राम आधारित विकास है। हमारा ध्येय जनभागीदारी और सामाजिक जवाबदेही है। उन्होंने कहा कि जीरामजी योजना से गांवों मे रोजगार और आत्मनिर्भरता की नई क्रांति आएगी। मनरेगा के मुकाबले जी रा म जी योजना बेहतर है। श्रमिकों को अब हरियाणा में 10 हजार रुपए अधिक मिलेंगे। राव नरबीर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल कनेक्टिविटी, बैंकिंग सेवाएं, डीबीटी, आधार लिंकिंग और बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व सुधार हुआ है, जिससे योजनाओं का लाभ सीधे वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत- ''जीरामजी'' केवल रोज़गार का वादा नहीं, बल्कि स्थायी आजीविका की गारंटी है। जीरामजी योजना ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाकर विकसित भारत की नींव को मजबूत करेगी। गरीब, जनजाति और पिछड़ा वर्ग को रोजगार मिले, उसके लिए यह क़ानून आया है।

राव नरबीर ने कहा कि मनरेगा में 100 दिन का काम मिलता था, लेकिन जीरामजी योजना में 125 दिन का काम मिलेगा। रोजगार दिवस बढ़ने से देश में एक ग्रामीण अकुशल श्रमिक की औसत आय में करीब 7,000 रुपए की वृद्धि होगी, जबकि हरियाणा में यह लाभ कम से कम 10,000 रुपये होगा, क्योंकि यहां न्यूनतम मजदूरी दर देश में सर्वाधिक 400 रुपये प्रतिदिन है। कार्यशाला को विधायक मुकेश शर्मा ने भी संबोधित किया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष व पंच परिवर्तन की समाज निर्माण में भूमिका संगोष्ठी संपन्न

# समाज निर्माण में न्याय और राष्ट्रवाद का सामंजस्य आवश्यक है: दीपक ठकराल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नागरिक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष व पंच परिवर्तन की समाज निर्माण में भूमिका रहा। गोष्ठी में क्षेत्र के अनेक प्रबुद्ध जन, गणमान्य नागरिक और स्वयंसेवक उपस्थित रहे, जिन्होंने राष्ट्र निर्माण के इस मिशन में अपनी सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। सेक्टर-3 स्थित सामुदायिक भवन में संघ शताब्दी वर्ष के अंतर्गत आयोजित विचार गोष्ठी में आईएमटी अध्यक्ष एवं उद्योगपति हेमंत कुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में पंच परिवर्तन के लक्ष्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उसके उपरांत मुख्य वक्ता के रूप में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता दीपक ठकराल ने कहा कि संघ की 100 वर्षों की यात्रा राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने का संकल्प है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाज निर्माण में न्याय और राष्ट्रवाद का सामंजस्य आवश्यक है। उनके अनुसार शताब्दी वर्ष केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने का समय है। स्वदेशी जागरण मंच के सह संयोजक सत्येंद्र सोरोत ने पंच परिवर्तन के अंतर्गत सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वदेशी जीवनशैली और नागरिक कर्तव्य की महत्ता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि समाज निर्माण के लिए स्वदेशी को अपनाना और कुटुंब प्रबोधन को सुदृढ़ करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि ये पांच परिवर्तन ही आने वाले समय में भारत को वैश्विक मंच पर एक सशक्त मार्गदर्शक के रूप में स्थापित करेंगे।

कार्यक्रम में प्रो.पवन सिंह, डॉ. जगदीश चौधरी, विजय, सुनील मित्तल, उदयवीर ने भी अपने विचार प्रकट किए। रेनू आर्य ने मंच संचालन किया। समारोह स्थल पर प्रचार विभाग द्वारा लगाई गई स्टॉल पर उपलब्ध साहित्य सामग्री का भी अवलोकन किया गया। संगोष्ठी के उपरांत लोगों ने स्टॉल पर देश भक्ति एवं राष्ट्रप्रेम को समर्पित पाठ्य सामग्री से ओतप्रोत पुस्तकों की भी खूब खरीदारी की। इस आयोजन में विजयपाल और संजय का विशेष सहयोग रहा।

# ग्रामीण विकास व रोजगार में क्रांतिकारी बदलाव है वीबी जी राम जी योजनाः पंकज पूजन

## विकसित भारत-जी-राम-जी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विकसित भारत जी राम जी योजना जिला कार्यशाला एवं सम्मेलन में जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई जी राम जी विकसित भारत रोजगार गारंटी एवं आजीविका मिशन ग्रामीण योजना ग्रामीण भारत के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यह योजना ग्रामीण विकास और रोजगार सृजन की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। इसका उद्देश्य गांवों का समग्र विकास करना है, जिसमें भ्रष्टाचार-मुक्त ग्राम पंचायत, सुशासन और जनभागीदारी को प्राथमिकता दी गई है।

इस योजना के माध्यम से आत्मनिर्भर और सशक्त गांवों का निर्माण संभव होगा तथा गांव के अंतिम व्यक्ति तक स्वरोजगार और आजीविका के साधन सुनिश्चित किए जा रहे हैं। जी राम जी योजना गांवों और गरीबों के हित में मील का पत्थर साबित होगी। इससे श्रमिकों और किसानों के जीवन स्तर में व्यापक




सुधार आएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि योजना के प्रभाव से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, बल्कि आत्मनिर्भरता को भी नई मजबूती मिलेगी और गांवों में विकास की एक नई क्रांति आएगी। भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर रविवार विकसित भारत जी राम जी योजना को लेकर जिला कार्यशाला एवं सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर सामूहिक वंदेमातरम् के साथ हुआ और जिला प्रभारी नरेंद्र वत्स जिला महामंत्री व अभियान के जिला संयोजक चौधरी प्रवीण गर्ग ने वक्ता के रूप में अपने विचार रखे। राष्ट्रगान के साथ सम्मेलन की समाप्ति हुई तत्पश्चात भाजयुमो जिला कार्यालय सचिव एडवोकेट रजत जयसवाल के लिए मौन रख कर सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, महापौर प्रवीण जोशीं, जिला महामंत्री शोभित अरोड़ा, पूर्व जिला महामंत्री मूलचन्द मित्तल, आर.एन. सिंह, वजीर सिंह डागर, मदन पुजारा, उमेश भाटी मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। इस कार्यशाला एवं सम्मेलन में जिला उपाध्यक्ष हरेन्द्र भडाना, पंकज सिंगला, सीमा भारद्वाज, भारती भाकुनी, विक्रम अरुआ, जिला सचिव तरनजीत सिंह भाटिया आदि।

## युवा सम्मेलन में उमड़ा लोगों का जनसमूह

# इनेलो की सरकार बनने पर तीन लाख युवाओं को दी जाएगी नौकरियां : करण चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

युवा इनेलो के राष्ट्रीय प्रभारी एवं सिरसा जिला परिषद के चेयरमैन करण सिंह चौटाला ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार जनआकांक्षाओं पर पूरी तरह से बेअसर साबित हुई है, आज लोग भाजपा को सत्ता सौंप खुद को ठगा का महसूस कर रहे है। इस सरकार में न तो युवाओं को रोजगार मिल रहे है और न ही जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो रही है, रही बात विकास की तो वह केवल कागजों तक सिमटा हुआ है।

चौटाला मोहना अनाजमंडी में जिला इनेलो फरीदाबाद के जिलाध्यक्ष रुपचंद लाम्बा के संयोजन में आयोजित युवा सम्मेलन को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। युवा सम्मेलन में पहुंचने पर करण चौटाला का रुपचंद लाम्बा के नेतृत्व में फूल मालाओं से एवं पगड़ी बांधकर उनका स्वागत किया। इससे पूर्व श्री चौटाला को इनेलो कार्यकर्ता मोहना के बस अड्डे से ट्रेक्टरों के काफिले के माध्यम से ढोल नगाड़ों के द्वारा सभा स्थल तक लेकर पहुंचे और पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में देरी से पहुंचने के बावजूद करण सिंह चौटाला को सुनने के लिए लोगों का हजूम



सम्मेलन में डटा रहा। सम्मेलन को संबोधित करते हुए करण चौटाला ने कहा कि इनेलो ने सदैव छत्तीस बिरादरी के हितों में कार्य किया है, पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल, उनके दादा स्व. चौ. ओमप्रकाश चौटाला ने सदैव हरियाणा के हितों के लिए कार्य किया और अब इनेलो सुप्रीमो चौ. अभय चौटाला उनके आदर्शो पर चलते हुए प्रदेश की जनता के हक हकूक की आवाज बुलंद कर रहे है।

चौटाला ने इनेलो जिलाध्यक्ष रुपचंद लाम्बा की प्रशंसा करते हुए कहा कि रुपचंद लाम्बा इनेलो के कर्मठ सिपाही है, जो पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्य कर रहे है और ऐसे मजबूत लोगों के दम पर इनेलो फिर सत्ता में वापसी करेगी।

## *25 हजार के इनामी आरोपी को अपराध शाखा सेंट्रल की टीम ने किया गिरफ्तार*

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सैंट्रल की टीम ने अपहरण कर मारपीट करने के मामले में 25000 रूपए के इनामी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि राहुल निवासी गांव जुनहैडा फरीदाबाद ने थाना तिगांव मे दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी आरोपी डॉक्टर ललितेश कान्त से जान पहचान थी। ललितेश का अपनी पत्नी के साथ केस चल रहा है। उसने आरोपित की पत्नी की केस लडने में मदद की थी, जिसकी वजह से ललितेश उससे रंजिश रखने लगा था। 2 जुलाई को रात के समय शिकायतकर्ता अपने दोस्तों के साथ कांवरा मोड पर खडा था तभी एक काली स्कार्पियो आई जिसमें कुलभूषण, ललितेश और आरोपी का मैनेजर व एक अन्य व्यक्ति गोविंद बैठे थे जिन्होंने शिकायतकर्ता को जबरदस्ती गाडी में बैठा लिया। इसके बाद आरोपी उसको कुलभुषण के घर ले गये, जहां पर चुन्नी से उसके हाथ पैर बांधकर मारपीट की तथा रात को के आर मंगलम स्कूल के सामने डाल गए। जिस पर थाना भुपानी में संबंधित धाराओं मे मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी कुलभूषण उर्फ कुल्लू ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया ।

## महिलाओं को जागरूक कर निकाय स्तर पर राजनीति में आगे लाया जाएगा

# युवा कांग्रेस की बैठक में महिलाओं को सशक्त करने पर मंथनः कटारिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया की अध्यक्षता में आयोजित युवा कांग्रेस की बैठक में 'शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को सशक्त करने पर मंथन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय रोहतक में आयोजित बैठक का विषय 'शक्ति अभियान' रहा। जिसके अंतर्गत महिलाओं के मुद्दों, उनके अधिकारों और राजनीतिक भागीदारी को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में यह संकल्प लिया गया कि महिलाओं को जागरूक, शिक्षित और संगठित कर उन्हें पंचायत व निकाय स्तर पर राजनीति में आगे लाया जाएगा। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कहा कि समाज के विकास में देश की आधी आबादी यानी




महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन आज भी बड़ी संख्या में महिलाएं राजनीतिक प्रक्रिया से दूर हैं। शक्ति अभियान के माध्यम से जमीनी स्तर पर महिलाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं और लोकतांत्रिक व्यवस्था की जानकारी दी जाएगी, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और नेतृत्व की भूमिका निभा सकें। प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिला सशक्तिकरण की पक्षधर रही है। उन्होंने कहा कि जब तक महिलाएं राजनीति में सक्रिय भूमिका नहीं निभाएंगी, तब तक सच्चे मायनों में लोकतंत्र मजबूत नहीं हो सकता। शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा करना और उन्हें नेतृत्व के लिए तैयार करना है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव और वार्ड-वार्ड जाकर महिलाओं से संवाद करें और उन्हें राजनीति से जोड़ने का काम करें।

## विश्व हिंदू परिषद् के अन्तर्राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव ने कही यह बात

# टूटते परिवार आज के समाज की बड़ी चुनौती: डॉ. सुरेंद्र जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

विश्व हिन्दू परिषद् के अन्तर्राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव डॉ. सुरेंद्र जैन ने कहा कि आज के बदलते समाज के परिवेश में जो एक बड़ी चुनौती उभर कर आ रही है वह है टूटते परिवार। उन्होंने चेताया कि परिवार के टूटने से न केवल व्यक्तिगत हानि होती है बल्कि इससे पहले समाज टूटता है और फिर देश टूटता है। वे रविवार को यहां सोहना रोड स्थित जीएनएच कन्वेंशन में आयोजित जन गोष्ठी के मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रमुख जन गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें गुरुग्राम के नवीन भाग के समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले लगभग 300 लोगों ने भाग लिया।

गोष्ठी में वीएचपी के अन्तर्राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव डॉ. सुरेंद्र जैन के अलावा पूर्व राजस्व विभाग के शीर्ष अधिकारी मोहनीश वर्मा, गुरुग्राम नवीन भाग के संघचालक रमेश गुप्ता, गुरुग्राम विभाग के कार्यवाह बृजेश चौहान और गुरुग्राम महानगर संघ चालक जगदीश ग्रोवर विशेष तौर पर




उपस्थित हुए। वहीं पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुत्रवधु नीरा शास्त्री भी अपस्थित रहीं। सुरेंद्र जैन ने कहा कि परिवार व्यवस्था भारत की देन है और यह केवल सुख के लिए नहीं बल्कि समाज कल्याण के लिए है। हम सबको मिलकर इस परिवार व्यवस्था को बचाना है तथा देश को एक करके रखना है। उन्होंने कहा इस विषय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बड़े ही उत्कृष्ट तरीके से कार्य कर रहा है तथा परिवार व्यवस्था को समाज में बढ़ावा दे रहा है। इस अवसर पर पूर्व राजस्व विभाग के शीर्ष अधिकारी मोहनीश वर्मा ने स्वचरित्र के निर्माण के विषय पर लोगों का ध्यान केंद्रित कराया। उन्होंने कहा आज का समाज हर चीज को द्रुत गति से पा लेना चाहता है। एक और समस्या जो समाज में परेशान करने वाली है वह है भौतिकवाद। आजकल बहुत से समाज के लोग हर बात को रुपया पैसा और धन अर्जन से जोड़ कर देखते है जो कि एक गलत बात। लोगों को स्वचरित्र का निर्माण करते हुए समाज के चरित्र का भी निर्माण करना पड़ेगा। वहीं गुरुग्राम विभाग के कार्यवाह बृजेश चौहान ने संघ की स्थापना से लेकर आज तक की कार्यविधियों तथा पूरे देश में चल रहे प्रकल्पों से अवगत कराया। आरएसएस के महानगर संघ चालक जगदीश ग्रोवर ने कहा कि आरएसएस गठन के सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। जिसे संघ शताब्दी वर्ष के रूप में मना रहा है। शताब्दी वर्ष में सात आयोजन किए जाने हैं। विजय दशमी उत्सव, नवम्बर दिसम्बर में सघन गृह संपर्क अभियान के बाद यह प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया है। गोष्ठी के लिए गुरुग्राम महानगर को दो भागों में बांटा गया है।

## प्रदूषण स्तर बढ़ने पर ग्रेप-4 की पाबंदियां लागू

# प्रदूषण नियंत्रण के लिए ग्रेप-4 के नियमों की सख्ती से पालन करना जरूरी : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला उपायुक्त आयुष सिंहा ने बताया कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 21 नवंबर 2025 को जारी आदेश के तहत ग्रेप के संशोधित शेड्यूल को पूरे दिल्ली ग्रेप में तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक एक्यूआई में तेज गिरावट दर्ज की गई है। उक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ग्रेप पर उप समिति द्वारा आयोजित आपात बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दिल्ली एनसीआर में ग्रेप स्टेज-4 गंभीर के अंतर्गत सभी प्रतिबंधात्मक कार्रवाइयों को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए, जो पहले से लागू स्टेज-वन, टू एवं थ्री के अतिरिक्त होंगी। ग्रेप के मौजूदा शेड्यूल के अंतर्गत स्टेज-वन स्टेज-टू एवं स्टेज-थ्री की कार्रवाइयां क्रमशः दिनांक 14 अक्टूबर 2025, 19 अक्टूबर 2025 एवं 16 जनवरी 2026 के आदेशों के माध्यम से पहले से ही लागू हैं। उन्होंने कहा की ग्रेप के स्टेज-वन, टू, थ्री एवं फोर के अंतर्गत सभी उपायों को पूरे एनसीआर में संबंधित एजेंसियों द्वारा सख्ती से लागू, मॉनिटर एवं समीक्षा की जाएगी। सभी प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे निरंतर निगरानी रखें और उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें, नागरिकों से अपील है।

## खबर संक्षेप

### बरातियों से भरी बस पलटी 5 की मौत, 25 घायल

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां बरातियों से भरी बस पलट गई। इसमें 5 की मौत व 25 घायल की सूचना हैं।



दुर्घटना महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ओरसा घाटी में हुई। बताया गया कि बस छत्तीसगढ़ के बलरामपुर से लातेहार के महुआडांड़ में शादी के लिए आ रही थी। घायलों को तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया है।

### सासाराम में धर्मांतरण का आरोप, 3 गिरफ्तार


**सासाराम।** बिहार के सासाराम जिले में एक पादरी के साथ एक युवती की गंदी तस्वीरें वायरल कर दी गईं। मामला कोचस का है।



यहां पुलिस ने तीन को गिरफ्तार किया है। राजपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने केस दर्ज करवाया है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि धर्मावती नदी के किनारे स्थित पास्टर शंभू शर्मा द्वारा संचालित द चर्च ऑफ वंडर्स और विजडम में युवती काम करती हैं।

### हाथरस की रबड़ी को मिलेगी अलग पहचान

**हाथरस।** जनपद हाथरस की प्रसिद्ध रबड़ी अब देश ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाने की दिशा में अग्रसर है।



मुख्यमंत्री योगी द्वारा'एक जनपद-एक व्यंजन योजना के अंतर्गत हाथरस की रबड़ी को शामिल किए जाने की घोषणा के बाद जिले के रबड़ी कारोबारियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

---

आज से लखनऊ में जुटेंगे देश भर की विधानसभाओं के अध्यक्ष

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रहेंगे मुख्य अतिथि

*यूपी में कल से देश भर की सभी विधानसभाओं और विधान परिषदों के अध्यक्ष जुटेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला विशेष तौर पर यहां मौजूद रहेंगे।*

एजेंसी ⏭ लखनऊ

राजधानी 19 से 21 जनवरी तक राष्ट्रीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन की मेजबानी करेगी। तीन दिवसीय सम्मेलन में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं के अध्यक्ष, विधान परिषदों के सभापति तथा संसद के वरिष्ठ पदाधिकारी भाग लेंगे। आयोजन की मेजबानी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना करेंगे। विधानभवन में होने वाले सम्मेलन का उद्घाटन 19 जनवरी को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओमप्रकाश बिरला और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। समापन सत्र को 21 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संबोधित करेंगे।

- 19 जनवरी को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी उद्घाटन
- समापन सत्र 21 जनवरी को सीएम योगी संबोधित करेंगे
- 2015 में प्रदेश को इसकी मेजबानी मिली



### बदला रहेगा शहर का ट्रैफिक

कार्यक्रम में अध्यक्ष, लोकसभा, राज्यपाल व मुख्यमंत्री समेत अन्य शामिल होंगे। इसकी वजह से विधान भवन व इसके आस-पास 19 जनवरी से 21 जनवरी तक सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक डायवर्जन प्लान लागू रहेगा। इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस लोगों को निकलवाएगी। पुलिस ने लोगों से डायवर्जन वाले मार्ग की ओर जाने से बचने की अपील की है।

### उत्तर प्रदेश में यह चौथी बार आयोजित

विधानमंडलीय परंपरा के तहत यह सम्मेलन प्रत्येक वर्ष किसी न किसी राज्य में आयोजित होता है। पिछली बार इसका आयोजन कर्नाटक में हुआ था। यूपी में यह चौथी बार आयोजित किया जा रहा है, इससे पहले वर्ष 2015 में प्रदेश को इसकी मेजबानी मिली थी। सम्मेलन के समानांतर 19 जनवरी को विधानसभा और विधान परिषद सचिवों का अलग सम्मेलन भी होगा। वहीं, 20 जनवरी को मुख्य सत्र में विधायी संस्थाओं की भूमिका, संसदीय मर्यादा, कार्यकुशलता और लोकतांत्रिक मूल्यों पर व्यापक चर्चा की जाएगी।

विधान भवन में 19 जनवरी से अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का 86वां और विधायी निकाय के सचिवों का 62वां सम्मेलन आयोजित होगा। कार्यक्रम के मद्देनजर तीन दिन तक यातायात परिवर्तित रहेगा। तीन दिन शहर में वीआईवी मेवमेंट के कारण ट्रैफिक में बदलाव किया गया है।

---

अपनी जमीन पर 2 कमरे, किचन, टॉयलेट और वॉशरूम बनाने

# सीएम योगी ने एक क्लिक से दो लाख परिवारों को ट्रांसफर की प्रधानमंत्री आवास की किस्त

एजेंसी ⏭ लखनऊ

*योगी लाभार्थियों से पूछा कि आवास मिलने के बाद आपको कैसा लग रहा है? उन्होंने यह भी जाना कि लाभार्थियों को अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं। सीएम योगी ने कहा कि 2014 के पहले किसी को इन योजनाओं का लाभ नहीं मिलता था। आज सभी को इनका लाभ मिल रहा है।*

उत्तर प्रदेश के लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के 2 लाख लोगों को 18 जनवरी रविवार को बड़ी सौगात मिल गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त मुख्यमंत्री ने भेज दी है। लखनऊ के गोमती नगर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2000 करोड़ रुपए की अनुदान राशि ट्रांसफर की।

यह पैसा पीएम आवास योजना की लाभार्थी आधारित निर्माण श्रेणी में आवेदन करने वाले लाभार्थियों के खाते में पैसा भेजा गया है। इस योजना के तहत अपनी जमीन पर कम से कम 2 कमरे, किचन, टॉयलेट और वॉशरूम बनाने के लिए सरकार की ओर 2.5 लाख रुपए दिए जाते हैं। इनमें से 1.5 लाख रुपए केंद्र सरकार की ओर से मिलते हैं जबकि 1 लाख रुपये राज्य सरकार की ओर से मिलते हैं। इस कार्यक्रम में केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी मौजूद थे।

- **पीएम आवास योजना शहरी के तहत 3 किस्तों में पैसा आता है**
- **घर का निर्माण 12 से 18 महीने में करना होगा**



### इन लोगों के खाते में पहले आया पैसा

पीएम आवास योजना शहरी की बीएलसी श्रेणी में प्राथमिकता की सूची तय है। इसके तहत विधवा, सिंगल महिला, सीनियर सिटिजन, एससी,एसटी अल्पसंख्यकों और अन्य कमजोर वर्ग को वरीयता दी जाती है।

### घर बनने के बाद जियो टैगिंग करनी होगी

पीएम आवास योजना शहरी की बीएलसी कैटेगरी में जिन लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त आई है, उनका सवाल हो सकता है कि अगला पैसा कब मिलेगा? पीएम आवास योजना की दूसरी किस्त कब आएगी? पीएम आवास योजना शहरी के तहत 3 किस्तों में पैसा आता है। पहली और दूसरी किस्त में 40-40 फीसदी पैसा ट्रांसफर किया जाता है। इसके बाद बाकी का 20 फीसदी मिलता है। दिशानिर्देशों के मुताबिक राज्य सरकारें अपना हिस्सा बिना केंद्र सरकार की किस्त का इंतजार किए जारी कर सकते हैं। बीच में प्रशासन की ओर से वेरिफिकेशन की जाएगी और इसके बाद बाकी का 40 फीसदी पैसा जारी किया जाएगा। घर का निर्माण 12 से 18 महीने में करना होगा तभी बाकी का पैसा मिलेगा। घर बनने के बाद जियो टैगिंग करनी होगी और इसके 7 दिनों के भीतर पूरा पैसा मिल जाएगा।

---

आरसीपीसिंह के उत्साह पर पानी फेर दिया

# जेडीयू में वापसी पर ललन सिंह ने समझाया 72-42-85 का फार्मूला



एजेंसी ⏭ पटना

पूर्व केंद्रीय मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह(आरसीपी) की नीतीश कुमार की पार्टी जदयू में वापसी के कयास लगाए जा रहे हैं। कभी नाम सुनते ही आग उगलने वाले आरसीपी के सुर इन दिनों नीतीश कुमार को लेकर बदले हुए हैं। लेकिन, इस मुद्दे पर ललन सिंह का बड़ा बयान आया है। केंद्रीय पंचायतीराज मंत्री ललन सिंह ने पार्टी को 72 से 42 पर पहुंचाने वाले व्यक्ति का जदयू में कोई स्थान नहीं है।

**बिहार को लेकर केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी साझा की:** ललन सिंह रविवार को मुंगेर में मीडिया के साथ बिहार को लेकर केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी साझा किया। इस दौरान उनसे पुराने साथी आरसीपी सिंह की जदयू में वापसी की संभावना पर सवाल पूछा। इस पर ललन सिंह ने ब्रेक लगा दिया। उन्होंने कहा- बिहार की जनता व समर्पित कार्यकर्ताओं ने नीतश कुमार को 42 से 85 पर पहुंचा दिया। 72 को 42 बनाने वाले के लिए कोई जगह नहीं है।

### आरसीपी सिंह नीतीश की शान में गढ़ रहे कसीदे

दरअसल आरसीपी सिंह ने एक कार्यक्रम में कहा कि नीतीश कुमार उनके अभिभावक हैं। वे अपने नेता(नीतीश कुमार) से कभी दूर नहीं रहे। उनके बीच सिर्फ पॉलिटिकल रिलेशन नहीं है बल्कि व्यक्तिगत रिश्ते हैं। वे मुझे या मैं उन्हें जितना जानता हूं उतना कोई नहीं जानता। उसके बाद कयास लगाए जाने लगे कि आरसीपी सिंह की जदयू में वापसी हो सकती है। आसन्न राज्यसभा चुनाव से पहले आरसीपी सिंह नीतीश की शान में कसीदे गढ़ रहे हैं। आरसीपी पहले भी राज्यसभा जा चुके हैं। ललन सिंह ने आरसीपी के उत्साह पर पानी फेर दिया है।

---

## पेज एक का शेष

### करीब 4 करोड़ ....

घंटों तक सभी दिशाओं से आते रहे। इससे पहले, मकर संक्रांति के मौके पर करीब 1.03 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया था, जबकि एकादशी पर करीब 85 लाख लोगों ने गंगा और संगम में स्नान किया था।

### भीड़ ज्यादा थी...

नाराज हो गए और शिष्यों को छुड़वाने पर अड़ गए। करीब 2 घंटे तक गहमा-गहमी रही। इसके बाद पुलिस ने शंकराचार्य के कई और समर्थकों को हिरासत में ले लिया। शंकराचार्य की पालकी को खींचते हुए संगम से 1 किमी दूर ले जाया गया। इस दौरान पालकी का क्षत्रप भी टूट गया। शंकराचार्य स्नान भी नहीं कर पाए। इस पूरे मामले से नाराज शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद अपने शिविर में धरने पर बैठ गए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक पुलिस प्रशासन ससम्मान प्रोटोकॉल के साथ नहीं ले जाएगा, तब तक गंगा स्नान नहीं करूंगा। प्रयागराज के डीएम मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद बिना इजाजत पालकी पर आए थे। उस समय संगम पर बहुत ज्यादा भीड़ थी। उनके समर्थकों ने बैरियर तोड़े, पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की। हम इस पूरे मामले की जांच कर रहे हैं।

### असम की धरती ...

को हिंसा की आग में धकेला। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद असम के सामने बड़ी चुनौतियां थीं, लेकिन कांग्रेस ने उन समस्याओं का समाधान खोजने की बजाय उस पर सियासी रोटियां सेंकी। उन्होंने कहा कि जब विश्वास की जरूरत थी, तब कांग्रेस ने विभाजन को बढ़ाया। जब संवाद की जरूरत थी, तब कांग्रेस ने उपेक्षा की और बातचीत के रास्ते बंद किए। जब जरूरत अपने लोगों के जख्म भरने और असम के लोगों की सेवा करने की थी, तब कांग्रेस असम के दरवाजे घुसपैठियों के आवभगत में लगी रही।

### कांग्रेस ने राज्य को ...

प्राथमिकता बनाया है। रोडवेज, रेलवे, एयरवेज और वाटरवेज के माध्यम से असम को जोड़ने का काम एक साथ शुरू हुआ, लेकिन कांग्रेस ने कभी इसकी परवाह नहीं की। जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तो असम को बहुत कम (लगभग 2000 करोड़ रुपए) रेल बजट मिलता था। अब भाजपा सरकार ने इसे बढ़ाकर लगभग 10 हजार करोड़ रुपए सालाना कर दिया है।

### कहा, बिजली प्रणाली ...

बजट पेश किया जाएगा। श्री विज ने राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर कहा कि सरकार अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रही है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि बिजली प्रणाली को सुधारना हमारी प्राथमिकता है ताकि उपभोक्ताओं तक निर्बाध गुणवत्तापरक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। कांग्रेस द्वारा राज्य में कर्ज बढ़ने को लेकर दिए गए बयान के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में विज ने कटाक्ष करते हुए कहा कि क्या कांग्रेस ने राजनीति छोड़ ज्योतिषी की दुकान खोल ली है। उन्होंने कहा कि अभी बजट बन रहा है और सभी हितधारकों की राय की जा रही है। इस बारे में मुख्यमंत्री स्वयं सभी विभागों की बैठके ले रहे है और बहुत ही मजबूत बजट पेश किया जाएगा। कानून व्यवस्था के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने के चलते 5000 के लगभग असामाजिक तत्वों को जेल में डाल दिया गया है। इसलिए सरकार अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रही है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री से मुलाकात के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में विज ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में विकास को लेकर आज केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से बातचीत हुई है ताकि केंद्र के साथ साथ राज्य के लोगों तक ऊर्जा क्षेत्र की योजनाओं का लाभ पहुंच सके। उन्होंने बताया कि बिजली प्रणाली को सुधारना हमारी प्राथमिकता है ताकि उपभोक्ताओं तक निर्बाध गुणवत्तापरक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

**केंद्र सरकार ने हिसार की खेदड़ यूनिट के लिए कोल लिंकेज आवंटित किया- विज:** हरियाणा को नया कोल लिंकेज आवंटित होने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में विज ने कहा कि जब भी नया थर्मल प्लांट या यूनिट लगाई जाती है तो कोल ब्लॉक लेना जरूरी होता है। उन्होंने बताया कि पानीपत और हिसार के खेदड़ में 800-800 मेगावाट की यूनिट लगाई जानी है इसलिए अभी हाल ही में केंद्र सरकार ने हिसार की खेदड़ यूनिट के लिए कोल लिंकेज आवंटित किया है। इस आवंटन से हिसार के खेदड़ की नई यूनिट के कार्य में प्रगति आएगी। इसके अलावा, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने यमुनानगर में 800 मेगावाट की नई यूनिट का भी शिलान्यास किया है जिसका कार्य प्रगति पर है। नगर निकाय चुनावों को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में विज ने कहा कि अब कोई भी चुनाव आए, उनमें केवल भाजपा ही जीतेगी। उन्होंने कहा कि यह सिलसिला हरियाणा की जीत से शुरू हुआ था और फिर दिल्ली जीते, फिर बिहार जीते और अब बीएमसी जीते तथा आने वाले समय में भाजपा बंगाल जितने वाली है क्योंकि हिन्दुस्तान की जनता को यह समझ आ गया है कि काम करने वाली भाजपा ही पार्टी है।

### जांच में हुए ...

एक आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। नबी वही व्यक्ति था जो 10 नवंबर को लाल किले के पास विस्फोटकों से लदी गाड़ी चला रहा था। इस विस्फोट में 12 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। गिरफ्तार किए गए संदिग्धों से पूछताछ के दौरान डॉक्टर से आतंकी बने नबी द्वारा अपनाई गई भर्ती की रणनीतियों का खुलासा हुआ है। इसी आधार पर एनआईए ने शोपियां निवासी यासिर अहमद डार को गिरफ्तार किया।

**युवकों का जीता था भरोसा:** अधिकारियों ने बताया कि नबी ने यासिर डार को एक संभावित आत्मघाती हमलावर के रूप में सफलतापूर्वक कट्टरपंथी बना दिया था, लेकिन पिछले साल अगस्त में हुई एक मुलाकात के दौरान उसने आखिरी समय में इस साजिश से पीछे हटने का फैसला किया। उसने इसके लिए 'सेब की पैदावार का मौसम' और घर में मरम्मत का काम होने को कारण बताया। अधिकारियों के अनुसार यासिर डार 2023 से नबी के संपर्क में था। नबी का डॉक्टर होना उसके प्रभाव में आने का एक बड़ा कारण बना। उसकी कट्टरपंथी बातें भर्ती किए गए लोगों को अधिक प्रभावशाली और विश्वसनीय लगती थीं। अधिकारियों ने बताया कि जांच से संकेत मिला है कि नबी केवल आतंकी ही नहीं था, बल्कि रणनीतिक रूप से भर्ती भी करता था। वह 'प्राइमरी सेल' के पकड़े जाने पर भी आतंकी अभियान की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए सेकेंडरी, स्वतंत्र सेल बना रहा था। जांच के दौरान पुलिस ने एक आरोपी के फोन से एक 'वॉइस नोट' भी बरामद किया, जिसमें वह जिहाद के लिए 'बायत' (निष्ठा की कसम) ले रहा है।

**सोशल मीडिया का इस्तेमाल :** स्कूल की पढ़ाई छोड़ चुका यासिर डार का नाम पहले भी जांच में सामने आया था, जब उसका एक दोस्त आतंकी संगठनों से जुड़ा था। पूछताछ के दौरान पता चला कि वह सोशल मीडिया टेलीग्राम के जरिए नबी के संपर्क में था और उसे हमेशा बेहतरीन शारीरिक प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के लिए कहा जाता था। अधिकारियों के अनुसार डार दूसरा संभावित आत्मघाती हमलावर था, जिसे नबी आतंकी मॉड्यूल में शामिल करने की कोशिश कर रहा था। उसका मानना था कि आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए आत्मघाती हमलावर का होना बेहद जरूरी है।

### संघ प्रमुख डॉ. भागवत...

और ऋषियों से एक समृद्ध आध्यात्मिक विरासत मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उदाहरण देते हुए संघ प्रमुख ने कहा कि चाहे वह नरेंद्र भाई हों, मैं हूं, आप हों या कोई और, हम सभी को चलाने वाली एक ही शक्ति है। और वह चालक धर्म ही है।

### धर्म को बताया ...

कर्तव्य है और आचरण के नियम हैं। पूर्वजों ने गहन आध्यात्मिक शोध और प्रयासों से इन कानूनों को समझा था।

**राज्य धर्मनिरपेक्ष हो सकता है, व्यक्ति नहीं :** उन्होंने यह भी राय व्यक्त की कि एक राज्य या व्यवस्था धर्मनिरपेक्ष हो सकती है, लेकिन कोई भी इंसान या रचना धर्म के बिना अस्तित्व में नहीं रह सकती। उन्होंने कहा कि भारत के सामान्य जनमानस में धर्म गहरा समाया हुआ है। झोपड़ी में रहने वाला व्यक्ति शायद भाषण न दे पाए, लेकिन धर्म उसकी रगों में बहता है।

### मन से जाति मिटाओ ...

समाज में पैठ बना ली और भेदभाव का कारण बनी। लोगों से अपील की कि वे इसे अपने मन से निकाल दें।

**संघ का उद्देश्य- सभी को साथ लेकर चलना है :** लोगों के सवालों का जवाब देते हुए डॉ.भागवत ने कहा कि संघ का उद्देश्य भारत को इसका सर्वोत्तम गौरव दिलाना है, साथ ही समाज को भी साथ में लेकर चलना है। उन्होंने कहा कि संघ व्यक्ति के चरित्र निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए काम करता है और यह कोई प्रतिक्रिया के रूप में स्थापित संस्था नहीं है, न ही यह किसी से प्रतिस्पर्धा करता है।

---

# पीलीभीत में हादसा, शारदा नदी में डूबे दो किशोर

### बचाने कूदे तीसरे युवक की भी गई जान



एजेंसी ⏭ पीलीभीत

पूरनपुर क्षेत्र में धनाराघाट पर शारदा नदी में नहाने गए सुमित (14 वर्ष) व सौरभ (15 वर्ष) की नदी में डूबकर मौत हो गई। उन्हें डूबता देख बचाने के लिए नदी में कूदे युवक की भी जान चली गई। तीन मौतों से घाट पर कोहराम मच गया। पुलिस और प्रशासन के अफसरों ने मृतकों के परिजनों को समझाकर शांत कराया।

जानकारी के मुताबिक सुमित व निताई के साथ मौनी अमावस्या के अवसर पर शारदा नदी के धनाराघाट पर गया था।

### गोताखोरों की मदद से निकाले गए शव

गहराई अधिक होने से दोनों किशोर नदी में डूब गए। किशोरों को डूबता देख नदी तट पर मौजूद केशव प्रसाद ने नदी में छलांग लगा दी। वह किशोरों को तो नहीं बचा सका, खुद भी नदी में डूब गया। स्थानीय गोताखोरों की मदद से तीनों के शव बरामद किए गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए ।

---

# मेजर शुभम सैनी की देहरादून में खाई में कार गिरने से मौत

### पार्थिव शरीर मेरठ में पैतृक गांव घसौली पहुंचा

एजेंसी ⏭ मेरठ

मेरठ के घसौली गांव निवासी मेजर शुभम सैनी की विकास नगर देहरादून में खाई में कार गिरने से मौत हो गई। आज रविवार को पोस्टमार्टम के बाद उनका पार्थिव शरीर मेरठ पहुंचा। उनके पार्थिव शरीर का ताबूत जैसे ही गांव में प्रवेश किया परिजनों में हाहाकार मच गया।

हादसे में जान गंवाने वाले मेजर शुभम सैनी का पार्थिव शरीर पैतृक गांव घसौली पहुंचते ही परिजनों का रोकर बुरा हाल हो गया। गमगीन माहौल में देर शाम उनका अंतिम संस्कार किया गया। गांव में हर व्यक्ति की आंखों में आंसू थे। बेटे का ताबूत देखकर मां बार—बार बेहोश हो रही थी। परिजनों को ग्रामीण ढाढस बंधा रहे थे। घसौली गांव निवासी मेजर



शुभम सैनी की कार देहरादून-चकराता मार्ग पर गहरी खाई में गिर गई थी। चकराता के छावनी क्षेत्र में हादसे के बाद सैन्यकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और मेजर शुभम सैनी को खाई से निकाला।

मेजर के सिर पर गंभीर चोटें आने के कारण उन्हें तुरंत सैनिक अस्पताल ले जाया गया। जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।रोहटा थाना क्षेत्र स्थित गांव घसौली निवासी शुभम सैनी के परिजनों का कहना है कि मेजर शुभम सैनी किसी कार्य से चकराता से देहरादून जा रहे थे।

---

महिला की जली हड्डियां, अंग व चिता की राख बरामद

# तीसरी पत्नी को मारकर 10 दिन घर में जलाता रहा लाश, टैक्सी बुक कर रखा नीला बॉक्स

दुर्गंध छिपाने के लिए राम सिंह ने लाश के टुकड़े किए

> रेलवे से रिटायर्ड हत्यारोपी रामसिंह परिहार मौके से फरार हो गए

एजेंसी ⏭ झांसी

उत्तर प्रदेश के झांसी में दिल-दहलाने वाला मामला सामने आया है। सीपरी बाजार थाना क्षेत्र के ब्रह्मनगर कॉलोनी में रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी ने अपनी तीसरी पत्नी 10 दिन पहले हत्या कर दी। दुर्गंध छुपाने को शव के टुकड़े कर धीरे-धीरे घर में ही फूंक डाला। रविवार तड़के ठिकाने लगाने ले जाते वक्त ड्राइवर की सूचना पर पुलिस ने टैक्सी में रखा नीला बॉक्स खोला तो महिला की जली हड्डियां, अंग और चिता की राख बरामद हुई। वहीं पीछे आ रहा हत्यारोपी फरार हो गया है।



### 8 जनवरी को राम सिंह ने प्रीति की हत्या कर

सीपरी बाजार के ब्रह्मनगर कॉलोनी में किराए के मकान में रेलवे से रिटायर्ड राम सिंह परिहार तीसरी पत्नी के रूप में प्रीति सिंह (उम्र 41 वर्ष) को रखे थे। कुछ दिनों पहले दोनों के बीच कुछ विवाद हुआ। बीती 8 जनवरी को राम सिंह ने प्रीति की हत्या कर दी और शव को कमरे में रख दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लाश की दुर्गंध छिपाने के लिए राम सिंह ने लाश के टुकड़े किए और धीरे-धीरे टुकड़ों को जला डाला।

### नीला बॉक्स ऑटो में रख स्वयं बाइक से पीछे आने लगा

अधजली लाश को ठिकाने लगाने ऑटो चालक जय सिंह पाल को 400 रुपए में बुक किया और सामान मिनर्वा तक पहुंचाने को कहा। नीला बॉक्स ऑटो में रखकर वह स्वयं बाइक से पीछे आने लगा। जैसे ही ड्राइवर मिनर्वा चौराहा के पास पहुंचा तो दुर्गंध और बॉक्स से निकलता पानी देख कुछ संदेह हुआ। उसने पीछे मुड़कर तो राम सिंह फरार था। ड्राइवर की सूचना पर नबाबाद रवि श्रीवास्तव, कोतवाली थाना प्रभारी विद्या सागर ने पहुंचकर जब बॉक्स खोला तो दंग रह गए। उसमें जला-कटा महिला का शव रखा था। उन्होंने सीपरी बाजार थाना प्रभारी विनोद मिश्रा को बुलाया। पुलिस, ड्राइवर को हिरासत में लेकर ब्रह्मनगर कॉलोनी हत्यारोपी के मकान में गई तो वह भाग चुका था।



# पांच साल पुरानी पोस्ट पर खड़ा हुआ हंगामा

**मुंबई।** एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक स्क्रीनशॉट वायरल है, जिसमें एक लड़की भूषण कुमार और नोरा फतेही के लिंकअप पर बात कर रही है। वह कहती है, 'नोरा लग्जरी बैग, कपड़े, कार का खर्च कैसे उठा सकती हैं। वह पोस्ट में इसकी वजह भूषण कुमार के साथ उनके कथित रिश्ते को बताती है। यह पोस्ट लगभग पांच साल पुरानी है। लेकिन, हाल में भी जब इस पोस्ट का स्क्रीनशॉट सामने आया तो नोरा ने इस पर रिएक्शन दिया और लिखा, 'वाउ'। इस तरह कहीं ना कहीं नोरा ने इन अफवाहों पर मजाक उड़ाया है।

## लाइफ Style



# त्रिधा

## मेरे सामने उसे गलत तरीके से टच किया

एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अक्सर स्टार्स के साथ छेड़छाड़ और कास्टिंग काउच की खबरें सुनने को मिलती हैं। कई बार एक्ट्रेसेस को फिल्मों और सीरियल्स में रोल के बदले कंप्रोमाइज के ऑफर तक दिए जाते हैं।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

ऐसे में अब जानी मानी एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी ने भी अपनी एक फीमेल को-एक्ट्रेस संग सेट पर हुई एक ऐसी ही घटना का जिक्र अपने हालिया इंटरव्यू में किया। त्रिधा ने बताया कि कैसे उसे उनके ही सामने गलत तरीके से टच किया गया था। त्रिधा चौधरी जल्द ही कपिल शर्मा के साथ फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' में नजर आने वाली हैं। मूवी में उनके साथ बिग बॉस फेम और 'धुरंधर' के आइटम सॉन्ग से चर्चा में आईं आयशा खान भी नजर आने वाली हैं। ऐसे में त्रिधा ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया है। इस दौरान त्रिधा ने प्रोफेशनल लाइफ के साथ पर्सनल लाइफ पर किए गए सभी सवालों के खुलकर जवाब दिए। इंटरव्यू में त्रिधा से पूछा कि क्या कभी किसी ने गलत तरीके से अप्रोच किया है। आयशा ने बिग बॉस में बताया था कि उनके साथ ऐसा कुछ हो चुका है। इस पर त्रिधा ने खुलासा किया, 'फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' के सेट पर एक बार किसी ने आयशा खान को गलत तरीके से छुआ था, और यह घटना उनकी आंखों के सामने हुई थी। त्रिधा अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, 'हालांकि, उन्होंने मौके पर कोई विरोध नहीं किया लेकिन बाद में इस बारे में बात की और कहा कि ऐसी घटनाओं से बचना चाहिए।

## हॉलीवुड मसाला



# ऑल दैट में की थीं काम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार कियाना अंडरवुड का सिर्फ 33 साल की उम्र में निधन हो गया है। वो निकेलोडियन के 'ऑल दैट' के आखिरी सीजन में नजर आई थीं। कियाना अंडरवुड 2005 में लोकप्रिय स्केच कॉमेडी सीरीज 'ऑल दैट' के सात एपिसोड में अमांडा बाइनेंस, निक कैनन और केनन थॉम्पसन जैसे सितारों के साथ नजर आई थीं। उन्होंने निकेलोडियन के 'लिटिल बिल' में भी काम किया था। बिल कॉस्बी द्वारा निर्मित एनिमेटेड सीरीज 'लिटिल बिल'में उन्होंने मुख्य किरदार की चचेरी बहन फुच्सिया ग्लोवर को आवाज दी।





# अवतारः फायर एंड ऐश ओटीटी पर होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स कैमरून ने साल 2009 में पहली बार 'अवतार' फिल्म बनाई थी। अब इसका तीसरा पार्ट दिसंबर 2025 में रिलीज हुआ। इसने वर्ल्डवाइड 11,200 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म को अब आप घर बैठकर देख सकते हैं। हालांकि, ऑफिशियल ऐलान होना बाकी है। जेम्स कैमरून की साइंस-फिक्शन मूवी 'अवतारः फायर एंड ऐश' ने ग्लोबली बॉक्स ऑफिस पर 11,200 करोड़ रुपए कमाई की। ये 19 दिसंबर 2025 को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब आप इसे घर बैठकर ऑनलाइन देख सकते हैं। जेम्स कैमरून के निर्देशन में बनी 'अवतार 3' को ग्लोबली दर्शकों का जबरदस्त रिएक्शन मिला। इसने वर्ल्डवाइड 11,200 की कमाई कर ली है। हालांकि, भारत में सभी भाषाओं में 170 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया।



# रणवीर नहीं, विजय की दीवानी हैं सारा

**मुंबई।** 'धुरंधर' में 20 साल की सारा अर्जुन ने इतनी कम उम्र में वो मुकाम हासिल किया, जिसे पाने में स्टार्स को सालों लग जाते हैं। 'धुरंधर' की सक्सेस के बाद सारा हर जगह सुर्खियों में बनी हुई हैं। लेकिन, आप जानकर हैरान होंगे कि जिस एक्टर के साथ पर्दे पर उनकी केमिस्ट्री को इतना पसंद किया जा रहा है, वो ही उनका फेवरेट स्टार नहीं, बल्कि कोई और है। दरअसल, हाल ही में सारा अर्जुन 'यूफोरिया' फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर पहुंचीं। जहां सारा ने अपनी मौजूदगी से हर किसी का ध्यान खींचा। ऐसे में सारा से पूछा गया कि वो किस एक्टर की सबसे बड़ी फैन हैं? लोगों को उम्मीद थी कि वो अपने 'धुरंधर' में उनके को-एक्टर रणवीर सिंह का नाम लेंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सारा ने फटाक से जवाब देते हुए कहा कि वो साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा को काफी पसंद करती हैं।



# राजकुमार ने किया बिटिया का नामकरण...

**मुंबई।** राजकुमार राव और पत्रलेखा ने अपनी बेबी गर्ल की पहली झलक फैंस को दिखाई है। साथ ही बेटी के नाम से भी पर्दा हटाया है। कपल ने 15 नवंबर, 2025 को बेटी का स्वागत किया था। रविवार को उन्होंने बेटी का नामकरण किया है। राजकुमार राव और पत्रलेखा ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक संयुक्त पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने एक तस्वीर के साथ लिखा है, 'हाथ जोड़कर और पूरे दिल से, हम अपने सबसे बड़े आशीर्वाद से आपको मिलवा रहे हैं'। आगे उन्होंने बेटी का नाम लिखा है, 'पार्वती पॉल राव'। राजकुमार राव और पत्रलेखा ने अपनी बेटी की पहली झलक भी हालिया पोस्ट के जरिए दिखाई है। हालांकि, कपल ने बेटी का चेहरा रिवील नहीं किया है। उन्होंने एक फोटो शेयर की है, जिसमें पत्रलेखा और राजकुमार राव ने अपने हाथों में नन्ही परी का हाथ थाम रखा है।

## टीवी मसाला



# आनंद कुमार की सुपर 30 का स्टूडेंट पहुंचा शार्क के मंच पर

**नई दिल्ली।** शार्क टैंक इंडिया के पिछले सीजन ऑडियंस के बीच जबरदस्त हिट रहे हैं। देशभर से लोग अपना नया आईडिया लेकर शार्क के पास फंडिंग के लिए पहुंचे थे। शो की सफलता देखते हुए शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 आया और आते ही हिट हो गया। इस बार शो पर आनंद कुमार की सुपर 30 से उनका एक पुराना स्टूडेंट पहुंचा है जिसने अपने बिजनेस आईडिया से शार्क को भी हैरान कर दिया। आदित्य आनंद नाम के इस शख्स ने बताया कि इन्होंने आनंद कुमार की सुपर 30 वाले बैच से अपनी पढ़ाई की थी। और अपना बिजनेस चला रहे हैं। आदित्य मुंगेर बिहार के रहने वाले हैं। आनंद कुमार के जीवन पर ही ऋतिक रोशन की फिल्म सुपर 30 बनाई गई थी। आनंद कुमार गरीब बच्चों को फ्री और कम से कम पैसों में पढ़ाते हैं। आदित्य भी एक समय में उनकी सुपर 30 का हिस्सा रहे हैं। आनंद कुमार से पढ़ने के बाद आदित्य ने **IIT** का एंट्रेंस एग्जाम पास किया और **IIT** कानपुर से अपनी पढ़ाई पूरी की। आदित्य ने बताया कि उन्होंने पांच साल तक काम किया और खुद सेविंग कर अपना नया बिजनेस शुरू किया है जो किसी भी कंपनी के डाटा स्टॉक रिसर्च में मददगार है। ये काम वो **AI** की मदद से करते हैं। आदित्य की ये बातें सुन सभी शार्क खुश हुए। बता दें, इसके अलावा शार्क के मंच पर कई बिजनेस आईडिया पहुंचे थे।

## खतरों के खिलाड़ी 15 के कंटेस्टेंट्स की सामने आई टेंटेटिव लिस्ट

**नई दिल्ली।** स्टंट बेस्ड रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी सीजन 15' का साल 2025 में दर्शक इंतजार ही करते रह गए और ये शो टेलीकास्ट ही नहीं हुआ।



मगर अब इसके प्रीमियर को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। कलर्स टीवी और जियोहॉटस्टार पर प्रसारित होने वाले इस शो को हर बार की तरह रोहित शेट्टी ही होस्ट करेंगे। 'बिग बॉस तक' की रिपोर्ट के मुताबिक, 'खतरों के खिलाड़ी सीजन 15' की शूटिंग जहां पहले जनवरी में शुरू होनी थी। वहीं, अब दावा किया जा रहा है कि मई में सभी एपिसोड्स शूट किए जाएंगे और जून, 2026 में इसका प्रीमियर होगा। हालांकि, अभी किस जगह पर सेट बनाना है, ये तय नहीं हुआ है। मेकर्स अभी लोकेशन को फाइनलाइज करने का काम कर रहे हैं। शो को लेकर कंटेस्टेंट्स की टेंटेटिव लिस्ट्स भी सामने आई है। 'बॉम्बे टाइम्स' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'बिग बॉस 19' के विनर गौरव खन्ना और रनर-अप रहीं फरहाना भट्ट इस सीजन का हिस्सा हो सकती हैं। इनके अलावा, अभिषेक बजाज, बसीर अली का भी नाम सामने आ रहा है।

# 2016 के ट्रेंड में शामिल हुईं भूमि

## शेयर की अक्षय के साथ पहली तस्वीर

**मुंबई।** भूमि पेडनेकर भी बॉलीवुड की बाकी सेलेब्स की तरह सोशल मीडिया पर '2016' ट्रेंड में शामिल हो गई हैं। अपनी तस्वीरों की एक पोस्ट में भूमि ने उस साल के कई पलों को साझा किया है, जिनमें अक्षय कुमार के साथ उनकी पहली तस्वीर, बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन के लिए पिलाटेस सेशन शामिल हैं। भूमि की ये पोस्ट अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।



भूमि ने 2015 में फिल्म दम लगा के हईशा से अपनी एक्टिंग की शुरुआत की थी। आयुष्मान खुराना के साथ इस फिल्म में भूमि ने एक मोटी टीचर का रोल निभाया था। उस समय उन्होंने पुरानी सोच को तोड़कर अपने अभिनय से सबको प्रभावित किया था। 2016 में उन्होंने अपना वजन कम किया और अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'टॉयलेटः एक प्रेम कथा' में काम किया। अपनी नई पोस्ट में, भूमि ने 2016 के कुछ यादगार पलों को शेयर किया, जैसे उनका पहला फोटोशूट और बॉडी चेंज की तस्वीरें। भूमि पेडनेकर ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, '2016 सपनों से भरा साल था। 'टॉयलेट एक प्रेम कथा' के सेट पर- पहली स्लाइड में भूमि ने 'टॉयलेटः एक प्रेम कथा' के सेट से अक्षय के साथ एक मजेदार सेल्फी शेयर की है। दूसरी स्लाइड में उनके पहले फोटोशूट की तस्वीर है, जिसमें वो काली ड्रेस में पोज दे रही हैं। फिल्मफेयर मैगजीन में भूमि का पहला फीचर 2016 में आया था। उन्होंने अपने शरीर को बदलने के लिए पिलाटेस किए थे। भूमि की तस्वीरों में एक मजेदार तस्वीर अक्षय कुमार के साथ है। दोनों सेल्फी में साथ हैं, और पीछे एक भारतीय टॉयलेट दिख रहा है। आखिरी तस्वीर उनकी बहन समीक्षा पेडनेकर के साथ है। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है और लोग इसकी बहुत तारीफ कर रहे हैं।

# केवल एक घर में शूट हुई ये दिल छू लेने वाली फिल्म

**मुंबई।** अगर आप हिंदी फिल्में देखने के शौकीन हैं और कुछ नया और अलग कंटेंट देखना चाहते हैं तो हम आपको साल 2022 में आई एक ऐसी शॉर्ट फिल्म के बारे में बता रहे हैं जो आपको यकीनन पसंद आएगी। फिल्म में न तो बहुत से डायलोग्स हैं और न ही बहुत सारे किरदार, फिर भी ये हिंदी फिल्म यकीनन आपके दिल को छू लेगी। फिल्म में जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं उसका नाम है द लास्ट एनवेलप। फिल्म में केवल तीन किरदार हैं। फिल्म नें अनु कपूर, शीबा चड्ढा और तेहरान बख्शी नजर आए



हैं। इस फिल्म की खास बात है कि फिल्म को केवल एक घर में शूट किया गया है। फिल्म में केवल एक लोकेशन और तीन कलाकार हैं।

### जापान की इस सर्विस पर आधारित है फिल्म

यह फिल्म जापान में 1990 में शुरू हुई उस सर्विस पर आधारित है जहां सर्विस प्रोवाइडर्स कस्टमर्स को एक्टर्स प्रोवाइड कराते हैं जो उनके करीबी और रिश्तेदारों की जगह घर आते हैं और परिवार के साथ थोड़ा टाइम बिताते हैं और उनके रिश्तेदारों की तरह ही एक्ट करते हैं। यह सर्विस सबसे पहले जापान में शुरू हुई थी ताकि एक आदर्श समाजिक व्यवस्था और बुजर्गों के प्रति स्वस्थ और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाया जा सके।

### क्या है फिल्म की स्टोरीलाइन?

फिल्म की शुरुआत ऐसे मां-बाप से होती है जो अपने बेटे के बर्थ डे पर उसके घर आने का इंतजार कर रहे होते हैं। मां अपने बेटे के लिए उसके मन का खाना बना रही होती है। पिता घर की सफाई कर रहे होते हैं। फिर दरवाजे पर दस्तक होती है। माता-पिता दरवाजा खोलकर बेटे का स्वागत करते हैं। पूरा परिवार एक साथ एंजॉय कर रहा होता है कि तभी बेटे की नजर घड़ी पर पड़ती है और कमरे में सन्नाटा छा जाता है। इसके बाद कहानी में एक ट्विस्ट आता है। ऐसा ट्विस्ट जो किसी को भी इमोशनल कर सकता है।

## अगर तुम आना चाहती हो, तो क्या मैं मना कर दूं

# 9 भाषाओं में बनाई गई ये तेलुगू फिल्म, 8 में हुई हिट

*मुंबई। करीब 26 साल पहले एक ऐसी तेलुगू फिल्म रिलीज हुई थी जिसे कई भाषाओं में बनाया गया था। एक शानदार कहानी जिसने कई मेकर्स को प्रभावित किया। आठ भाषाओं में सफल होने वाली इस फिल्म का हिंदी रीमेक फ्लॉप निकला। साल 2005 तेलुगू भाषा में एक फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने उस समय के बॉक्स ऑफिस नंबर्स को हिलाकर कर रख दिया था। सिर्फ 4 करोड़ में बनी इस फिल्म ने 18 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। ये फिल्म इतनी पसंद की गई कि हिंदी समेत 9 भाषाओं में बनाया गया। 8 भाषा में जबरदस्त सफलता मिली लेकिन सिर्फ हिंदी में ये फिल्म फ्लॉप साबित हुई। अपना बजट भी नहीं निकाल पाई। इस फिल्म का तेलुगू नाम है 'नुव्वोस्तानान्ते नेनोददंताना'। इस नाम का हिंदी मतलब है 'अगर तुम आना चाहती हो, तो क्या मैं मना कर दूं?'।*

### अनोखी रोमांस पर आधारित थी




प्रभुदेवा के डायरेक्शन में बनी फिल्म नुव्वोस्तानान्ते नेनोददंताना एक्टर सिद्धार्थ, तृषा, श्रीहरी के साथ मिलकर बनाई गई थी। फिल्म में एक छोटे रोल में प्रकाश राज भी नजर आए और खुद डायरेक्टर प्रभु देवा ने कैमियो किया था। फिल्म एक अनोखी रोमांस पर आधारित थी। उस समय ऐसी कहानी कम ही देखी गई थी इसलिए इस तेलुगू वर्जन को ऑडियंस ने खूब प्यार दिया। फिल्म को IMDB पर 7।9 की रेटिंग मिली है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म की कहानी सलमान खान की फिल्म 'मैंने प्यार किया' से प्रेरित थी। फिल्म रिलीज हुई थी तो भीड़ थिएटर के बाहर जमा होने लगी थी। ये सबूत था इस फिल्म की सफलता का। बाद में इस फिल्म को 9 भाषाओं में बनाया गया।

### रमैया वस्तावैया 2013 में हुई थी रिलीज

साल 2006 में इसी फिल्म का तमिल रीमेक रिलीज हुआ जिसका नाम था उनक्कुम एनाक्कुम, कन्नड़ में नीनेलो नानाल्ले, बंगाली में आई लव यू, मणिपुर में निंगोल थाजबा, ओड़िया में सुना चढ़ी मो रूपा चढ़ी, पंजाबी में तेरा मेरा की रिश्ता, बंगलादेशी में निसाश अमर तुमि, नेपाली में द फ्लैश बैकः फर्केरा हेर्दा, हिंदी में बनाई गई थी रमैया वस्तावैया जो साल 2013 में रिलीज हुई थी।

### हिंदी में फ्लॉप

हिंदी रीमेक रमैया वस्तावैया का रिलीज हु थी। इस फिल्म को ओरिजिनल डायरेक्टर प्रभु देवा ने ही डायरेक्ट किया था। फिल्म में गिरीश कुमार श्रुति हासन लीड रोल में थे और सोनू सूद ने निभाया था भाई का किरदार। 38 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 36 करोड़ ही कमाए थे। बॉक्स ऑफिस पर ये अकेली रीमेक फिल्म थी जो फ्लॉप हुई। अपना बजट भी नहीं निकाल पाई थी। हालांकि ऑडियंस ने इस फिल्म का म्यूजिक पसंद किया था।

## भाजपा नेत्रियों ने दी कड़ी प्रतिक्रिया राजधानी सहित प्रदेश भर में हुए विरोध प्रदर्शन, जलाया पुतला

# महिलाओं पर बयान देकर घिरे विधायक बरैया, कांग्रेस ने किया किनारा, भाजपा की मांग : पार्टी से करें बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


फूल सिंह बरैया


विरोध-प्रदर्शन

कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया द्वारा महिलाओं को लेकर दिए गए विवादित बयान के बाद प्रदेश में सियासी हलचल तेज हो गई है। भाजपा ने जहां बरैया के बयान का विरोध करते हुए कांग्रेस पार्टी से बाहर करने की मांग की है। वहीं दूसरी आरे कांग्रेस बरैया के बयान से किनारा करते नजर आ रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बरैया से स्पष्टीकरण मांगा है और साफ किया है कि पार्टी ऐसे बयान से सहमत नहीं है।

इधर दूसरी इंदौर, भोपाल एवं जबलपुर सहित पूरे प्रदेश में भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी एवं कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर बरैया से सार्वजनिक माफी एवं कांग्रेस से निष्कासन की मांग की। भोपाल के बोर्ड ऑफिस चौराहे पर महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी से फूल सिंह बरैया को निष्कासन की मांग करते हुए उनका पुतला

### नारी सम्मान की संस्कृति को विकृत करने का प्रयास कर रही है कांग्रेसः अश्विनी परांजपे


अश्विनी परांजपे


भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे ने फूल सिंह बरैया के बयान पर कहा कि बलात्कार जैसे जघन्य अपराध को 'तीर्थ' से जोड़ने का प्रयास न केवल घोर आपत्तिजनक है, बल्कि भारतीय संस्कृति और नारी सम्मान की परंपरा का अपमान भी है।

### बरैया का बयान उनका व्यक्तिगत विचार:पटवारी


जीतू पटवारी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि महिलाओं के साथ बलात्कार करने वाले अपराधी की कोई जाति या धर्म नहीं होता है। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार सरकार की विफलता के कारण मध्य प्रदेश में हर रोज 22 बलात्कार हो रहे हैं। इस विषम परिस्थिति में हर नागरिक की जिम्मेदारी बनती है कि हम इस अराजकता को रोकने और प्रदेश को सुरक्षित बनाने के लिए आगे आएं।

## नारी सम्मान कांग्रेस के लिए मूल्य नहीं, सिर्फ वोट बैंक : हेमंत


हेमंत खंडेलवाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी मंचों से महिला सम्मान और सशक्तिकरण की बातें करती हैं, लेकिन अपनी ही पार्टी के विधायक द्वारा दिए गए महिला विरोधी और अमर्यादित बयानों पर उनकी चुप्पी बहुत कुछ कहती है। यह चुप्पी स्पष्ट करती है कि यह कोई व्यक्तिगत भूल नहीं, बल्कि कांग्रेस की नीति और मानसिकता का हिस्सा है। कांग्रेस के लिए नारी सम्मान कोई मूल्य नहीं, बल्कि केवल एक वोट बैंक बनकर रह गया है। भाजपा की स्पष्ट मांग है कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और श्रीमती प्रियंका गांधी सार्वजनिक रूप से माफी मांगें।

### ग्रंथों की संकीर्ण व्याख्या सामाजिक एकता के लिए घातक : मुकेश


मुकेश नायक

मप्र कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने बरैया द्वारा रुद्रयामल तंत्र ग्रंथ के संदर्भ में दिए गए बयानों का तथ्यात्मक रूप से खंडन किया है। नायक ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक मंचों से प्राचीन ग्रंथों की भ्रामक व्याख्या करना उचित नहीं है, यह समाज के विभिन्न वर्गों के बीच अविश्वास पैदा करने वाला निरर्थक प्रयास है। नायक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी धर्मग्रंथों का सम्मान करती है और किसी भी नेता के ऐसे निजी विचारों का समर्थन नहीं करती जो बिना अध्ययन के धार्मिक आस्थाओं और गौरवशाली परंपराओं पर चोट करते हों। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं से अपील की है कि वे ग्रंथों के मर्म को समझें और किसी भी प्रकार के सांस्कृतिक भ्रम का शिकार न हों।

### बरैया का बयान कोई जुबानी फिसलन नहीं, बल्कि विकृत सोच का प्रदर्शनः आशीष अग्रवाल



भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने कांग्रेस विधायक बरैया कि बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया का बयान कोई जुबानी फिसलन नहीं, बल्कि बीमार, विकृत और आपराधिक सोच का सार्वजनिक प्रदर्शन है।

### *कांग्रेस पार्टी ऐसे किसी भी बयान का समर्थन नहीं करती है : डॉ. संजय कामले*

*कांग्रेस प्रदेश महासचिव डॉ. संजय कामले ने कहा कि उक्त बयान पूरी तरह से उनके निजी विचार हैं, जिनका कांग्रेस पार्टी से कोई संबंध नहीं है। बरैया जिन धर्मग्रंथों का हवाला दे रहे हैं, उन धर्मग्रंथों में इस संदर्भ में कोई भी व्याख्या नहीं है।*

## खबर संक्षेप

### भाजपा सहयोग सेल में पदाधिकारियों की होगी नियुक्ति

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा कार्यकर्ताओं से संवाद और उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रदेश कार्यालय में सहयोग सेल की व्यवस्था शुरू की है। इस सहयोग सेल में प्रदेश संयोजक और जिला संयोजक नियुक्त किए जाएंगे। सहयोग सेल में रिटायर्ड आईएएस अफसर भी शामिल करने पर विचार चल रहा है। इधर दूसरी ओर भाजपा के जिला पदाधिकारियों के जिला कार्यालय में बैठने के दिन तय किए जा रहे हैं। जो कार्यालय में बैठकर आम लोगों और कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनेंगे। जिन मामलों का निराकरण जिला स्तर पर नहीं हो पा रहा है तो ऐसे मामलों को प्रदेश कार्यालय की सहयोग सेल के पास भेजा जाएगा। इनमें प्रशासनिक समस्याएं और संगठन दोनों तरह के मामलों का निराकरण किया जाएगा। प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन द्वारा इस संबंध में सभी भाजपा जिला अध्यक्षों को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

### सीएम 30 को करेंगे पुष्प महोत्सव का शुभारंभ

**भोपाल।** सीएम के मुख्य आतिथ्य में 30 जनवरी को राजधानी के हृदय स्थल गुलाब गार्डन में पुष्प महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव में भोपाल वासी 5 हजार से अधिक गमलों एवं 2 हजार से अधिक कट फ्लॉवर में सजी विभिन्न किस्मों के पुष्पों की सुगंध और सौंदर्य का आनंद ले सकेंगे। पुष्प महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक आयुक्त उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण अरविंद दुबे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नेशनल रोज सोसायटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुशील प्रकाश, मप्र रोज सोसायटी के अध्यक्ष गर्दे सहित सोसायटी के अन्य सदस्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। आयुक्त ने बताया कि राज्य सरकार वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मना रही है। इसी क्रम में कृषि और उद्यानिकी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस पुष्प महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

## हरियाणा मुख्यमंत्री का श्रमिकों के साथ संवाद : बोले- वीबी जी राम जी को लेकर भ्रम फैला रहा

# अब न फर्जी मजदूर होंगे और न फर्जी काम 15 की जगह 7 दिन में मिलेंगे पैसे : नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़




मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में श्रमिकों के साथ संवाद किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने ने विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रमिकों के कल्याण और गांव के विकास में एक और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी राम जी योजना शुरू की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीबी जी-राम-जी योजना में अब 15 दिन की जगह साप्ताहिक वेतन भुगतान की व्यवस्था की गई है, ताकि मजदूर को समय पर उसका पैसा मिल सके। ये सभी प्रावधान यह सुनिश्चित करते हैं कि अब न तो फर्जी मजदूर होंगे, न फर्जी काम होगा और न ही फर्जी भुगतान होगा। उन्होंने कहा कि इस कानून में कार्यों की प्रकृति को भी बदला गया है और इसमें पहले से काफी अधिक कामों को जोड़ा गया है। इससे श्रमिकों को अधिक काम मिलेगा और गांवों के विकास के अधिक काम होंगे। पहले मनरेगा के तहत सीमित रोजगार दिया जाता था। योजना ने पुरानी पड़ चुकी मनरेगा योजना का स्थान लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस योजना को लेकर देशभर में भ्रम फैला रही है। वहीं पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार जी राम जी का विरोध करने के लिए प्रस्ताव पारित कर रही है। पंजाब में भ्रष्टाचार के दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प प्रधानमंत्री ने लिया है, उसे गांवों और श्रमिकों के विकास के बिना पूरा नहीं किया सकता। उनका मानना है कि विकसित भारत का रास्ता गांवों की गलियों से होकर गुजरता है। वीबी जी राम जी केवल रोजगार देने की योजना नहीं है बल्कि मेहनतकश लोगों के जीवन को ऊंचा उठाने, उनको सम्मान देने और उनका स्वाभिमान बनाए रखने की योजना है।

■ प्रधानमंत्री की श्रमिकों के कल्याण और गांव के विकास के लिए ऐतिहासिक पहल : नायब

### प्रदेश के श्रमिकों को कम से कम दस हजार अधिक मिलेंगे : मुख्यमंत्री

उन्होंने कहा कि इस नए कानून के तहत रोजगार की वैधानिक गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन किया है। यही नहीं, नए कानून में राज्यों को फसल बुवाई और कटाई के समय 60 दिन के लिए काम रोकने का अधिकार भी दिया है। इससे श्रमिकों को इन 60 दिनों का काम तो मिलेगा ही, विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत भी 125 दिन का काम मिलेगा। इससे पूरे भारत वर्ष में एक ग्रामीण अकुशल श्रमिक की वार्षिक आय में औसतन 7 हजार से अधिक की बढ़ोतरी होगी। हरियाणा में हर श्रमिक को कम से कम 10 हजार अधिक मिलेंगे। हरियाणा में प्रतिदिन देश में सर्वाधिक 400 रुपये की दर से न्यूनतम मजदूरी दी जाती है। हर श्रमिक की वार्षिक आय कम से कम 50 हजार रुपये हो सकती है।



### *मनरेगा में कमियों से श्रमिकों को उठाना पड़ रह था नुकसान*

*मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा जब शुरू हुई थी, तब हालात अलग थे। मनरेगा योजना में समय के साथ कई कमियां आ गई थीं। इनका खामियाजा सीधे श्रमिक भाइयों को भुगतना पड़ता था। श्रमिक इससे भली भांति परिचित हैं कि कहीं मशीनों ने उनका काम छीन लिया, कहीं फर्जी नामों से भुगतान हुआ और अनेकों बार मजदूरी मिलने में महीनों लग गए। उन्होंने कहा कि मनरेगा के नाम पर देश के कई हिस्सों में भ्रष्टाचार, फर्जी जॉब कार्ड, ठेकेदारों का वर्चस्व और मजदूरों के हक की लूट हुई। सी.ए.जी. की रिपोर्टों से लेकर सामाजिक ऑडिट तक में, बार-बार यह सामने आया कि असली मजदूर काम करता रहा और जेबें औरों की भरती रहीं। मुख्यमंत्री ने हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के अब तक के कार्यकाल और कांग्रेस के 10 वर्षों के कार्यकाल के दौरान मनरेगा के तहत किए गए भुगतान की तुलना करते हुए कहा कि उन्हें गर्व है कि अक्तूबर 2014 से अक्तूबर 2025 तक श्रमिकों को पांच हजार करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया है, जबकि कांग्रेस के दस वर्षों में यह आंकड़ा दो हजार करोड़ रुपये से भी कम था।*

## तीन दिवसीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन आज से, कल्याण लेंगे हिस्सा



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण यूपी में होने वाले तीन दिवसीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। यहां पर बता दें कि लखनऊ में 19 से 21 जनवरी तक 86वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन सोमवार से आयोजित होगा। इसके लिए जिसमें देश भर के विधानसभा अध्यक्ष और विधान परिषद सभापति विधायी प्रक्रियाओं, संसदीय परंपराओं और सुशासन जैसे विषयों पर चर्चा करने के लिए पहुंच चुके हैं। वैसे यूपी में चार बार इस तरह का सम्मेलन हो चुका है। पिछली बार कर्नाटक में यह आयोजन किया गया था। इस सम्मेलन का उद्घाटन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी और समापन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के संबोधन के साथ होगा। विधानमंडल सचिवों का भी अलग सम्मेलन होगा।

### सरस्वती महोत्सव आज से

**चंडीगढ़।** सरकार द्वारा बसंत पंचमी के पावन पर्व को समर्पित सरस्वती महोत्सव 19 से 23 जनवरी तक मनाने का निर्णय लिया है। सरस्वती महोत्सव न केवल हमारी धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह हमारी प्राचीन सभ्यता और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने का एक सशक्त माध्यम भी है। इसी कड़ी में प्रदेष के कई जिलों में कला और संस्कृति का अनोखा संगम और रंग देखने को मिलेगा। हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि 19 जनवरी को यमुनानगर के आदिबद्री से सरस्वती महोत्सव का उद्घाटन किया जाएगा। इसी प्रकार, 20 से 21 जनवरी तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में सरस्वती नदी पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बोर्ड तथा पुरातत्व विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रदर्शनी लगेगी।

## कालीपुर क्षेत्र का मामला, दुर्घटना में चार अन्य लोग घायल

# सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



शहर में एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। यह हादसा शहर के कालीपुर क्षेत्र में तब हुआ जब तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पास के एक तालाब में जा गिरी।

मृतकों की पहचान भावेश नागे, शेखर नागे और मनीष नेवर के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, सभी का रो रोकर बुरा हाल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कालीपुर निवासी सात युवक, जो क्रिकेट खिलाड़ी बताए जा रहे हैं, स्कॉर्पियो में सवार होकर घूमने निकले थे। देर रात जब वे वापस घर लौट रहे थे, तभी कालीपुर के पास वाहन चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और गाड़ी सीधे तालाब में समा गई। इस हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

## उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

# छग के रायपुर से 'मूकमाटी एक्सप्रेस' का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से 'मूकमाटी एक्सप्रेस' का शुभारंभ किया गया। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने रायपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। केंद्र सरकार द्वारा रायपुर जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का नामकरण जैन समाज के महान संत आचार्य विद्यासागर महाराज की कालजयी कृति 'मूकमाटी' के नाम पर किया गया है, जिससे जैन समाज में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि आचार्य विद्यासागर महाराज ने अपने तप, त्याग और विचारों से समाज को नई दिशा दी। उन्होंने उल्लेख किया कि गुरुदेव का देह त्याग छत्तीसगढ़ की पावन भूमि डोंगरगढ़ में हुआ, जो पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। मूकमाटी एक्सप्रेस का शुभारंभ छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी आचार्य विद्यासागर के विचारों से निरंतर प्रेरणा लेते रहे हैं। छत्तीसगढ़ से इस ट्रेन का संचालन शुरू होना प्रदेशवासियों के लिए आत्मगौरव का विषय है।

### *विधि-विधान से हुई पूजा-अर्चना*

*ट्रेन के परिचालन से पहले अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठाचार्य ज्योतिषाचार्य पंडित अजीत शास्त्री द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सलाहकार पैनल सदस्य प्रकाश मोदी, रायपुर वाणिज्य रेल प्रबंधक अवधेश त्रिपाठी, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी राकेश सिंह, सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष विनोद जैन, नरेंद्र गुरुकृपा, डीआरयूसीसी सदस्य लोकेश चंद्रकांत जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।*

## पुलिस ने पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार, दो फरार

# मामूली बात पर इनोवा कार चालक ने साथियों के साथ मिलकर की थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




जिले के अभनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम केंद्री में 15 जनवरी 2026 की दोपहर मोनफोर्ट स्कूल के पास एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की तो मृतक की पहचान कैलाश तिवारी के रूप में हुई, जिसके बाद उसके भाई कौशल तिवारी की रिपोर्ट पर बिना नंबर मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि कैलाश तिवारी अपने दोस्तों के साथ एक्टिवा का पेट्रोल खत्म हो जाने के कारण वाहन को पैदल धक्का देते हुए पेट्रोल पंप की ओर जा रहा था।

इसी दौरान एनएच-30 पर अभनपुर की ओर गलत दिशा से आ रही इनोवा कार ने पीछे से एक्टिवा को टक्कर मार दी। इस पर कैलाश और उसके साथियों ने वाहन चालक को सही तरीके से गाड़ी चलाने की बात कही, जिस पर विवाद बढ़ गया। बताया गया कि इनोवा सवार कुछ दूरी पर गाड़ी रोककर उतरे और गाली-गलौच करते हुए हाथ-मुक्कों व ठोस वस्तु से मारपीट शुरू कर दी। झगड़े के दौरान कैलाश के साथ मौजूद अजय ने आत्मरक्षा में चाकू निकाल लिया, जिससे डरकर कार सवार कुछ लोग मौके से भाग गए। कुछ देर बाद दो-तीन लोग फिर वापस आए और विवाद दोबारा शुरू हो गया।

## राहत बचाव कार्य में जुटा जिला एवं पुलिस प्रशासन, घायलों का इलाज जारी

# भीषण सड़क हादसे में पांच की मौके पर मौत, घायलों में कई गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर



महुआडांड़ के सरकारी अस्पताल में कराया भर्ती

छत्तीसगढ़ और झारखंड राज्य की सीमा पर ओरसा घाटी में रविवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां एक बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दर्जनों यात्री घायल बताए जा रहे हैं।

हादसा इतना गंभीर था कि बस पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही बलरामपुर पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई और राहतबचाव कार्य में जुट गई। बताया जा रहा है कि बस में सवार सभी लोग एक पारिवारिक कार्यक्रम से झारखंड जा रहे थे। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस में सवार यात्री छत्तीसगढ़ के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के पीपरसोत गांव के निवासी थे, वे लोध फॉल घूमने जा रहे थे। घाटी क्षेत्र में तीखे मोड़ के दौरान बस चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे बस सड़क से फिसलकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार सुनाई देने लगी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही महुआडांड़ थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला गया। एंबुलेंस के माध्यम से सभी घायलों को महुआडांड़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बड़ी संख्या में घायलों के पहुंचने से कुछ समय के लिए अव्यवस्था की स्थिति बन गई।

### *मृतकों और घायलों के परिजनों को दी सूचना*

*हादसे में अब तक पांच यात्रियों की मौत की पुष्टि प्रशासन द्वारा की गई है। मृतकों और घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। प्रशासन ने गंभीर रूप से घायलों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए अतिरिक्त चिकित्सीय व्यवस्था की है। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त बस बलरामपुर के एक निजी स्कूल की थी। प्रशासन ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।*

## चिंतन

# जनहित को राजनीति से ऊपर रखें राज्य सरकारें

भारत का संघीय लोकतंत्र केंद्र और राज्यों के सहयोग पर आधारित है। संविधान की मूल भावना यह है कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर जनता के हित में काम करें और जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, लेकिन बीते कुछ वर्षों में यह सहयोग कई बार राजनीतिक टकराव में बदलता दिखाई देता है। हाल ही में पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ममता बनर्जी सरकार पर आरोप लगाया कि राज्य में केंद्र सरकार की योजनाएं लागू नहीं की जा रहीं, जिससे लोग उनके लाभ से वंचित रह जा रहे हैं। यह आरोप केवल बंगाल तक सीमित नहीं है, बल्कि केरल, तेलंगाना, तमिलनाडु और पंजाब जैसे गैर-भाजपा शासित राज्यों पर भी केंद्र की योजनाओं की अनदेखी के आरोप लगते रहे हैं। इससे पहले दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार और केंद्र के बीच भी नीतियों को लेकर लगातार खींचतान देखने को मिली थी। केंद्र सरकार की योजनाएं देश के सभी नागरिकों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं। आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन या किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का उद्देश्य यह है कि सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तक सरकारी मदद पहुंचे। इन योजनाओं के लिए धन पूरे देश के करदाताओं से आता है। ऐसे में यदि कोई राज्य सरकार राजनीतिक कारणों से इन्हें लागू नहीं करती या आधे-अधूरे मन से लागू करती है, तो यह सीधे-सीधे जनता के अधिकारों पर चोट है। गैर-भाजपा शासित राज्यों का तर्क अक्सर यह होता है कि केंद्र योजनाओं के नाम पर राज्यों पर अपनी नीतियां थोपना चाहता है, या फिर वह राज्यों को पर्याप्त वित्तीय सहायता नहीं देता। कुछ राज्यों का यह भी कहना है कि उनके पास पहले से बेहतर या समानांतर योजनाएं मौजूद हैं, इसलिए वे केंद्र की योजनाओं को लागू करना जरूरी नहीं समझते। यह तर्क कुछ हद तक समझ में आता है, लेकिन सवाल यह है कि क्या इन राजनीतिक और प्रशासनिक मतभेदों की कीमत आम जनता को चुकानी चाहिए? हकीकत यह है कि जब केंद्र और राज्य सरकारें आमने-सामने खड़ी हो जाती हैं, तो सबसे ज्यादा नुकसान गरीब, किसान, मजदूर, महिलाएं और बच्चे उठाते हैं। यदि किसी राज्य में स्वास्थ्य योजना लागू नहीं होती, तो उसका खामियाजा बीमार और असहाय व्यक्ति को भुगतना पड़ता है। अगर आवास या पोषण से जुड़ी योजनाएं रोकी जाती हैं, तो उसका असर सीधे जीवन स्तर पर पड़ता है। आम नागरिक के लिए यह मायने नहीं रखता कि योजना केंद्र की है या राज्य की, उसके लिए अहम यह है कि मदद समय पर मिले। प्रधानमंत्री द्वारा बंगाल में ममता सरकार पर किया गया हमला इसी पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए। राज्य सरकारों को यह समझना होगा कि लोकतंत्र में सत्ता अस्थायी होती है, लेकिन जनता की जरूरतें स्थायी। जनभावना से राजनीति को दूर रखना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि किसी योजना में खामियां हैं, तो उसे बेहतर बनाने के लिए केंद्र से संवाद किया जाना चाहिए, न कि उसे पूरी तरह ठुकरा दिया जाए। राज्य चाहें तो योजनाओं में स्थानीय जरूरतों के अनुसार बदलाव करें, उनका नाम बदलें या उन्हें अपनी योजनाओं के साथ जोड़ें, लेकिन लाभ लोगों तक पहुंचना चाहिए। कुल मिलाकर लोकतंत्र की सफलता इसी में है कि केंद्र और राज्य मिलकर काम करें। राजनीति अगर जनहित पर भारी पड़ेगी, तो उसका नुकसान पूरे देश को उठाना पड़ेगा।



जनसमस्या
सुशील देव

# आखिर क्या हैं पेयजल संकट के उपाय

ग्रामीण भारत से लेकर महानगरों तक, पेयजल की समस्या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रही। कई गांवों में आज भी हैंडपंप सूख चुके हैं या उनका पानी फ्लोराइड, आर्सेनिक और आयरन जैसे खतरनाक तत्वों से दूषित है। शहरी इलाकों में पाइपलाइन से पानी तो आता है, लेकिन उसकी गुणवत्ता संदिग्ध रहती है। गरीब बस्तियों में लोग मजबूरी में गंदा पानी पीने को विवश हैं, जिसका सीधा असर उनके स्वास्थ्य पर पड़ता है। नीति आयोग की कई रिपोर्ट बताती हैं कि देश की बड़ी आबादी गंभीर जल संकट से जूझ रही है। साफ पानी केवल सुविधा नहीं, बल्कि नागरिकों का मौलिक अधिकार है और इसे सुनिश्चित करना सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर की हालिया घटना ने हर किसी को साफ पेयजल के मसले पर सोचने को मजबूर किया है। यह कड़वा सच है कि देश के कई हिस्सों में आज भी जनता को साफ और सुरक्षित पीने का पानी नसीब नहीं है। यह स्थिति उस भारत में है, जो चंद्रयान से लेकर डिजिटल क्रांति तक अपनी उपलब्धियों पर गर्व करता है। साफ पानी जीवन की सबसे बुनियादी जरूरत है, लेकिन दुर्भाग्यवश यह जरूरत करोड़ों लोगों के लिए अब भी एक सपना बनी हुई है। सरकारें बदलती रहीं, योजनाएं आती-जाती रहीं, पर जमीनी हकीकत यह है कि सरकारी उदासीनता और नीतियों के कमजोर क्रियान्वयन ने पेयजल संकट को और गहरा ही किया है।

ग्रामीण भारत से लेकर महानगरों तक, पेयजल की समस्या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रही। कई गांवों में आज भी हैंडपंप सूख चुके हैं या उनका पानी फ्लोराइड, आर्सेनिक और आयरन जैसे खतरनाक तत्वों से दूषित है। शहरी इलाकों में पाइपलाइन से पानी तो आता है, लेकिन उसकी गुणवत्ता संदिग्ध रहती है। गरीब बस्तियों में लोग मजबूरी में गंदा पानी पीने को विवश हैं, जिसका सीधा असर उनके स्वास्थ्य पर पड़ता है। नीति आयोग की कई रिपोर्ट बताती हैं कि देश की बड़ी आबादी गंभीर जल संकट से जूझ रही है। बावजूद इसके इस संकट को राजनीतिक प्राथमिकता के रूप में नहीं देखा गया। चुनावी भाषणों में बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव बीतते ही पेयजल जैसे मुद्दे हाशिये पर चले जाते हैं। पेयजल संकट के लिए प्राकृतिक कारणों को जिम्मेदार ठहराना आसान है, लेकिन सच यह है कि सरकारों की उदासीनता ने इस समस्या को और विकराल बनाया है। कई राज्यों में जलापूर्ति से जुड़ी योजनाएं वर्षों से अधूरी पड़ी हैं। कहीं बजट की कमी का रोना है, तो कहीं भ्रष्टाचार और लाल फीताशाही ने योजनाओं की गति रोक रखी है। ग्रामीण जल आपूर्ति योजनाओं का हाल यह है कि नल तो लगा दिए गए, लेकिन उनमें पानी नहीं है। "हर घर नल से जल" जैसे अभियानों की घोषणाएं भले ही प्रभावशाली हों, पर अनेक गांवों में ये योजनाएं केवल सरकारी फाइलों और आंकड़ों तक सीमित हैं। जमीनी स्तर पर न तो नियमित जल आपूर्ति है और न ही गुणवत्ता की प्रभावी जांच।

भारत में जल से जुड़ी नीतियों की कमी नहीं है। समस्या उनके क्रियान्वयन की है। जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और भूजल प्रबंधन से संबंधित कानून और दिशा-निर्देश मौजूद हैं, लेकिन उनका पालन कराने की इच्छाशक्ति का अभाव है। शहरी क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन को अनिवार्य करने के नियम बने, पर अधिकतर भवनों में इनका पालन नहीं होता। औद्योगिक इकाइयां नदियों और जलस्रोतों में बेधड़क प्रदूषित पानी छोड़ रही हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या तो मूकदर्शक बने रहते हैं या कार्रवाई के नाम पर औपचारिकताएं निभाई जाती हैं। नतीजा यह है कि जो पानी उपलब्ध है, वह भी पीने योग्य नहीं रह गया। साफ पेयजल की कमी का सबसे बड़ा असर गरीब और वंचित तबकों पर पड़ता है। दूषित पानी से डायरिया, टाइफाइड, पीलिया जैसी बीमारियां आम हैं। हर साल हजारों बच्चे केवल इसलिए अपनी जान गंवा देते हैं क्योंकि उन्हें स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं हो पाता। यह एक गंभीर मानवीय संकट है, जिसे अक्सर आंकड़ों



में छिपा दिया जाता है। सामाजिक दृष्टि से भी जल संकट असमानता को बढ़ाता है। जिनके पास पैसे हैं, वे बोतलबंद पानी या टैंकर खरीद लेते हैं, लेकिन गरीबों के पास कोई विकल्प नहीं होता।

कई जगहों पर पानी को लेकर सामाजिक तनाव और टकराव की स्थिति बन रही है, जो भविष्य के लिए खतरनाक संकेत है। पेयजल आपूर्ति की जिम्मेदारी केंद्र और राज्य सरकार दोनों पर है। केंद्र सरकार योजनाएं बनाती है, बजट आवंटित करती है, लेकिन राज्यों में उनके क्रियान्वयन की स्थिति अक्सर निराशाजनक रहती है। कई बार राजनीतिक खींचतान के कारण भी योजनाएं प्रभावित होती हैं। जल जैसे संवेदनशील विषय पर भी राजनीति हावी हो जाती है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। स्थानीय निकायों और पंचायतों को पर्याप्त अधिकार और संसाधन नहीं दिए जाते, जबकि जल प्रबंधन में उनकी भूमिका सबसे अहम हो सकती है, क्योंकि बिना स्थानीय सहभागिता के कोई भी योजना सफल नहीं हो सकती। सरकार अक्सर संकट के समय तात्कालिक उपायों का सहारा लेती हैं। टैंकर भेज दिए जाते हैं, बोरिंग करवा दी जाती है, लेकिन ये समाधान स्थायी नहीं हैं। दीर्घकालिक योजना और गंभीरता का अभाव साफ झलकता है। जल संरक्षण और स्रोतों के पुनर्जीवन पर जितना काम होना चाहिए था, उतना नहीं हुआ। पेयजल संकट से निपटने के लिए सबसे पहले सरकार को इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। नीतियों को कागज से निकालकर जमीन पर उतारना होगा। योजनाओं की नियमित निगरानी, पारदर्शिता और जवाबदेही तय करनी होगी। जल की गुणवत्ता की जांच और उसके सार्वजनिक आंकड़े उपलब्ध कराए जाने चाहिए। साथ ही, जनता की भागीदारी भी जरूरी है। अभी तक हम पानी का उपयोग अनुशासित ढंग से नहीं कर पा रहे हैं।

जरूरत से ज्यादा पानी का नुकसान करना तो जैसे हमारी आदत बन गई हो। ऐसे में हमारी भावी पीढ़ी के लिए भी जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो, इसके लिए हमें कई कदम उठाने होंगे; जैसे घरेलू स्तर पर जल का उचित व संयमित उपयोग एवं उद्योगों में पानी के चक्रीय उपयोग जल संरक्षण में सहायक हो सकते हैं। इस्तेमाल किए हुए पानी का फिर से शौचालयों अथवा बगीचों में फिर से इस्तेमाल और रिसाइकिलिंग करके जल का सदुपयोग कैसे करना है, इस दिशा में जन-जागरूकता बढ़ायी जाए। वर्षा-जल का संग्रहण करके हम पानी को बचा सकते हैं। विभिन्न जलाशयों का निर्माण करके उनमें जल संग्रह करना जल संसाधन का सबसे पुराना उपाय है, इसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है। भूमिगत जल संरक्षण के लिए भूमिगत जल का कृत्रिम रूप से पुनर्भरण किया जा सकता है टपकन टैंक/ड्रिप/स्प्रिंकल सिंचाई के उपयोग से सिंचाई जल के संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सकता है।वर्षा जल संचयन, जल पुनर्भरण और पानी के विवेकपूर्ण उपयोग को जन आंदोलन का रूप देना होगा। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में पेयजल केवल एक प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन, विकास और सामाजिक न्याय से जुड़ा बुनियादी प्रश्न है। देश में साफ पेयजल की समस्या केवल संसाधनों की कमी का सवाल नहीं है, बल्कि यह शासन की संवेदनशीलता और नीतिगत ईमानदारी की भी परीक्षा है। सरकार की उदासीनता और क्रियान्वयन में लापरवाही ने इस संकट को बढ़ाया है, इसमें कोई संदेह नहीं। यदि अब भी चेतने का समय नहीं आया, तो आने वाले वर्षों में जल संकट एक भयावह सामाजिक और मानवीय त्रासदी का रूप ले सकता है। साफ पानी केवल सुविधा नहीं, बल्कि नागरिकों का मौलिक अधिकार हैं और इसे सुनिश्चित करना सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
सुनील कुमार महला




# प्राकृतिक आपदाओं के बीच एनडीआरएफ की भूमिका

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) का स्थापना दिवस 19 जनवरी को मनाया जाता है, क्योंकि वर्ष 2006 में इसी दिन एनडीआरएफ का गठन किया गया था। यह बल प्राकृतिक व मानव-निर्मित आपदाओं में राहत और बचाव कार्य के लिए जाना जाता है। एनडीआरएफ का आदर्श वाक्य 'आपदा सेवा सदैव सर्वत्र' है, जिसका अर्थ है-'किसी भी आपदा में, हमेशा और हर जगह सेवा के लिए तत्पर।' प्राकृतिक व मानव-निर्मित आपदाएं वे घटनाएं हैं जो व्यापक स्तर पर जीवन, संपत्ति और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती हैं। भूकंप, बाढ़, सूखा, चक्रवात, तूफान, भूस्खलन, हिमस्खलन, जंगल की आग, सुनामी, बादल फटना, लू और शीत लहर आदि प्राकृतिक आपदाएं तथा औद्योगिक दुर्घटनाएं, रासायनिक/गैस रिसाव, परमाणु दुर्घटनाएं, आग लगना, इमारत या पुल गिरना, तेल रिसाव, खनन हादसे, रेल-सड़क-हवाई दुर्घटनाएं, आतंकवादी हमले और युद्ध मानव-निर्मित आपदाएं हैं। वास्तव में प्राकृतिक आपदाएं प्रकृति की प्रक्रियाओं के कारण होती हैं, जिन पर मानव का सीधा नियंत्रण नहीं होता, वहीं दूसरी ओर मानव-निर्मित आपदाएं मानवीय गतिविधियों, लापरवाही या तकनीकी विफलताओं के कारण उत्पन्न होती हैं।

संक्षेप में कहें तो जहां एक ओर प्राकृतिक आपदाएं प्रकृति से आती हैं, वहीं, दूसरी ओर मानव-निर्मित आपदाएं मानव की गलतियों या क्रियाओं का परिणाम होती हैं। दोनों ही हमारे समाज, देश व अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डालती हैं। वास्तव में आपदा प्रबंधन राष्ट्रीय प्राथमिकता है और भारत सरकार ने देश में आपदाओं से निपटने की व्यवस्था को आधुनिक और मजबूत बनाने के उद्देश्य से अगस्त 1999 में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया। बाद में गुजरात भूकंप की विभीषिका को देखते हुए एक राष्ट्रीय समिति भी बनाई। इन समितियों का मुख्य लक्ष्य केवल राहत कार्य तक सीमित न रहकर, भविष्य की आपदाओं के लिए ठोस पूर्व-तैयारी करना और नुकसान को कम करने के लिए एक प्रभावी सरकारी ढांचा तैयार करना था। इन पहलों का उद्देश्य भारत में आपदा प्रबंधन को एक व्यवस्थित और वैज्ञानिक रूप देना था ताकि जान-माल की क्षति को न्यूनतम किया जा सके। दसवीं पंचवर्षीय योजना (2002-07) के दस्तावेज़ में पहली बार, आपदा प्रबंधन पर एक विस्तृत अध्याय जारी किया गया था और अंततः 23 दिसंबर, 2005 को भारत सरकार द्वारा 'आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005' को अधिनियमित किया गया, जिसके तहत 'राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण' (एन.डी.एम.ए.) एवं 'राष्ट्रीय आपदा मोचन बल' (एन.डी.आर.एफ.) का गठन किया गया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) भारत में आपदा प्रबंधन के लिए गठित एक सर्वोच्च संस्था है, जिसकी स्थापना 'आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005' के अंतर्गत की गई थी। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कार्य करने वाला यह निकाय देश में आपदाओं से निपटने के लिए मुख्य नीतियां, योजनाएं और दिशा-निर्देश तैयार करने हेतु उत्तरदायी है। इसका प्राथमिक उद्देश्य एक ऐसी एकीकृत और रणनीतिक प्रणाली विकसित करना है, जो संकट के समय समय पर और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित कर जान-माल के नुकसान को न्यूनतम कर सके। वास्तव में इस संस्था का मुख्य लक्ष्य आधुनिक तकनीक और सभी वर्गों की भागीदारी के माध्यम से भारत को आपदाओं के प्रति सुरक्षित और सक्षम बनाना है। यह केवल संकट आने का इंतज़ार करने के बजाय पहले से सतर्क रहने (प्रो-एक्टिव) और विकास कार्यों को आपदा-रोधी बनाने की रणनीति पर ज़ोर देती है। इसका उद्देश्य समाज में एक ऐसी संस्कृति विकसित करना है, जहां आपदाओं को रोकने, उनकी पूर्व-तैयारी करने और उनके प्रभाव को कम करने (शमन) को प्राथमिकता दी जाए, ताकि देश का विकास टिकाऊ बना रहे। बहरहाल, बता दें कि वर्तमान में एनडीआरएफ में कुल 16 बटालियन हैं। प्रत्येक बटालियन में लगभग 1,149 कर्मी होते हैं। दरअसल, एनडीआरएफ एक विशेषज्ञ बल है जिसमें भारत के विभिन्न केंद्रीय अर्धसैनिक बलों (सीएपीएफ) से जवानों को प्रतिनियुक्ति (डेपुटेशन) पर लिया जाता है। एनडीआरएफ स्थापना दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि आपदा के समय त्वरित, संगठित और मानवीय प्रतिक्रिया कितनी आवश्यक है। एनडीआरएफ का योगदान सुरक्षित, सक्षम और संवेदनशील भारत के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है और एनडीआरएफ का स्थापना दिवस भारत की उस अदम्य इच्छाशक्ति का उत्सव है, जो यह सुनिश्चित करती है कि देश किसी भी विपदा के सामने घुटने नहीं टेकेगा, बल्कि और अधिक मजबूती से उठ खड़ा होगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# यमदूतों को देख डर जाता है व्यक्ति



संकलित
दर्शन

गरुड़ पुराण में मृत्यु के बाद के रहस्य, आत्मा की यात्रा, पाप-पुण्य, स्वर्ग और नरक के बारे में विस्तार से बताया गया है। संसार का ये नियम अटल है कि जिसने जन्म लिया है, उसकी मृत्यु भी तय है। जन्म और मृत्यु दो वो छोर हैं, जिनकी प्रक्रियाएं एक दूसरे से बहुत अलग हैं। गरुड़ पुराण के अनुसार, मृत्यु के समय व्यक्ति के शरीर में जो हलचल होती है वो उसके कर्मों और उसकी मानसिक स्थिति पर निर्भर करती है। गरुड़ पुराण में आंखों के पलटने के पीछे कुछ प्रमुख वजहें बताई गई हैं, जिस व्यक्ति को जीवनकाल में सांसारिक सुखों, धन-संपत्ति और परिवार का अधिक मोह रहता है, उसके लिए प्राण त्यागना बहुत कष्टकारी होता है। गरुड़ पुराण कहता है मृत्यु के पास आने पर भी ऐसा व्यक्ति संसार नहीं छोड़ना चाहता। उसमें जीने की इच्छा रहती है। यही इच्छा उसे शरीर से बांधकर रखती है, इसलिए जब शरीर से प्राण खींचे जाते हैं, तो आंखें ऊपर की ओर उलट जाती हैं। वहीं शास्त्रों में बताया गया है कि जब यमदूत आत्मा को लेने आते हैं, तो उनका स्वरूप देखकर मरणासन्न व्यक्ति डर जाता है। वो कुछ कहना चाहता है, लेकिन उसकी आवाज गले में अटक जाती है। डर में उसकी पुतलियां फैल जाती हैं और आंखें उलट जाती है. यमदूत जब बल से आत्मा को शरीर से निकालते हैं, तो भी ऐसी अवस्था हो जाती है, वहीं जब प्राण मस्तक या आखों से निकलते हैं, तो भी आंखें पलट जाती हैं।

# अपनी बुराई सुनकर परेशान न हों



संकलित
प्रेरणा

एक लोक कथा के अनुसार पुराने समय में एक संत अपने शिष्य के साथ एक गांव में रुके। कुछ ही दिनों संत की ख्याति आसपास के क्षेत्र में फैल गई। अब उनके प्रवचन सुनने और दर्शन करने के लिए दूर-दूर से लोग आने लगे। ये देखकर उसी गांव का एक अन्य पंडित परेशान हो गया। उसे लगने लगा कि इस संत की वजह से मेरे भक्त कम हो जाएंगे। मेरा जीवन यापन कैसे होगा? पंडित ने संत का दुष्प्रचार करना शुरू कर दिया। वह लोगों के सामने उस संत की बुराई करता था। एक दिन संत के शिष्य को ये सारी बातें मालूम हुईं तो उसे बहुत गुस्सा आया। वह तुरंत ही अपने गुरु के पास पहुंचा और पूरी बात बताई। संत ने शिष्य की बातें सुनी और कहा कि उसे छोड़ों। अगर मैं उस पंडित से वाद-विवाद करूंगा तो इससे ये सब बातें फैलना बंद नहीं होंगी। इसीलिए उसकी बातें पर ध्यान नहीं देना चाहिए। संत ने देखा कि शिष्य का क्रोध शांत नहीं हुआ है। तब उन्होंने कहा कि जब जंगल का हाथी गांव में आता है तो उसे देखकर सभी कुत्ते भौंकने लगते हैं, लेकिन हाथी पर इसका कोई असर नहीं होता है। हाथी अपनी मस्त चाल चलते रहता है। कुत्ते भौंकते हुए थक जाते हैं और वापस अपने इलाके की ओर भाग जाते हैं। हमें भी अपनी बुराई करने वालों के साथ इसी तरह पेश आना चाहिए। हमें सिर्फ अपना काम ईमानदारी से करना चाहिए और सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ते रहना चाहिए। हमारे अच्छे काम ही ऐसे लोगों का मुंह बंद कर सकते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सड़क पर मवेशी

राजधानी रायपुर में आवारा कुत्तों के साथ ही अब मवेशी लोगों की परेशानी का सबब बने हुए हैं। रायपुर में जिस ओर भी जाएं, सड़क पर मवेशी नजर आते हैं। नगर निगम का अमला कुछ दिन कार्रवाई करता है और शांत हो जाता है। ऐसे में सड़क पर चलने वाले दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों को दिक्कत होती है। आए दिन सड़क हादसे की वजह सड़क पर मवेशी बनते हैं।

*-शाहिन बेगम, रायपुर*

## करंट अफेयर


# गैलेक्सीआई 'मिशन दृष्टि' के लिए तैयार



अंतरिक्ष क्षेत्र का स्टार्टअप गैलेक्सीआई अपनी तरह के पहले उपग्रह को प्रक्षेपित करने की तैयारी में है जो 'ऑप्टिकल' और 'रडार सेंसर' से प्राप्त आंकड़ों को एकीकृत कर पृथ्वी की तस्वीरें तैयार करेगा। इन तस्वीरों का उपयोग रक्षा से लेकर कृषि तक कई क्षेत्रों में किया जा सकेगा। स्टार्टअप की इस वर्ष की पहली तिमाही में 'मिशन दृष्टि' नामक बहु-संवेदी पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को प्रक्षेपित करने और 2030 तक इसे 10 उपग्रहों के एक समूह में विस्तारित करने की योजना है। गैलेक्सीआई के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुयश सिंह ने कहा, मिशन दृष्टि वैश्विक स्तर पर पहला ऐसा उपग्रह है, जिसमें एक ही प्लेटफॉर्म पर रडार सेंसिंग और ऑप्टिकल इमेजिंग को एकीकृत किया गया है। इसके साथ ही यह भारत का निजी तौर पर विकसित सबसे बड़ा उपग्रह भी है। सिंह ने बताया कि गैलेक्सीआई अगले कुछ वर्षों में दो और उपग्रह तैनात करने की योजना बना रहा है और दशक के अंत तक छह-सात अतिरिक्त उपग्रह जोड़कर कुल संख्या 2030 तक 10 करने का लक्ष्य है। इससे बड़े पैमाने पर लगभग तुरंत डेटा उपलब्ध कराया जा सकेगा। जहां मल्टी-स्पेक्ट्रल ऑप्टिकल कैमरा पृथ्वी की तस्वीरें लेता है।

## ऑफ बीट

# 'काजीरंगा कॉरिडोर' से वन्यजीवों की होगी सुरक्षा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को जिस 'काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर' परियोजना की आधारशिला रखेंगे, उसका उद्देश्य राष्ट्रीय उद्यान में वन्यजीवों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना और 'इकोटूरिज्म' को बढ़ावा देना है। 'इकोटूरिज्म' से तात्पर्य प्राकृतिक क्षेत्रों में ऐसे पर्यटन से है जिससे स्थानीय वन्य जीवन एवं पर्यावरण को संरक्षित रखा जा सके और उन्हें लाभ पहुंचे। मोदी ने कहा कि 6,957 करोड़ रुपये की यह परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग-37 पर दुर्घटनाओं को कम करने में भी मदद करेगी। एक अधिकारी ने बताया कि परियोजना के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग-37 (नया राष्ट्रीय राजमार्ग-715) के कालियाबोर-नुमालीगढ़ खंड को चार लेन का किया जाएगा और लगभग 34 .45 किलोमीटर का 'एलिवेटेड कॉरिडोर' बनाया जाएगा। इसके तहत जखलाबांधा और बोकाखाट में बाईपास भी बनाए जाएंगे।उन्होंने कहा कि इस परियोजना को उच्चतम न्यायालय के निर्देशों और भारतीय वन्यजीव संस्थान की सिफारिशों के अनुरूप तैयार किया गया है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि परियोजना का उद्देश्य मध्य एवं अपर असम के बीच संपर्क बेहतर करना और यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की समृद्ध जैव विविधता का संरक्षण सुनिश्चित करना है।

## ट्रेंड

### घुसपैठियों पर एक्शन



डबल इंजन सरकार बनते ही पश्चिम बंगाल में घुसपैठियों के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया जाएगा। इसके साथ ही मतुआ और नामशूद्र जैसे शरणार्थियों को पूरी सुरक्षा देकर उनकी बस्तियों में विकास को गति दी जाएगी, ये मोदी की गारंटी है।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### नाकाम व्यवस्था दोषी



माघमेला क्षेत्र में इस साल फिर से साधु-संतों-भक्तों के साथ हुआ दुर्व्यवहार अक्षम्य है। प्रश्न ये है कि ऐसी घटनाएं भाजपा की सरकार में ही क्यों हो रही हैं। इस अवस्था के लिए भाजपा का कुशासन और नाकाम व्यवस्था ही दोषी है।
**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### दुर्भाग्यपूर्ण घटना



वाराणसी में अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति को हटाने की खबर से समाज के एक बड़े वर्ग में काफी रोष व आक्रोश व्याप्त है। इस अति-दुर्भाग्यपूर्ण घटना को लेकर सरकार को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।
**- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### जनता पर विश्वास



हमें पूरा विश्वास है कि तमिलनाडु की जनता आरएसएस-भाजपा की कट्टरता, सांप्रदायिकता और भेदभावपूर्ण राजनीति के बजाय समानता, सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण और सुशासन को चुनेगी। कांग्रेस जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।
**-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# कोहरे की मार के बीच सुरक्षित यात्रा मुहैया कराना रेलवे के लिए बना बड़ी चुनौती

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

देश भर में रेलगाड़ियां विलंब से चल रही हैं। उत्तर रेलवे के पॉकेट में धुंध का असर बताया जा रहा है तो कई अन्य सेक्टर में अलग अलग कारण। इन सब से इतर रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों का मानना है कि रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव की पहली प्राथमिकता है सुरक्षित यात्रा। विलंब से ही सही रेल यात्री गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचे इसकी कोशिशें अभी तक सफल रही हैं।

बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, पिछले ग्यारह वर्षों में भारतीय रेल ने ट्रैक अवसंरचना को मज़बूत करने और सुरक्षा मानकों को ऊंचा उठाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। निरंतर निवेश और योजनाबद्ध क्रियान्वयन के चलते देशभर में रेल परिचालन अब पहले से कहीं अधिक सुरक्षित, तेज़ और विश्वसनीय हुआ है। उक्त अधिकारी ने बताया कि रेल का परिचालन

## भारतीय रेल ने ट्रैक अवसंरचना और सुरक्षा में दर्ज की ऐतिहासिक प्रगति | लगातार निवेश और प्रभावी क्रियान्वयन से सुरक्षित, तेज़ और भरोसेमंद रेल संचालन



बेहतर हो, दूर दराज के छूटे हुए इलाके रेलवे से जुड़े इस कोशिश के तहत वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान भारतीय रेल ने 6,851 ट्रैक किलोमीटर में ट्रैक नवीनीकरण का कार्य पूरा किया। चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 में 7,500 ट्रैक किलोमीटर से अधिक ट्रैक नवीनीकरण का कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा 2026–27 में 7,900 ट्रैक किलोमीटर ट्रैक नवीनीकरण की योजना बनाई गई है, जो परिसंपत्तियों की विश्वसनीयता और सुरक्षा पर लगातार फोकस को दर्शाती है।

### टर्नआउट नवीनीकरण में भी तेज़ी

सुचारू और निर्बाध रेल संचालन के लिए महत्वपूर्ण टर्नआउट नवीनीकरण में भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की गई हैं। वर्ष 2024–25 में 7,161 थिक वेब स्विच और 1,704 वेल्डेबल सीएमएस क्रॉसिंग लगाए गए। वहीं 2025–26 में 8,000 से अधिक थिक वेब स्विच और 3,000 से ज्यादा वेल्डेबल सीएमएस क्रॉसिंग उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### बैलास्ट की गहरी स्क्रीनिंग से ट्रैक की मजबूती

ट्रैक की स्थिरता बनाए रखने और यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव देने के लिए बैलास्ट की यांत्रिक गहरी स्क्रीनिंग पर भी लगातार काम किया गया है। वर्ष 2024–25 में 7,442 ट्रैक किलोमीटर की डीप स्क्रीनिंग पूरी की गई, जबकि 2025–26 में 7,500 ट्रैक किलोमीटर से अधिक डीप स्क्रीनिंग का कार्य जारी है।

### ट्रैक मशीनों के बेड़े में बड़ा विस्तार

बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया कि यांत्रिक रखरखाव को बढ़ावा देने और उत्पादकता सुधारने के उद्देश्य से भारतीय रेल ने अपने ट्रैक मशीन बेड़े में उल्लेखनीय वृद्धि की है। वर्ष 2014 के बाद से अब तक 1,100 से अधिक ट्रैक मशीनें खरीदी जा चुकी हैं, जिससे रखरखाव कार्य तेज़, सटीक और अधिक प्रभावी हुआ है।

### सुरक्षा के लिए रेल पटरियों पर फेंसिंग

रेल पटरियों पर पशुओं के टकराने और अनधिकृत प्रवेश की घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा फेंसिंग को प्राथमिकता दी गई है। अब तक लगभग 15,000 किलोमीटर रेल लाइनों पर फेंसिंग की जा चुकी है, जिससे उन खंडों में सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार हुआ है जहां ट्रेनों की गति 110 किमी प्रति घंटे से अधिक है।

### तेज़ गति वाले ट्रैक में दोगुनी से अधिक वृद्धि

इन सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप भारतीय रेल ने ट्रैक उन्नयन के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2014 में जहां 110 किमी प्रति घंटे या उससे अधिक गति के लिए सक्षम ट्रैक की लंबाई 31,445 किलोमीटर (कुल नेटवर्क का लगभग 40 प्रतिशत) थी, वहीं वर्तमान में यह बढ़कर 84,244 किलोमीटर (लगभग 80 प्रतिशत नेटवर्क) हो गई है। इससे देशभर में तेज़ और अधिक कुशल रेल संचालन संभव हुआ है। यातायात विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय रेल के इन प्रयासों को देश की परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुरक्षित और भविष्य के लिए तैयार बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा

---

## खबर संक्षेप

### मुझे भारतीय होने पर गर्व: रहमान

**मुंबई (महाराष्ट्र)।** बॉलीवुड को लेकर अपनी टिप्पणी के बाद विवादों में घिरे प्रख्यात संगीतकार



एआर रहमान ने अपना पक्ष रखा है। एक वीडियो पोस्ट में उन्होंने कहा कि उन्हें भारतीय होने पर गर्व है। वह किसी को दुख नहीं पहुंचाना चाहते, कभी-कभी इरादों को गलत समझा जा सकता है। रहमान ने लोगों से अपील की कि उनकी ईमानदारी को महसूस करें।

### लातेहार में बस पलटी 5 लोगों की मौत

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ओरसा घाटी में बड़ा हादसा



हो गया। यहां एक बस पलट गई है, जिसमें अब तक 5 लोगों की जान चली गई है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनोज कुमार घटनास्थल पहुंचकर पूरे मामले की जांच में जुटे। अस्पताल में घायलों को भर्ती कराया। लोग छत्तीसगढ़ के बलरामपुर से लोध फॉल जा रहे थे।

### सांसद तिवारी के घर से 5 लाख की रकम चोरी

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा के सांसद और मशहूर लोकगायक



मनोज तिवारी के घर पर चोरी होने की खबर है और चोर घर की अलमारी से करीब 5 लाख से ज्यादा पैसा लेकर गायब हो गया। पुलिस ने चोर को ढूंढ निकाला और गिरफ्तार कर लिया। ये मामला सांसद तिवारी के मुंबई के अंधेरी पश्चिम स्थित आवास का है।

### शाहजहांपुर में 3 की मौत, टेंपो चालक घायल

**शाहजहांपुर।** यहां के रोजा थाना क्षेत्र में सीतापुर-बरेली नेशनल हाईवे पर चकभिटारा मोड़ के समीप



रविवार सुबह करीब नौ बजे ट्रक से बाइक को टक्कर लग गई। बाइक ट्रक के पिछले पहिए में फंसकर घिसटती चली गई। बाइक चालक महावीर निवासी चकभिटारा और उनके साले हेमनाथ निवासी गांव पालीचक लखीमपुर खीरी की मौत हो गई।

### 20 वाहन टकराए, चालक की मौत, 24 जख्मी

**बरेली।** यहां के फरीदपुर थाना क्षेत्र में रविवार को सुबह घने कोहरे के कारण हाईवे पर कोहराम मच गया।



दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर कोहरे के कारण रोडवेज बस और कार समेत 20 वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में करीब 24 लोग घायल हुए हैं। रोडवेज बस चालक की मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। लोग इधर- उधर परेशान दिखाई दिए।

---

## भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम का हमला

# विश्व बैंक की रिपोर्ट पर वायु प्रदूषण को लेकर मोदी सरकार पर 'सच्चाइयों' से मुंह मोड़ने का आरोप

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने विश्व बैंक की



ताज़ा रिपोर्ट 'ए ब्रेथ ऑफ चेंज' का हवाला देते हुए देश में वायु प्रदूषण की कथित भयावह स्थिति को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट पूरी तरह साक्ष्य-आधारित, स्पष्ट और समयानुकूल है, लेकिन इसके बावजूद सरकार सच्चाई से आंखें मूंदे हुए है।

विश्व बैंक की इस रिपोर्ट में भारत के गंगा के मैदानी इलाकों और हिमालयी तलहटी क्षेत्रों में वायु प्रदूषण के गंभीर प्रभावों को रेखांकित किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, इन क्षेत्रों में हर साल करीब 10 लाख लोगों की समयपूर्व मौत वायु प्रदूषण के कारण हो रही है। इतना ही नहीं, प्रदूषण के चलते क्षेत्रीय जीडीपी का लगभग 10 प्रतिशत आर्थिक नुकसान भी हर वर्ष उठाना पड़ रहा है।

**रिपोर्ट में क्या करने की दी साफ सलाह**

जयराम रमेश ने कहा कि इस रिपोर्ट की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह सिर्फ समस्या नहीं बताती, बल्कि समाधान भी स्पष्ट रूप से सुझाती है। रिपोर्ट में प्रमुख रूप से निम्न कदम उठाने की सिफारिश की गई है:

कोयला आधारित बिजली संयंत्रों के लिए उत्सर्जन मानकों का सख्ती से पालन और सबसे पुराने व प्रदूषणकारी संयंत्रों को तेज़ी से बंद करना।

केवल शहरों तक सीमित योजनाओं के बजाय कानूनी रूप से सशक्त एयरशेड-आधारित शासन प्रणाली लागू करना, जो सभी राज्यों में समान रूप से प्रभावी हो।

सार्वजनिक परिवहन का विस्तार और उसका विद्युतीकरण, साथ ही वाहनों के उत्सर्जन और ईंधन मानकों को और अधिक सख्त बनाना।

### कांग्रेस की पुरानी मांगें दोहराई

जयराम रमेश ने कहा कि बढ़ते एक्यूआई और उससे जुड़े स्वास्थ्य संकट को देखते हुए कांग्रेस पार्टी लगातार सरकार को चेताती और ठोस सुझाव देती रही है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस की प्रमुख मांगों में शामिल हैं—

वायु प्रदूषण (नियंत्रण और निवारण) अधिनियम, 1981 और राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक, 2009 की व्यापक समीक्षा, विशेष रूप से पीएम 2.5 पर ध्यान केंद्रित करते हुए।

राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम का वित्तीय आवंटन और भौगोलिक दायरा बड़े पैमाने पर बढ़ाना तथा प्रदर्शन के आकलन के लिए पीएम 2.5 को मुख्य मानक बनाना।

वायु प्रदूषण से जुड़े सभी कानूनों और मानकों का बिना किसी ढील या समझौते के सख्ती से पालन सुनिश्चित करना।


### मोदी सरकार पर तीखा सवाल

इन तमाम तथ्यों और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट के बावजूद जयराम रमेश ने सवाल उठाते हुए कहा, मोदी सरकार कब तक सच्चाइयों से इनकार करती रहेगी? उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण अब केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं रहा, बल्कि यह जनस्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और भविष्य की पीढ़ियों के अस्तित्व से जुड़ा गंभीर संकट बन चुका है, जिस पर तुरंत और ईमानदार कार्रवाई की आवश्यकता है।

---

**पंचायत स्तर से विधानसभा तक चरणबद्ध संघर्ष की रणनीति तय**

## मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर कांग्रेस की देशव्यापी समीक्षा बैठक, आंदोलन तेज



**नई दिल्ली(हरिभूमि ब्यूरो)।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को उसके मूल स्वरूप में बहाल कराने के उद्देश्य से चल रहे 'मनरेगा बचाओ संग्राम' को लेकर आज, रविवार को कांग्रेस पार्टी के मुख्यालय में महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल समेत शीर्ष नेताओं ने एक व्यापक ऑनलाइन समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में देशभर के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, महासचिव/प्रभारी तथा मनरेगा समन्वय समिति के सदस्य शामिल हुए। बैठक में आंदोलन की अब तक की प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें यह बात सामने आई कि कई राज्यों में मनरेगा बचाओ संग्राम का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है और इसे ज़मीनी स्तर पर व्यापक समर्थन मिल रहा है। नेताओं ने आंदोलन की सफलता और दायरे पर संतोष जताया।

### पंचायत स्तर पर जनसंपर्क तेज़ करने का निर्णय

समीक्षा बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में आंदोलन को और अधिक धार देने के लिए पंचायत स्तर पर जनसंपर्क अभियान तेज़ किया जाएगा। इसके तहत आम जनता, मनरेगा मज़दूरों और अन्य हितधारकों से सीधे संवाद किया जाएगा।

### चरणबद्ध तरीके से वार्ड स्तर पर शांतिपूर्ण धरने

फिर विधानसभा/लोक भवन घेराव और अंत में जोनल स्तर की रैलियां आयोजित की जाएंगी। यह सभी कार्यक्रम योजनाबद्ध और निरंतर रूप से चलाए जाएंगे।

### 20 जनवरी को रायबरेली में मनरेगा चौपाल में शामिल होंगे राहुल गांधी:

आंदोलन को और मज़बूती देने के लिए 20 जनवरी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी रायबरेली में आयोजित एक मनरेगा चौपाल में शामिल होंगे। वे ग्रामीण मज़दूरों के अधिकारों और सम्मान के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता को दोहराएंगे।

### जनविरोधी कानून के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मनरेगा बचाओ संग्राम जनविरोधी नए कानून के खिलाफ एक मज़बूत प्रतिरोध के रूप में उभरा है और मनरेगा को उसके मूल उद्देश्य और भावना के साथ बचाने की निर्णायक लड़ाई है। यह आंदोलन देश के कोने-कोने तक पहुंच रहा है। पंचायतों को भी नई ऊर्जा दे रहा है।

---

**भाजपा के 22 उम्मीदवारों ने पूर्व सांसद नवनीत के खिलाफ खोला मोर्चा**

## मुख्यमंत्री फडणवीस को लिखा पत्र, कार्रवाई की मांग उठाई

अमरावती नगर निगम चुनाव में भाजपा के उम्मीदवारों के खिलाफत करने का लगाया आरोप





हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हाल ही में अमरावती नगर निगम (एएमसी) चुनाव में उतरे भारतीय जनता पार्टी के 22 उम्मीदवारों ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से पूर्व सांसद नवनीत राणा को पद से हटाने की मांग की है। उम्मीदवारों का आरोप है कि नवनीत राणा ने पार्टी के उम्मीदवारों के खिलाफ प्रचार करके पार्टी को कमजोर किया है। 15 जनवरी को हुए चुनावों में भाजपा की सीटों में भारी गिरावट आई, जिससे टूटे हुए गठबंधन के बीच विश्वासघात के आरोप और भी बढ़ गए हैं।

चुनाव में करारी हार 87 सदस्यीय एएमसी में भाजपा को पिछली बार की 45 सीटों के मुकाबले मात्र 25 सीटें मिलीं, जबकि नवनीत राणा के पति रवि राणा की युवा स्वाभिमान पार्टी (वाईएसपी) को 3 के मुकाबले 15 सीटें मिलीं। अन्य दलों को कांग्रेस (15), एआईएमआईएम (12), एनसीपी (11), शिवसेना (3), बसपा (3), शिवसेना (यूबीटी) (2), वंचित बहुजन अघाड़ी (1) की सीटें मिलीं। चुनाव से पहले, भाजपा और वाईएसपी (विधायक रवि राणा) ने संबंध तोड़ लिए थे, फिर भी भाजपा के एक स्थानीय नेता ने जोर देकर कहा कि नवनीत भगवा उम्मीदवारों का समर्थन करेंगी। इसके विपरीत, उन्होंने कथित तौर पर भाजपा उम्मीदवारों को बेवकूफ करार दिया और वाईएसपी को असली भाजपा के रूप में पेश किया।

22 शिकायतकर्ताओं में से 20 हारे और 2 जीते, लेकिन सभी नवनीत के हस्तक्षेप की ओर इशारा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को लिखे अपने पत्र में उन्होंने कहा, हम समर्पित, मेहनती पार्टी कार्यकर्ता हैं जो समाज से जुड़े हुए हैं। हमारी हार विपक्ष की वजह से नहीं, बल्कि वरिष्ठ भाजपा नेता नवनीत राणा के खुलेआम हमारे खिलाफ प्रचार करने की वजह से हुई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि नवनीत राणा को पार्टी में बनाए रखने से अमरावती में भाजपा की पकड़ कमजोर हो सकती है और उन्हें तत्काल निष्कासित करने की मांग की है।

---

**बीएमसी महापौर पर राउत के बयान से बढ़ी 'गरमी'**

होटल को बना दिया जेल


## शिंदे भी नहीं चाहते भाजपा का मेयर उसके कई पार्षद हमारे संपर्क में

एजेंसी ⏭ मुंबई

यहां मेयर पद को लेकर सस्पेंस बढ़ा है। चुनाव नतीजों के बाद एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने ढाई-ढाई साल के फार्मूले पर भाजपा से मेयर



पद की मांग की है और अपने पार्षदों को होटल में ठहरा दिया है। सीएम फडणवीस ने विवाद से इनकार किया है। शिवसेना यूबीटी को उद्धव ठाकरे ने ये कहकर हलचल बढ़ाई कि भगवान ने चाहा तो शिवसेना यूबीटी का ही मेयर बनेगा। संजय राउत ने कह दिया है कि शिवसेना के कई पार्षद भाजपा का मेयर नहीं चाहते और कई लोग उनके संपर्क में हैं।



### राउत ने कानून- व्यवस्था पर किए सवाल

राउत ने कहा कि शिंदे के पार्षदों को इस तरह से होटल में बंदी बनाकर रखना कानून व्यवस्था का सवाल है। उन पार्षदों को डर है कि उनका अपहरण किया जा सकता है, उन्हें तोड़ा जा सकता है। ऐसे में शिंदे ने उन्हें ताज होटल में बंद कर दिया है। पुलिस का कड़ा पहरा है।

### शिंदे के पार्षदों को रिहा करें

राउत ने कहा कि हमें और हमारे दोस्तों को ताज होटल जाना है, लेकिन हम वहां जाएंगे और वहां गड़बड़ हो जाएगी, लेकिन फिर भी हम वहां जाएंगे। राउत ने दावा किया कि एकनाथ शिंदे के गुट के कई पार्षद हमारे संपर्क में हैं। कौन चाहता है कि मुंबई में भाजपा का मेयर बने? शिंदे भी ऐसा नहीं चाहते।

---

## विराट रामायण मंदिर के पास विशाल शिवलिंग स्थापित

**पूर्वी चंपारण।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी में विराट रामायण मंदिर के पास 33 फीट ऊंचे और 210 मीट्रिक टन वजनी शिवलिंग की स्थापना रविवार को की गई। इसे तमिलनाडु के महाबलीपुरम में बनाया गया था और विशेष रूप से निर्मित 96 पहियों वाले ट्रेलर पर कल्याणपुर लाया गया था।




---

**नई दिल्ली के विश्व पुस्तक मेले में पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री शाह**

# देश की रक्षा व अखंडता का संकल्प और मजबूत होगा

## वंदे मातरम और ऑपरेशन सिंदूर पवेलियन का दौरा किया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज भारत मंडपम में आयोजित नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले का अवलोकन किया। गृह मंत्री ने वंदे मातरम पवेलियन और ऑपरेशन सिंदूर पवेलियन का भी दौरा किया। गृह मंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और योगदान पर बनी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। एक्स पर किए गए सिलसिलेवार पोस्ट्स में केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि पुस्तकें ज्ञान प्राप्त करने का सर्वोत्तम माध्यम हैं और उम्र चाहे जो भी हो, पढ़ते रहना चाहिए। पढ़ने की आदत तेजी से कम होती जा रही है और मुझे विश्वास है कि डिजिटल हो या प्रिंट, पुस्तकें अभी भी ज्ञान अर्जित करने का सबसे अच्छा तरीका हैं।

स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को पूरा करें



पुस्तक मेला में गृहमंत्री शाह

**बच्चों को 'आनंद मठ' की प्रतियां भी वितरित की**

गृहमंत्री शाह ने बच्चों को बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की 'आनंद मठ' की प्रतियां भी वितरित कीं। उन्होंने कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित साहित्यिक कृति 'आनंद मठ' ने लाखों भारतीयों को स्वतंत्रता संग्राम छेड़ने और ब्रिटिश शासन को समाप्त करने के लिए प्रेरित कर इतिहास रचा।

### सरदार पटेल के कृतित्व को अजर-अमर बनाएं

शाह ने कहा कि नेशनल बुक ट्रस्ट के वंदे मातरम पवेलियन का दौरा किया। यह पवेलियन गौरवशाली गाथा को प्रदर्शित कर रहा है, जिसने स्वतंत्रता सेनानियों में औपनिवेशिक शासन को उखाड़ फेंकने की देशभक्ति की भावना जगाई थी। शाह ने पुस्तक मेले में सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और योगदान पर बनी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। टुकड़ों में बंटे देश को एकीकृत कर एक भारत बनाने वाले सरदार साहब का 150वां जयंती वर्ष मनाकर मोदी सरकार उनके व्यक्तित्व- कृतित्व को बता रही।

---

**मणिकर्णिका की 'फर्जी' तस्वीरें शेयर की**

## सांसद संजय, कांग्रेस नेता यादव समेत 8 नेताओं पर एफआईआर

एजेंसी ⏭ वाराणसी

पुलिस ने मणिकर्णिका घाट पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों के बारे में सोशल मीडिया पर एआई से बनाई



गई तस्वीरें, वीडियो और भ्रामक जानकारी प्रसारित करने के आरोप में कार्रवाई की है। वाराणसी पुलिस ने आपके सांसद संजय सिंह, कांग्रेस नेता पप्पू यादव सहित 8 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) गौरव बंसल ने बताया कि घाट पर चल रहे सौंदर्यीकरण और श्मशान सुविधाओं पर चल रहे सुधार के संबंध में मनगढ़ंत सामग्री फैलाने के आरोप में बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई हैं। वाराणसी के चौक थाने में शनिवार को एफआईआर दर्ज होने के बाद सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के लोकसभा क्षेत्र में घाट को तहस-नहस किया गया, मंदिरों को तोड़ा गया, काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार कराने वाली माता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा भी तोड़ी गई जिसका विरोध काशी के साधुओं ने किया।

# भारत का नया रिकॉर्ड, 24 % की जबरदस्त ग्रोथ के साथ 63 लाख गाड़ियां विदेश भेजीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के ताजा आंकड़ों के अनुसार विदेशी बाजारों में कारों, दुपहिया वाहनों और वाणिज्यिक वाहनों की मजबूत मांग के कारण 2025 में भारत से वाहन निर्यात 24 प्रतिशत बढ़ा। पिछले साल भारत से कुल निर्यात 24.1 प्रतिशत बढ़कर 63,25,211 इकाई हो गया, जबकि 2024 में यह 50,98,474 इकाई था।

इस दौरान यात्री वाहनों का निर्यात 16 प्रतिशत बढ़कर 8,63,233 इकाई रहा, जो 2024 में 7,43,979 इकाई था। उपयोगिता वाहनों का निर्यात पिछले साल सालाना आधार पर 32 प्रतिशत बढ़कर 4,27,219 इकाई रहा। इस दौरान यात्री कारों का निर्यात तीन प्रतिशत बढ़कर 4,25,396 इकाई हो गया। सियाम ने कहा कि पश्चिम एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका सहित अधिकांश बाजारों में मांग स्थिर रही है।

## यात्री कारों का निर्यात तीन प्रतिशत बढ़कर 4,25,396 इकाई हो गया

### मारुति निर्यात में सबसे आगे

मारुति सुजुकी 2025 में 3.95 लाख इकाइयों का निर्यात करके इस क्षेत्र में सबसे आगे रही। दुपहिया वाहनों का निर्यात 24 प्रतिशत बढ़कर 49,39,706 इकाई रहा, जो 2024 में 39,77,162 इकाई था। इस दौरान मोटरसाइकिल का निर्यात 27 प्रतिशत और स्कूटर का निर्यात आठ प्रतिशत बढ़ा। इसी तरह तिपहिया वाहनों का निर्यात 43 प्रतिशत और वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात 27 प्रतिशत बढ़ा।



### लग्जरी कारों पर भारी शुल्क, तर्कसंगत फैसले का वक्त

*पुणे। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ संतोष अय्यर ने कहा कि आयातित 'लग्जरी' कारों पर सीमा शुल्क को तर्कसंगत बनाने से प्रीमियम खंड में मांग बढ़ेगी, जिससे सरकार का कुल कर राजस्व बढ़ेगा। आगामी आम बजट की अपेक्षाओं के बारे में पूछने पर अय्यर ने बताया कि इसके अलावा एक अधिक स्थिर व्यापक आर्थिक नीति और रुपए में जारी गिरावट को रोकने के लिए बेहतर राजकोषीय प्रबंधन से लग्जरी कार निर्माताओं को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इन कंपनियों को बढ़ती लागत के कारण कीमतें बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ा है, जिसका असर मांग पर पड़ा है।उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों के तहत पिछले साल दरों को तर्कसंगत बनाया गया, जो एक बेहद सकारात्मक कदम था और अब सीमा शुल्क के लिए भी ऐसा ही होना चाहिए। इस समय 40 हजार अमेरिकी डॉलर से कम कीमत वाले आयातित यात्री वाहनों पर 70 प्रतिशत का बुनियादी सीमा शुल्क लगता है, और 40 हजार अमेरिकी डॉलर से अधिक कीमत वाले वाहनों पर 110 प्रतिशत का प्रभावी सीमा शुल्क लगाया जाता है।*

## खबर संक्षेप

### एमवे इंडिया का घाटा बढ़ा 74.25 करोड़ रुपये पहुंचा

**नई दिल्ली।** प्रमुख प्रत्यक्ष बिक्री कंपनी एमवे इंडिया के दस्तावेजों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में उसका कुल घाटा बढ़कर 74.25 करोड़ रुपए हो गया और परिचालन राजस्व 10.56 प्रतिशत घटकर 1,148.16 करोड़ रुपए रह गया। 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में कंपनी की कुल आय 9.2 प्रतिशत घटकर 1,174.85 करोड़ रुपए रही।

### एडलवाइस लाइफ को दहाई अंकों में वृद्धि की उम्मीद




**नई दिल्ली।** एडलवाइस लाइफ इंश्योरेंस को अगले 2-3 वर्षों में दहाई अंकों में वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी के एमडी और सीईओ सुमित राय ने कहा कि कंपनी वित्त वर्ष 2026-27 तक घाटे से उबर जाएगी। हम लगभग 14 साल पुराने संगठन हैं। शुरुआती साल, विशेष रूप से 2011 और 2016 के बीच समग्र जीवन बीमा उद्योग के लिए धीमी वृद्धि का दौर था।

### ठंड में बढ़ी तेल की मांग कीमतों में उछाल



**नई दिल्ली।** विदेशों में बाजार मजबूत रहने, रुपये के दाम में आई गिरावट तथा जाड़े के अलावा शादी-विवाह के मौसम की मांग बढ़ने से बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत रहे। सूरजमुखी, मूंगफली जैसे तिलहन के दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे ही बने हुए हैं।

## आज से दावोस में डब्ल्यूईएफ की बैठक, राष्ट्रपति ट्रंप होंगे शामिल

# वैश्विक दिग्गजों के बीच भारत की दमदार दस्तक, दुनिया भर के नामी 'संवाद की भावना' विषय पर करेंगे चर्चा

एजेंसी ▶▶| दावोस

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में भारत एक दमदार प्रतिनिधित्व के लिए तैयार है। सोमवार से शुरू होने वाले पांच दिवसीय इस आयोजन में दुनिया भर के दिग्गज एक चुनौतीपूर्ण दुनिया में ''संवाद की भावना'' विषय पर चर्चा करेंगे।

सरकार, व्यापार, शिक्षा, बहुपक्षीय निकायों, नागरिक समाज और श्रम संघों के 3,000 से अधिक वैश्विक नेताओं के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सबसे बड़े आकर्षण होंगे। ट्रंप अपने मंत्रिमंडल के पांच सदस्यों के साथ आ रहे हैं। भारत से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के अलावा कम से कम चार केंद्रीय मंत्रियों - अश्विनी वैष्णव, शिवराज सिंह चौहान, प्रल्हाद जोशी और के राम मोहन नायडू के साथ ही छह मुख्यमंत्रियों और देश के 100 से अधिक शीर्ष मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के शामिल होने की उम्मीद है।






### राष्ट्रपति ट्रंप अपने वरिष्ठ सहयोगियों के साथ होंगे शामिल

वैश्विक नेताओं में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने वरिष्ठ सहयोगियों- वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट, वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक और ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट के साथ वहां पहुंच सकते हैं। इस वैश्विक शिखर सम्मेलन में लगभग 130 देशों के करीब 3,000 नेता शामिल होंगे, जिनमें 60 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष भी होंगे। भारतीय नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान कई समूह चर्चाओं में भाग लेने की उम्मीद है, जिसमें 'क्या भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है' विषय पर एक चर्चा भी शामिल है। इसके अलावा वे द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।

### छह राज्यों के सीएम करेंगे शिरकत

*बैठक में शामिल होने वाले मुख्यमंत्रियों में महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस, आंध्र प्रदेश के एन चंद्रबाबू नायडू, असम के हिमंत विश्व शर्मा, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, तेलंगाना के ए रेवंत रेड्डी और झारखंड के हेमंत सोरेन शामिल हैं। जहां रेड्डी कांग्रेस पार्टी से हैं, सोरेन कांग्रेस की सहयोगी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा से और नायडू भाजपा की सहयोगी तेलुगु देशम पार्टी से हैं, वहीं अन्य तीन मुख्यमंत्री भाजपा से हैं। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार (कांग्रेस) के भी वहां रहने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्रियों में नायडू तेदेपा से हैं, जबकि अन्य चार भाजपा से हैं। इसके अलावा, गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष रमेशभाई संघवी (भाजपा) और उत्तर प्रदेश का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी दुनिया भर के अमीर और शक्तिशाली लोगों के इस वार्षिक जमावड़े के लिए दावोस की यात्रा करेंगे।*

### अंबानी, बजाज, भरतिया और सुदर्शन वेणु लेंगे हिस्सा

*पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन इरानी भी 'अलायंस फॉर ग्लोबल गुडः जेंडर इक्विटी एंड इक्वालिटी' की संस्थापक और चेयरपर्सन के रूप में वहां मौजूद रहेंगी, जिसकी स्थापना कुछ साल पहले दावोस में ही हुई थी। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी, टाटा समूह के एन चंद्रशेखरन, बजाज समूह के संजीव बजाज, जुबिलेंट भरतिया समूह के हरि एस भरतिया और टीवीएस मोटर के सुदर्शन वेणु भी शामिल होंगे। बैठक में एक्सिस बैंक के अमिताभ चौधरी, गोदरेज इंडस्ट्रीज के नादिर गोदरेज, जेएसडब्ल्यू समूह के सज्जन जिंदल, जेरोधा के निखिल कामथ, भारती समूह के सुनील भारती मित्तल, इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणी, इंफोसिस के सीईओ सलिल एस पारेख, विप्रो के ऋषद प्रेमजी, एस्सार के सीईओ प्रशांत रुइया, पेटीएम के विजय शेखर शर्मा और रिन्यू के सीईओ सुमंत सिन्हा भी शामिल होंगे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार, वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी भी वहां मौजूद रहेंगे।*

## बिकवाली का सिलसिला जारी

# एफपीआई ने शेयरों से निकाले 22,530 करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




■ मुद्रा की अस्थिरता, वैश्विक व्यापार तनाव और अमेरिकी शुल्क में बढ़ोतरी की आशंका

अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी और डॉलर की मजबूती के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक भारतीय शेयरों से 22,530 करोड़ रुपए से अधिक निकाले हैं।

यह निकासी 2025 में दर्ज की गई 1.66 लाख करोड़ रुपए की बिकवाली के बाद हुई। ऐसा मुद्रा की अस्थिरता, वैश्विक व्यापार तनाव और अमेरिकी शुल्क में बढ़ोतरी की आशंका तथा बाजार के ऊंचे मूल्यांकन के कारण हुआ। एफपीआई के लगातार बिकवाली के दबाव ने 2025 के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपए के मूल्य में लगभग पांच प्रतिशत की गिरावट लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने एक से 16 जनवरी के बीच भारतीय इक्विटी से 22,530 करोड़ रुपए निकाले। बाजार विशेषज्ञों ने इस निकासी के लिए वैश्विक और घरेलू कारकों को जिम्मेदार ठहराया है।

### पूंजी निकलकर जा रही दूसरे बाजारों की ओर

सेंट्रिसिटी वेल्थटेक के इक्विटी प्रमुख और संस्थापक पार्टनर सचिन जसुजा ने कहा, 'बढ़ते अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और मजबूत डॉलर ने विकसित बाजारों में जोखिम समायोजित प्रतिफल में सुधार किया है। इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के प्रधान प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि बढ़े हुए अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और डॉलर की मजबूती ने अमेरिकी संपत्तियों को तुलनात्मक रूप से अधिक आकर्षक बना दिया है।

### एसबीआई और इंफोसिस के शेयरों में बढ़त







**नई दिल्ली।** छुट्टियों के कारण छोटे रहे बीते सप्ताह के दौरान देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में तीन का संयुक्त बाजार मूल्यांकन में 75,855.43 करोड़ रुपए बढ़ गया। शेयर बाजार में सुस्त रुझान के बावजूद भारतीय स्टेट बैंक और इंफोसिस के शेयरों में बढ़त हुई। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 5.89 अंक गिरा, जबकि एनएसई निफ्टी 11.05 अंक ऊपर गया। इस दौरान आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और इंफोसिस लाभ में रहे।

### लगातार घाटे के बाद उभरा डिसकॉम, दर्ज किया 2,701 करोड़ का लाभ

**नई दिल्ली।** देश की बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) ने कई वर्षों तक लगातार घाटा उठाने के बाद वित्त वर्ष 2024-25 में सामूहिक रूप से 2,701 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। राज्य बिजली बोर्डों के पुनर्गठन और निगमीकरण के बाद से ही वितरण कंपनियां घाटे में चल रही थीं। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में इन कंपनियों को 25,553 करोड़ रुपए और वित्त वर्ष 2013-14 में 67,962 करोड़ रुपए का भारी घाटा हुआ था। वित्त वर्ष 2024-25 के परिणामों पर टिप्पणी करते हुए बिजली मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि यह वितरण क्षेत्र के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि यह मंत्रालय द्वारा बिजली वितरण क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों का परिणाम है। मंत्री ने कहा, 'भारत न केवल अपनी बल्कि दुनिया की प्रगति को गति दे रहा है और इसमें ऊर्जा क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है।''

### बजट से पहले निवेशकों की मांग इक्विटी कर का बोझ हो कम

■ आम बजट एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया जाएगा

**नई दिल्ली।** बाजार प्रतिभागियों ने 2026-27 के आम बजट से पहले सरकार से पूंजी बाजार कराधान को आसान बनाने का आग्रह किया है, जिसमें दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) पर उच्च छूट सीमा की मांग शामिल है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि सरकार को लेनदेन करों में और वृद्धि करने से बचना चाहिए। आम बजट एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया जाएगा। बाजार के हितधारकों ने खुदरा और दीर्घकालिक निवेशकों को अधिक राहत देने के लिए इक्विटी निवेश से होने वाले दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पर कर मुक्त छूट सीमा को बढ़ाने की मांग की है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## व्यापार वार्ताओं की प्रगति पर निवेशकों की रहेगी नजर

# वैश्विक रुझान तय करेंगे शेयर बाजार की चाल


एजेंसी ▶▶| मुंबई

■ व्यापार वार्ताओं की प्रगति पर भी निवेशकों की रहेगी नजर

इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल काफी हद तक कंपनियों के तिमाही नतीजों, वैश्विक रुझानों और विदेशी कोषों की आवाजाही पर निर्भर करेगा। विशेषज्ञों ने कहा कि इसके अलावा निवेशक भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और व्यापार वार्ताओं से जुड़ी किसी भी खबर पर कड़ी नजर रखेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, 'प्रतिभागी शुरुआत में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसे दिग्गजों के नतीजों पर प्रतिक्रिया देंगे। इसके बाद ध्यान विभिन्न क्षेत्रों की कई बड़ी और मझोली कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों पर टिक जाएगा।' उन्होंने आगे कहा, 'वैश्विक मोर्चे पर जीडीपी वृद्धि दर, बेरोजगारी के दावों और पीएमआई आंकड़ों सहित अमेरिकी व्यापक आर्थिक आंकड़े जोखिम की भावना और मुद्रा की चाल को प्रभावित करेंगे। भू-राजनीतिक घटनाक्रम और व्यापार वार्ताओं की प्रगति पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।'

### भारतीय बाजार नए सप्ताह में सतर्क

ऑनलाइन कारोबारी मंच एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा, 'भारतीय बाजार नए सप्ताह में सतर्क लेकिन शेयर विशिष्ट रुख के साथ प्रवेश कर रहे हैं। बैंकिंग शेयर सुर्खियों में रह सकते हैं, क्योंकि बाजार आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक जैसे दिग्गजों के साथ ही कई निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाताओं के तिमाही परिणामों का आकलन करेंगे।' इस सप्ताह बीएचईएल, एलटीआईमाइंडट्री, पीएनबी, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, बैंक ऑफ इंडिया, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), डीएलएफ, बीपीसीएल और अदाणी ग्रीन एनर्जी सहित कई प्रमुख कंपनियों के नतीजे आएंगे।




### क्षेत्र-विशिष्ट हलचल बढ़ने की संभावना

स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''नतीजों के अलावा बाजार प्रतिभागी भू-राजनीतिक स्थिति और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के संबंध में किसी भी महत्वपूर्ण सूचना पर कड़ी नजर रखेंगे। आम बजट करीब आने के साथ, बजट-पूर्व उम्मीदों के आधार पर क्षेत्र-विशिष्ट हलचल भी बढ़ने की संभावना है।'

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी जीतेन्द्र कुमार, पुत्र** सूर्यबली राम, **पताः** खसरा नंबर 486, गली नंबर 2 राजीव नगर भलस्वा डेयरी, **दिल्ली FIR No. 289/18, U/s: 279/338 IPC, पुलिस थानाः शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जीतेन्द्र कुमार,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जीतेन्द्र कुमार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **जीतेन्द्र कुमार, FIR No. 289/18, U/s: 279/338 IPC, पुलिस थानाः शाहबाद डेयरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.02.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सार्थक पंवार
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05, (उत्तरी)
कमरा नंबर 114 पहली मंजिल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/722/ON/2026
(Court Matter)

## राशिफल

**मेष** – वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** – धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** – माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** – आत्मवविश्वास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शक्षिा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** – स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** – वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** – शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान–सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।


**धनु** – कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवविश्वास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** – कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** – कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान–सम्मान बढ़ेगा।

## शब्द पहेली - 6113





**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास–3
4.पानी से सराबोर–5
8.अंधकार–3
9.आक्रमण–3
10.दम, सुट्टा–2
12.समय, वक्त–2
13.कहानी लेखक–5
16.अपराधी, गुंडा–4
17.आलोकित होना–4
18.उद्देश्य, मंजिल–2
19.छाती, सिलना–2
20.जागरण–4
23.सफल, उत्तीर्ण–4
25.पत्नी का नाना–2,3
28.मार्ग, रास्ता–2
29.जरा, थोड़ा–2
31.वैमनस्य–3
33.पाजेब–3
35.जरुरतमंद–3,2
36.गदर, क्रांति–3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह–3
2.वोट,राय–2
3.हथियार, गोला–बारूद–4
4.सनसनी, रोमांच–4
5.एक विदेशी शराब–2
6.आफत, मुसीबत–2
7.उपपत्नी–3
11.बलिदानी–3
12.कार्य करने वाला–3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना–2,3
14.पानी, जल–2
15.निर्माण करने वाला–5
21.प्रकार–3
22.उम्मीद, आशा–2
24.भिखारी–3
26.ख्यात,प्रसिद्ध–4
27.मदिरापान–4
28.मदद,आराम–3
30.इससे कच्ची शराब बनती है–3
31.उस समय–2
32.नागालैंड की एक जाति–2
34.अधर, होठ–2

### शब्द पहेली- 6112 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | ■ | स | म | झ | दा | र |
| म | ■ | र | ह | म | ■ | म | द | न | ■ | म |
| र | त | ■ | ■ | ची | ■ | झौ | ■ | ■ | वा | णी |
| ख | स | ■ | ना | न | ख | ता | ई | ■ | रा | य |
| ना | ला | य | क | ■ | त्म | ■ | मा | त | ह | त |
| ■ | ■ | ■ | क | था | ■ | का | न | ■ | ■ | ■ |
| प | न | घ | ट | ■ | आ | ■ | दा | न | वी | र |
| व | र | ■ | ना | ना | स | सु | र | ■ | र | वि |
| न | म | ■ | ■ | म | ■ | चा | ■ | ■ | ता | न |
| सु | ■ | आ | स | व | ■ | ल | ह | र | ■ | य |
| त | ल | ब | गा | र | ■ | न | क | ब | ज | न |





# सबालेंका और अल्काराज ने बनाई दूसरे दौर में जगह, रिकॉर्ड बनाकर हारी वीनस

## ऑस्ट्रेलियाई ओपनः लेवर और फेडरर दर्शकों के बीच रहे उपस्थित

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी एरीना सबालेंका और पुरुष वर्ग में पहली वरीयता प्राप्त अल्काराज ने धीमी शुरुआत से उबरकर रविवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन सबसे उम्रदराज खिलाड़ी का नया रिकार्ड बनाने वाली वीनस विलियम्स को पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। सबालेंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने पहले तीन गेम गंवा दिए। इसके बाद हालांकि उन्होंने जल्द ही लय हासिल करके तियांतसोआ राकोटोमांगा राजाओनाह को 6-4, 6-1 से हरा दिया। दिग्गज खिलाड़ी रॉड लेवर और रोजर फेडरर भी इस मैच को देखने के लिए दर्शकों के बीच उपस्थित थे।



### महिला वर्ग में दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बाहर

महिला वर्ग में दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को पहले दौर में ही बाहर का रास्ता देखना पड़ा। एल्सा जैक्वेमोट ने नंबर 20 मार्टा कोस्त्युक को 6-7 (4), 7-6 (4), 7-6 (7) से बाहर किया जबकि तुर्की की क्वालीफायर ज़ेनेप सोनमेज़ ने नंबर 11 एकातेरिना एलेक्सांद्रोवा को 7-5, 4-6, 6-4 से उलटफेर का शिकार बनाया।

### वीनस बनीं सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

वीनस वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 45 साल की उम्र में महिला एकल का मैच खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गई है लेकिन उन्हें तीन सेट तक चले मैच में ओल्गा डैनलोविच से 7-6 (5), 3-6, 4-6 से पराजय झेलनी पड़ी। वीनस ने सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनने के रिकॉर्ड के मामले में जापान की किमिको दाते (44 साल) को पीछे छोड़ा। पिछले साल के उपविजेता ज्वेरेव ने कनाडा के 24 वर्षीय खिलाड़ी गैब्रियल डियालो के खिलाफ अच्छी शुरुआत नहीं की लेकिन इसके बाद उन्होंने अपने अनुभव और दमदार सर्विस के दम पर वापसी करते हुए 6-7 (7), 6-1, 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। वह लगातार दसवें साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे हैं।

### जैस्मीन को नहीं हुए मैच जीतने में परेशानी

महिला वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने पहले दौर में अलीअक्सांद्रा सास्नोविच को 6-1, 6-2 से हराया। इटली की इस खिलाड़ी को यह मैच जीतने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। उन्होंने पहला सेट केवल 27 मिनट में जीत लिया था और इसके बाद भी अपनी लय बरकरार रखी। इटली के विश्व रैंकिंग में 20वें नंबर पर काबिज फ्लेवियो कोबोली टूर्नामेंट से बाहर होने वाले पहले वरीयता प्राप्त पुरुष खिलाड़ी बन गए। उन्हें ब्रिटिश क्वालीफायर आर्थर फेरी ने 7-6 (7), 6-4, 6-1 से हराया।

### टियाफो ने कुबलर को दी मात

पुरुषों के वर्ग में ही नंबर 29 फ्रांसेस टियाफो ने जेसन कुबलर को 7-6 (4), 6-3, 6-2 से और माइकल झेंग ने सेबेस्टियन कोर्डा को 6-4, 6-4, 3-6, 6-7 (0), 6-3 से हराया। महिला वर्ग में नंबर 12 एलिना स्वितोलिना ने क्रिस्टीना बुक्सा को 6-4, 6-1 से हराया जबकि मारिया सकारी ने लियोलिया जीनजीन पर 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। विंबलडन की पूर्व चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा ने पहले दौर के मैच से पूर्व कंधे की चोट के कारण नाम वापस ले लिया। इससे क्वालीफाइंग राउंड में खेल चुकी टेलर टाउनसेंड को मुख्य ड्रॉ में जगह मिल गई, जहां उनका सामना हैली बैपटिस्ट से हुआ। अमेरिका की दो खिलाड़ियों के बीच खेले गए इस मुकाबले में बैपटिस्ट 6-3, 6-7 (3), 6-3 से विजयी रही।

## खबर संक्षेप

### बीडब्ल्यूएफ जारी रखेगा 'टाइम क्लॉक' ट्रायल

**नई दिल्ली।** विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) अगले सप्ताह इंडोनेशिया मास्टर्स में 25 सेकेंड की 'टाइम क्लॉक' का परीक्षण करेगा। उसकी यह पहल चुनिंदा विश्व टूर टूर्नामेंट में जारी रहेगी, जिसका उद्देश्य रणनीतिक देरी पर अंकुश लगाना और मैच की लय को मानकीकृत करना है। हालांकि इस कदम पर खिलाड़ियों और कोच की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। इस प्रणाली के तहत जैसे ही अंपायर स्कोर अपडेट करता है, 'टाइम क्लॉक' शुरू हो जाती है। सर्व करने वाला खिलाड़ी और रिसीवर, दोनों को 25 सेकेंड के भीतर सर्व और रिसीव के लिए तैयार होना अनिवार्य होता है।

### आईएसपीएल ने की श्रीनगर फ्रेंचाइजी के सह-स्वामित्व के लिए बोलियां आमंत्रित



**मुंबई।** इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) ने बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी श्रीनगर के वीर के सह-स्वामित्व के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। श्रीनगर के वीर फ्रेंचाइजी का टूर्नामेंट में अभी तक अच्छा प्रदर्शन रहा है। वह पहले सत्र में सेमीफाइनल में पहुंची थी जबकि दूसरे सत्र में उपविजेता रही थी। इस लीग का संचालन एक कोर कमेटी करती है, जिसमें सचिन तेंदुलकर, आशीष शेलार, मिनल अमोल काले, सूरज सामत आदि शामिल हैं। इस लीग में अमिताभ बच्चन (माझी मुंबई), सलमान खान (दिल्ली सुपरहीरोज), अजय देवगन (अहमदाबाद लायंस), सौरव गांगुली, सैफ अली खान और करीना कपूर खान (टाइगर्स ऑफ कोलकाता), ऋतिक रोशन (बेंगलुरु स्ट्राइकर्स), सूर्या (चेन्नई सिंगम्स) और राम चरण (फाल्कन राइजर्स हैदराबाद) सहित कई मशहूर हस्तियां भी फ्रेंचाइजी के सह-मालिक हैं।

### इंग्लैंड के पाक मूल के खिलाड़ियों को मिला वीजा

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में भाग लेने वाले पाकिस्तान मूल के सभी 42 खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए वीजा संबंधी औपचारिकताओं को सुविधाजनक बनाने के लिए कदम उठाया है। इंग्लैंड की टीम में पाकिस्तानी मूल के क्रिकेटरों में स्पिनर आदिल राशिद, रेहान अहमद और तेज गेंदबाज साकिब महमूद शामिल हैं। अमेरिका की टीम में अली खान और शायन जहांगीर तथा नीदरलैंड की टीम में जुल्फिकार साकिब जैसे पाकिस्तानी मूल के कुछ खिलाड़ी शामिल हैं। इंग्लैंड के खिलाड़ियों राशिद, रेहान और साकिब के वीजा आवेदन पहले ही मंजूर किए जा चुके हैं। नीदरलैंड की टीम के सदस्यों और कनाडा के सहयोगी स्टाफ के सदस्य शाह सलीम जफर को भी वीजा मिल चुका है। संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका, इटली, बांग्लादेश और कनाडा की टीम में शामिल पाक राष्ट्रीयता या पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए वीजा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया चल रही है।

## तीसरे और अंतिम क्रिकेट मैच में भारत 41 रन से हारा

# मिचेल-फिलिप्स के शतक, न्यूजीलैंड ने भारत में पहली वनडे श्रृंखला जीती

एजेंसी ▶▶| इंदौर

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (124 रन) का 54वां वनडे शतक भी भारतीय टीम के काम नहीं आ सका जिससे न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल (137 रन) और ग्लेन फिलिप्स (106 रन) के शतक के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रविवार को यहां तीसरे और अंतिम क्रिकेट मैच में 41 रन की जीत से श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। न्यूजीलैंड के लिए यह मैच काफी महत्वपूर्ण था क्योंकि उसने 1989 से द्विपक्षीय वनडे मुकाबलों के लिए भारत का दौरा शुरू किया था लेकिन यहां कभी भी श्रृंखला नहीं जीती थी। इस जीत से उसने 37 साल बाद भारत में श्रृंखला जीतने का इंतजार खत्म किया। भारत के तेज गेंदबाजों के शुरुआती झटकों के बावजूद न्यूजीलैंड ने मिचेल के लगातार दूसरे शतक और फिलिप्स के तूफानी सैकड़े से आठ विकेट पर 337 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। कोहली (108 गेंद) का दबाव में खेला गया शानदार और जुझारू शतक भारतीय टीम के काम नहीं आ सका जिससे टीम जवाब में 46 ओवर में 296 रन पर ढेर हो गई। इससे भारत को घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड से पहली द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में हार का मुंह देखना पड़ा। दूसरे छोर पर विकेट गिरते रहे लेकिन कोहली डटे रहे और पारी के अंत में आउट हुए। न्यूजीलैंड के लिए जैकरी फोक्स ने 77 रन देकर तीन और क्रिस्टियन क्लार्क ने 54 रन देकर तीन तीन विकेट झटके। वहीं जेडन लेनोक्स ने 42 रन देकर दो विकेट हासिल किए। मिचेल और फिलिप्स ने चौथे विकेट के लिए 188 गेंद में 219 रन की साझेदारी करके पारी की पूरी तस्वीर बदल दी। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही और उसने 71 रन पर चार विकेट खो दिए थे।




### मिचेल का वनडे सीरीज में बैक टू बैक दूसरा शतक

मिचेल ने इंदौर वनडे में अपना शतक 106 गेंदों पर पूरा किया और इससे पहले उन्होंने अपना अर्धशतक 56 गेंदों पर पूरा किया था। मिचेल का ये इस वनडे सीरीज में बैक टू बैक दूसरा शतक रहा जबकि ये उनके वनडे क्रिकेट करियर का 9वां शतक रहा। भारत के खिलाफ ये मिचेल का चौथा वनडे शतक रहा, लेकिन इस शतक के दम पर उन्होंने एक साथ 5 खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया। मिचेल ने इस मैच में 3 छक्के और 15 चौकों की मदद से 131 गेंदों पर 137 रन बनाए। ये भारत के खिलाफ वनडे में मिचेल का बेस्ट स्कोर रहा।

### पहली बार न्यूजीलैंड के 2 बल्लेबाजों ने लगाए शतक

डेरिल मिचेल जहां इस वनडे सीरीज में लगातार दूसरा शतक लगाने में कामयाब रहे तो वहीं ग्लेन फिलिप्स के बल्ले से भी उनके वनडे करियर का दूसरा शतक देखने को मिला। मिचेल इस मैच में 137 रनों की पारी खेलने के बाद पवेलियन लौटे तो वहीं फिलिप्स के बल्ले से 106 रनों की पारी देखने को मिली। वहीं न्यूजीलैंड की तरफ से भारत के खिलाफ किसी एक वनडे मुकाबले में पहली बार 2 बल्लेबाज शतकीय पारी में खेलने में भी कामयाब हो सके, जिसके साथ ही मिचेल और फिलिप्स दोनों ने मिलकर नया इतिहास रच दिया।

### न्यूजीलैंड-337/8 (50)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| कॉनवे का रोहित बो हर्षित राणा | 05 |
| हेनरी निकोल्स बो अर्शदीप | 00 |
| विल का जडेजा बो हर्षित राणा | 30 |
| मिचेल का कुलदीप बो सिराज | 137 |
| फिलिप्स का राहुल बो अर्शदीप | 106 |
| माइकल ब्रेसवेल नाबाद | 28 |
| मिचेल हे पगबाधा बो कुलदीप | 02 |
| जैकरी का कुलदीप बो अर्शदीप | 10 |
| क्रिस्टियन क्लार्क बो हर्षित राणा | 11 |
| काइल जैमीसन नाबाद | 00 |

अतिरिक्त : 08

कुल : 50 ओवर में आठ विकेट पर 337 रन

गेंदबाजीः अर्शदीप 10-1-63-3, हर्षित 10-0-84-3, सिराज 10-0-43-1, नीतिश 8-0-53-0, कुलदीप 6-0-48-1, रविंद्र जडेजा 6-0-41-0

### भारत-296/10 (46)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रोहित शर्मा का क्लार्क बो फोक्स | 11 |
| शुभमन गिल बो जैमीसन | 23 |
| कोहली का मिचेल बो क्लार्क | 124 |
| अय्यर का फोक्स बो क्लार्क | 03 |
| राहुल का फिलिप्स बो लेनोक्स | 01 |
| नीतिश रेड्डी का यंग बो क्लार्क | 53 |
| रविंद्र जडेजा का यंग बो लेनोक्स | 12 |
| हर्षित का निकोल्स बो फोक्स | 52 |
| मोहम्मद सिराज का हे बो फोक्स | 00 |
| कुलदीप यादव रन आउट | 05 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 04 |

अतिरिक्तः 08

कुल : 46 ओवर में 296 रन पर सभी आउट

गेंदबाजीः जैमीसन 9-0-58-1, जैकरी 9-0-77-3, क्लार्क 9-0-54-3, जेडन 10-0-42-2, मिचेल 1-0-10-0, ग्लेन 8-0-54-0

## कोहली ने लगाया 54वां वनडे शतक



**इंदौर।** भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने रविवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला के तीसरे और अंतिम मैच में रिकॉर्ड 54वां वनडे शतक लगाया। यह सुपरस्टार वडोदरा में श्रृंखला के पहले वनडे में 93 रन पर आउट हो गया था और इस उपलब्धि से चूक गया था। उन्होंने 40वें ओवर की आखिरी गेंद पर जैकरी फोक्स की गेंद पर एक रन लेकर 91 गेंद में अपना शतक पूरा किया जिसमें आठ चौके और दो छक्के जड़े थे। न्यूजीलैंड के आठ विकेट पर 337 रन का स्कोर खड़ा किया जिसके बाद कोहली एक छोर पर डटे रहे और शतक पूरा किया।

### न्यूजीलैंड बनाम भारत वनडे में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर

145* रन – टॉम लैथम, ऑकलैंड, 2022
140 रन – माइकल ब्रेसवेल, हैदराबाद, 2023
138 रन – डेवोन कॉनवे, इंदौर, 2023
137 रन – डेरिल मिचेल, इंदौर, 2026
134 रन – डेरिल मिचेल, वानखेड़े, 2023
131* रन – डेरिल मिचेल, राजकोट, 2026
130 रन – डेरिल मिचेल, धर्मशाला, 203

### न्यूजीलैंड बनाम भारत वनडे में सबसे बड़ी पार्टनरशिप

221* रन – टॉम लैथम, केन विलियमसन, ऑकलैंड, 2022
219 रन – डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, इंदौर, 2026
200 रन – टॉम लैथम, रॉस टेलर, वानखेड़े, 2017
190 रन – एस स्टायरिसरॉस टेलर, दांबुला, 2010

## टाटा स्टील मास्टर्स

# एरिगैसी ने 32 चालों में जीता गेम, प्रज्ञाननंदा को हराया




एजेंसी ▶▶| विज्क आन जी

शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगैसी ने हमवतन आर प्रज्ञाननंदा को हराकर टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की जबकि विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने पहले दौर में उज्बेकिस्तान के विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ खेला। पर्यावरण कार्यकर्ताओं के विरोध के कारण खेल समय पर शुरू नहीं हो पाया था लेकिन इसके बाद जब दुनिया के सबसे पुराने टूर्नामेंट में से एक में खेल शुरू हुआ तो फिर कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस प्रतियोगिता की पहली जीत अमेरिका के हैंस मोके नीमन ने हासिल की, जिन्होंने स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव हो हराया। जर्मन खिलाड़ी विन्सेंट कीमर दिन के दूसरे विजेता रहे। उन्होंने नीदरलैंड के स्टार खिलाड़ी अनीश गिरी को पराजित किया।

- गुकेश ने सिंदारोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में खेला ड्रॉ

### चिदंबरम ने ब्लूबाउम के खिलाफ ड्रॉ के साथ की शुरुआत

इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी अरविंद चिदंबरम ने भी जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम के खिलाफ ड्रॉ के साथ शुरुआत की। अन्य मुकाबलों में तुर्की के यागिज़ कान एर्दोगमस ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोएव के साथ जबकि नीदरलैंड के जॉर्डन वान फॉरेस्ट ने चेक गणराज्य के थाई दाई वान गुयेन के साथ ड्रॉ खेला।

### बढ़त पर एरिगैसी, कीमर और नीमन

पहले दौर के बाद एरिगैसी, कीमर और नीमन एक-एक अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं, जबकि गुकेश और सात अन्य खिलाड़ी उनसे आधा अंक पीछे हैं। अपने मित्र प्रज्ञाननंदा के खिलाफ एरिगैसी ने शुरू से ही अच्छा प्रदर्शन किया। प्रज्ञाननंदा ने शुरू में ही एक गलती कर दी, जिससे उनका राजा बीच में फंस गया, जिसका एरिगैसी ने पूरा फायदा उठाया और केवल 32 चाल में मुकाबला जीत लिया। गुकेश भी जीत के करीब पहुंच गए थे लेकिन सफेद मोहरों से खेल रहे सिंदारोव के खिलाफ अपनी मजबूत स्थिति को जीत में तब्दील नहीं कर सके।

## इथियोपियाई धावकों का दबदबा अबाते और येशी ने जीता खिताब



**मुंबई।** मुंबई मैराथन में एक बार फिर इथियोपियाई धावकों का दबदबा देखने को मिला, जिसमें ताडु अबाते देमे और येशी कलायू चेकोले ने क्रमशः पुरुष और महिला एलीट वर्ग के खिताब अपने नाम किए। अबाते ने पुरुष एलीट वर्ग में दो घंटे नौ मिनट 55 सेकंड का समय लेकर जीत दर्ज की, जबकि उनकी हमवतन येशी ने 2:25:13 के समय के साथ खिताब जीता। मुंबई मैराथन में 21 चरणों में यह सातवीं बार है जब इथियोपियाई धावकों ने पुरुष और महिला दोनों खिताब एक साथ जीते हैं। पुरुष एलीट रेस में कीनिया के लियोनार्ड किपरोतिच लंगाट (2:10:10) दूसरे और इरिट्रिया के मेरहावी केसेटे वेल्डेमारियम (2:10:22) तीसरे स्थान पर रहे। महिला एलीट रेस में इथियोपियाई धावकों ने क्लीन स्वीप किया। किडसान अलेमा गेब्रेमेधिन (2:27:35) दूसरे और गोज्जाम त्सेगाये एनीयू (2:28:27) तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुष और महिला एलीट वर्ग के शीर्ष तीन धावकों को क्रमशः 50000 अमेरिकी डॉलर, 25000 अमेरिकी डॉलर और 15000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि दी गई। भारतीय पुरुष वर्ग में कार्तिक करकेरा ने 2:19:55 के समय के साथ जीत दर्ज की।

# इंडिया ओपन चैंपियनः लिन चुन यी और आन से यंग ने जीता खिताब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चीनी ताइपे के लिन चुन यी ने रविवार 950,000 अमेरिकी डॉलर इनामी इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल में अपना पहला सुपर 750 खिताब जीता, जबकि दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग ने महिला एकल का खिताब जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। वर्तमान में विश्व में 12वीं रैंकिंग पर काबिज 26 वर्षीय लिन ने पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 में शुरुआती दौर में बाहर होने के बाद शानदार वापसी करते हुए फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी को 21-10, 21-18 से हराकर पुरुष एकल का खिताब अपने नाम किया।



### आन से यंग का दबदबा कायम

महिला एकल में शीर्ष वरीयता प्राप्त और मौजूदा चैंपियन आन से यंग ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखते हुए चीन की विश्व में नंबर दो खिलाड़ी वांग झियी को 21-13, 21-11 से हराकर सत्र का अपना दूसरा खिताब जीता। युगल स्पर्धा में लियू शेंगशु और टैन निंग की चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला जोड़ी ने 58 मिनट तक चले महिला युगल फाइनल में जापान की पांचवीं वरीयता प्राप्त युकी फुकुशिमा और सायका मात्सुमोतो पर 21-11, 21-18 से जीत हासिल करके खिताब अपने नाम किया।

## डब्ल्यूपीएल : आज शाम 7.30 बजे से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात जायंट्स में भिड़ंत

# जीत का सिलसिला जारी रखने मैदान में उतरेगी आरसीबी

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

अब तक अपने चारों मैच जीत कर उत्साह से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम गुजरात जायंट्स के खिलाफ सोमवार को होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में अपना विजय अभियान जारी रखने के लिए मैदान पर उतरेगी।कप्तान स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम ने अभी तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और उसकी टीम को हराना आसान नहीं होगा। दूसरी तरफ गुजरात जायंट्स ने पहले दो मैच जीत कर इस सत्र की अच्छी शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद वह अगले दो मैच में हार गई और अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गई।



स्मृति ने की फॉर्म में वापसी

आरसीबी के लिए सबसे अच्छी बात यह है कि कप्तान मंधाना ने फॉर्म में वापसी की है। उन्होंने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आठ विकेट से मिली शानदार जीत में 96 रन की मैच विजेता पारी खेली। सलामी बल्लेबाज ग्रेस हैरिस ने भी अच्छी शुरुआत की है लेकिन वह उन्हें बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहीं हैं। पिछले मैच में जॉर्जिया वोल ने भी नाबाद 54 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया। आरसीबी के पास ऋचा घोष, नादिन डी क्लर्क, गौतमी नायक और राधा यादव जैसी आक्रामक बल्लेबाज भी हैं, जिससे बल्लेबाजी उसका सबसे मजबूत पक्ष बन गया है।

### आरसीबी की गेंदबाजी इकाई मजबूत

आरसीबी की गेंदबाजी इकाई भी काफी मजबूत है, जिसमें लॉरेन बेल और सायली सतघरे जैसी गेंदबाज शुरुआती ओवरों में जिम्मेदारी संभालती हैं जबकि श्रेयांका पाटिल, प्रेमा रावत और राधा यादव जैसे स्पिनरों ने भी अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। आरसीबी ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ पिछला मैच जीता था और इससे भी उसकी टीम को आत्मविश्वास मिलेगा।

### गुजरात जायंट्स को अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एशले गार्डनर की अगुवाई वाली गुजरात जायंट्स की टीम में बेथ मूनी, सोफी डिवाइन, कनिका आहूजा, गार्डनर, जॉर्जिया वेयरहम और भारती फुलमाली जैसी अच्छी बल्लेबाज शामिल हैं, लेकिन इन सभी को मिलकर अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। गुजरात जायंट्स की गेंदबाजी की कमान रेणुका सिंह संभाल रही हैं, जो टूर्नामेंट में अब तक प्रभावित करने में विफल रही हैं। डिवाइन ने अभी तक बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उन्हें अन्य खिलाड़ियों से सहयोग की जरूरत है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




जयशंकर ने मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की

# अमेरिकी सांसद ने की जयशंकर से मुलाकात भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर बन सकती है बात

*विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी सांसद स्टीव डैनिस से नई दिल्ली में मुलाकात की, जहां भारत-अमेरिका संबंधों और रणनीति पर चर्चा हुई। इससे पहले अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भारत को अमेरिका का सबसे जरूरी साझेदार बताया और दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता को सक्रिय बताया*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर और अमेरिकी सांसद स्टीव डैनिस ने नई दिल्ली में रविवार को मुलाकात की है। जयशंकर ने मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार को लेकर जल्द ही कोई खुशखबरी मिलने की उम्मीद बढ़ रही है। एस जयशंकर ने बताया कि अमेरिकी सीनेटर के साथ भारत और अमेरिका के आपसी संबंधों और रणनीति को लेकर चर्चा हुई। अमेरिकी राजदूत का यह कहना कि भारत अमेरिका के लिए सबसे जरूरी साझेदार है और फिर अमेरिकी सांसद का भारतीय विदेश मंत्री से मिलना इस बात का संकेत दे रहा है कि दोनों देशों के बीच जारी व्यापार वार्ता तेजी से आगे बढ़ रहा है। एक्स पर तस्वीरों के साथ कैप्शन में एस जयशंकर ने लिखा, आज सुबह दिल्ली में सीनेटर स्टीव डैनिस से मिलकर खुशी हुई। हमारे आपसी रिश्ते और इसके रणनीतिक महत्व पर खुलकर बातचीत हुई।

■ अमेरिकी राजदूत ने पहले भी दिए थे संकेत

◆ बातचीत का मुद्दा व्यापार, महत्वपूर्ण खनिज परमाणु ऊर्जा और रक्षा क्षेत्रों में सहयोग रहा


स्टीव डैनिस और जयशंकर

## रुबियो से फोन पर बातचीत की थी

इससे पहले विदेश मंत्री ने अमेरिका के विदेश सचिव मार्को रुबियो से फोन पर बातचीत की थी। इस बातचीत का मुद्दा व्यापार, महत्वपूर्ण खनिज, परमाणु ऊर्जा और रक्षा क्षेत्रों में सहयोग था। इससे पहले अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने दोनों देशों के बीच ट्रेड वार्ता को लेकर कहा था कि दोनों पक्ष लगातार सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं।

## सर्जियो गोर ने भारत को बताया बड़ा साझेदार

अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भारत को यूएस का सबसे जरूरी साझेदार बताया और कहा था, भारत से ज्यादा जरूरी कोई पार्टनर नहीं है। आने वाले महीनों और सालों में, राजदूत के तौर पर मेरा लक्ष्य एक बहुत बड़ा एजेंडा पूरा करना है। हम यह काम सच्चे रणनीतिक साझेदार के तौर पर करेंगे, जिसमें हर कोई ताकत, सम्मान और नेतृत्व लाएगा।

राजदूत गोर का दौरा संपन्न

## कई दिग्गजों से की मुलाकात, दोनों देशों के बीच रिश्तों में होगा सुधार

*अमेरिका में भारत के राजदूत सर्जियो गोर ने अपने पहले मुंबई दौरे का अनुभव साझा किया है। गोर ने मुंबई दौरे पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा, रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी और टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन से मुलाकात की। मुंबई दौरा पूरा करने के बाद अमेरिकी राजदूत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मुंबई का बहुत सफल दौरा खत्म! सीएम देवेंद्र फडणवीस, आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, टाटा कंपनी के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन, भारत के फार्मा सेक्टर के एग्जीक्यूटिव और धार्मिक नेताओं के साथ शानदार मीटिंग हुई।*

### सीएम द्वारा स्मृति चिन्ह भी सौंपा गया

महाराष्ट्र सीएम के साथ मुलाकात की तस्वीरें साझा कर अमेरिकी राजदूत ने लिखा कि आज मेरी महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस के साथ एक शानदार मीटिंग हुई। हमने व्यापार और निवेश, एंटरटेनमेंट, तकनीक, मैन्युफैक्चरिंग, ऊर्जा और स्वास्थ्य जैसे खास क्षेत्रों में अमेरिका और महाराष्ट्र के बीच द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती पर चर्चा हुई।


चिन्ह भेंट करते फडणवीस

